CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

ईद उल अज़हा की दिली मुबारकबाद

# शाह टाइम्स

देहरादून, शनिवार 7 जून 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 305 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 10 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

ईद-उल-अज़हा के मौके पर सभी देशवासियों को



दिली मुबारकबाद

- सम्पादक

**अवकाश सूचना**

ईद-उल-अजहा के मौके पर 7 जून को दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 9 जून 2025 को प्रकाशित होगा।


-प्रबंधक

# घर व कार ऋण होगा सस्ता@रेपो दर में कटौती

मुंबई, वार्ता

**भारतीय रिजर्व** बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आगे महंगाई में नरमी आने को ध्यान में रखते हुए विकास को गति देने के उद्देश्य से नीतिगत दरों विशेषकर रेपो दर में लगातार तीसरी बार 0.50 प्रतिशत की कटौती करने का शुक्रवार को निर्णय लिया। जिससे आवास ऋण, वाहन ऋण और अन्य तरह के लोन सस्ते होंगे।

आरबीआई फरवरी 2025 से लेकर अब तक रेपो दर में एक फीसदी की कटौती कर चुका है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एमपीसी की 55वीं और चालू वित्त वर्ष में एमपीसी की दूसरी तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले दो बार 0.25 प्रतिशत और 0.25 प्रतिशत की रेपो दर में कमी की गई थी और अब इसमें 0.50 प्रतिशत की कटौती की जा रही है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि तंत्र में तरलता बढ़ाने के उद्देश्य से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में चरणबद्ध तरीके से एक फीसदी की कमी की जा रही है, जिससे तंत्र में 2.50 लाख करोड़ रुपये की तरलता बढ़ेगी। इस -शेष पृष्ठ दो पर



- दरों में लगातार तीसरी बार कटौती का ऐलान
- जून पॉलिसी में 50 BPS की कटौती की घोषणा
- रेपो रेट 6 से घटकर 5.5 फीसदी पर आया

## सीआरआर में एक प्रतिशत की कटौती

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आगे महंगाई में नरमी आने को ध्यान में रखते हुए विकास को गति देने के उद्देश्य से नीतिगत दरों विशेषकर रेपो दर में लगातार तीसरी बार 0.50 प्रतिशत की कटौती करने का शुक्रवार को निर्णय लिया। जिससे आवास ऋण, वाहन ऋण और अन्य तरह के लोन सस्ते होंगे।

आरबीआई फरवरी 2025 से लेकर अब तक रेपो दर में एक फीसदी की कटौती कर चुका है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एमपीसी की 55वीं और चालू वित्त वर्ष में एमपीसी की दूसरी तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले दो बार 0.25 प्रतिशत और 0.25 प्रतिशत की रेपो दर में कमी की गई थी और अब इसमें 0.50 प्रतिशत की कटौती की जा रही है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि तंत्र में तरलता बढ़ाने के उद्देश्य से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में चरणबद्ध तरीके से एक फीसदी की कमी की जा रही है, जिससे तंत्र में 2.50 लाख करोड़ रुपये की तरलता बढ़ेगी।

**बैंकिंग प्रणाली में आएंगे 2.5 लाख करोड़**

# नीट-पीजी परीक्षा तीन अगस्त को एक ही पाली में

**नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट** ने 'नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन' (एनबीई) को मेडिकल के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 15 जून को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) 2025, तीन अगस्त को एक ही पाली में आयोजित करने की शुक्रवार को अनुमति दी।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति आगस्टीन जॉर्ज की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने एनबीई की याचिका पर यह आदेश पारित किया। अदालत ने इस संस्था की दलीलें विस्तार पूर्वक सुनने के बाद परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने की उसकी अर्जी स्वीकार कर ली। इससे पहले 30 मई को न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने अदिति और अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था एनबीई को 15 जून को पूर्व निर्धारित दो की बजाय एक ही पाली में परीक्षा आयोजित कराने का निर्देश दिया था।

**सुप्रीम कोर्ट ने संस्था की दलीलें सुनने के बाद अर्जी स्वीकारी**



### ब्रिक्स देश 'जीरो टॉलरेंस' की आतंकी नीति पर सहमत, भारत को सौंपी अध्यक्षता

**नई दिल्ली/ ब्राजीलिया।** ब्रिक्स देशों ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद के विरुद्ध 'ज़ीरो टॉलरेंस' की नीति पर सहमति जताई है। ब्राजील की राजधानी ब्राज़ीलिया में आयोजित 11वें ब्रिक्स संसदीय फोरम के वार्षिक सम्मेलन में भारत सहित 10 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। ब्रिक्स संसदीय फोरम का 12वां सम्मेलन भारत में होगा इसलिए सम्मेलन के अंतिम दिन श्री बिरला को अध्यक्षता सौंपी गई है।

### जी-7 की बैठक में भाग लेने कनाडा जाएंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने कनाडा के कनानास्किस में होने वाली जी - 7 के शिखर सम्मेलन बैठक में भाग लेंगे। श्री मोदी ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क जे कार्ने ने फोन किया और उन्हें जी-7 की बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। श्री मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री मार्क जे. कार्ने का फोन आने से प्रसन्न हूं। मैंने उन्हें हाल के चुनावों में मिली विजय के लिए बधाई दी।

# पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा: हमने पाक पर कयामत बरसा दी

श्रीनगर, वार्ता

**पीएम मोदी ने** शुक्रवार को पहलगाम हमले के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर का दौरा किया। उन्होंने यहां के रियासी जिले में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज का तिरंगा दिखाकर उद्घाटन किया।

इसके बाद अंजी ब्रिज और कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन कटरा-श्रीनगर वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई। मोदी ने कटरा में 42 मिनट का भाषण दिया। इसमें आतंकवाद, पाकिस्तान और कश्मीर के टूरिज्म का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि दुर्भाग्य से हमारे पड़ोस का देश, मानवता का विरोधी, मेलजोल का विरोधी है। वह ऐसा देश है, जो गरीब की रोजी-रोटी का भी विरोधी है। 22 अप्रैल को पहलगाम में जो हुआ, वह इसी का उदाहरण है। पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया। हमने 6 मई को उस पर कयामत बरसा दी। चिनाब आर्च ब्रिज रियासी जिले में बक्कल और कौड़ी के बीच बना है। इसे 2003 में मंजूरी मिली थी। शुरुआती प्लान के मुताबिक इसे 2009 तक तैयार हो जाना था, लेकिन इसे पूरा होने में 22 साल लग गए। यह सवा किमी से ज्यादा लंबा है और नदी से ऊंचाई 359 मीटर है। यह पेरिस के एफिल टावर (330 मीटर) से 29 मीटर ऊंचा है। लागत 1486 करोड़ रुपये हैं। पीएम मोदी ने अंजी खड्ड पर बना भारत का पहला केबल स्टे रेल ब्रिज का भी उद्घाटन किया। यह पुल नदी तल से 331 मीटर की ऊंचाई पर बना है। 1086 फीट ऊंचा एक टावर इसे सहारा देने के लिए बनाया गया है, जो करीब 77 मंजिला बिल्डिंग जितना ऊंचा है। यह ब्रिज अंजी नदी पर बना है, जो रियासी जिले के कटरा को बनिहाल से जोड़ता है। चिनाब ब्रिज से इसकी दूरी महज 7 किमी है। इस पुल की लंबाई 725.5 मीटर है। इसमें से 472.25 मीटर का हिस्सा केबल्स पर टिका हुआ है। पीएम मोदी सबसे आखिर में कटरा पहुंचे। यहां के रेलवे स्टेशन पर उन्होंने कश्मीर को जोड़ने वाली कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। नार्दर्न रेलवे 7 जून से कटरा-श्रीनगर रूट पर वंदे भारत ट्रेन सर्विस शुरू कर देगी। आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर टिकट बुकिंग की जा सकेगी। हफ्ते में 6 दिन दो ट्रेनें कटरा और श्रीनगर के बीच चलेंगी। नॉर्दर्न रेलवे ने बताया कि ट्रेन में दो ट्रैवल क्लास हैं। चेयरकार का किराया 715 रुपये और एक्जीक्यूटिव क्लास का किराया 1320 रुपये है। अभी ट्रेनें सिर्फ बनिहाल में रुकेंगी, अन्य स्टॉपेज पर फैसला बाद में होगा। आजादी के 77 साल बाद भी कश्मीर बर्फबारी के सीजन में देश के दूसरे हिस्सों से कट जाता है।



- पीएम ने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज का किया उद्घाटन
- अंजी ब्रिज और कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन कटरा-श्रीनगर वंदे भारत को हरी झंडी भी दिखाई

# मोदी ही जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य बनाएंगे: उमर अब्दुल्ला

श्रीनगर, वार्ता

**कहा: जो अंग्रेज नहीं कर पाए, प्रधानमंत्री ने कर दिखाया, कश्मीर बाकी देश से जुड़ा**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने शुक्रवार को कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई। इस कार्यक्रम के दौरान जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मुझे विश्वास है कि जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों फिर से जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलेगा।

रेल प्रोजेक्ट के बारे में उन्होंने कहा कि मोदी साहब इस रेल के ख्वाब बहुत लोगों ने देखे। कश्मीर को बाकी मुल्क के साथ जोड़ने का ख्वाब अंग्रेजों ने भी देखा था, लेकिन वो पूरा नहीं कर पाए। आज जो काम अंग्रेज पूरा नहीं कर पाए, आपके हाथों पूरा हुआ। कश्मीर देश के बाकी हिस्सों से जुड़ गया। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मुझे जम्मू-कश्मीर में कई रेलवे परियोजनाओं में प्रधानमंत्री के साथ जुड़ने का सौभाग्य मिला है। सबसे पहले, जब अनंतनाग रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया गया था। दूसरा, जब बनिहाल रेलवे सुरंग का उद्घाटन किया गया था। 2014 में जब कटरा रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया गया था, तब भी यही चार लोग (पीएम मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह) यहां मौजूद थे। आप पहली बार पीएम बने थे और यहां आए थे। उस समय हमारे गवर्नर साहब रेल राज्य मंत्री हुआ करते थे। माता की कृपा से उनका प्रमोशन हुआ और मेरा डिमोशन हुआ। मैं राज्य का मुख्यमंत्री था, अब केंद्र शासित प्रदेश का मुख्यमंत्री हूं। लेकिन मैं मानता हूं कि ज्यादा समय नहीं लगेगा। आप (पीएम मोदी) ही के हाथों से जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान उमर अब्दुल्ला ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को भी याद किया। उन्होंने कहा कि अगर मैं वाजपेयी साहब को इस मौके पर शुक्रिया नहीं करूं, तो यह बड़ी भूल होगी। इस प्रोजेक्ट की बुनियाद 1983-84 में उन्हीं ने रखी थी। उमर ने बताया कि मैंने पिछले दिनों मीडिया को हंसते हुए कहा था कि जब ये प्रोजेक्ट शुरू हुआ मैं 8वीं क्लास का बच्चा था। आज मेरी उम्र 55 हो चुकी है, मेरे बच्चे भी कॉलेज पास कर चुके हैं। अब जाकर ये प्रोजेक्ट पूरा हुआ। यह तब हुआ जब वाजपेयी साहब ने प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय महत्व का दर्जा दिया। बजट में इसका प्रावधान दिया।



### बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का मास्टरमाइंड कनाडा में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पंजाब के जालंधर जिले के नकोदर निवासी जीशान अख्तर उर्फ जस्सी पुरेवाल, जो बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का मुख्य आरोपी बताया जा रहा है, को कनाडा के सरे शहर में गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह गिरफ्तारी भारतीय जांच एजेंसियों की सूचना के आधार पर हुई है या कनाडाई पुलिस ने स्वतंत्र रूप से यह कार्रवाई की है, लेकिन इतना तय है कि जीशान इस समय कनाडा पुलिस की हिरासत में है और इस गिरफ्तारी को केस में बड़ी सफलता माना जा रहा है। जीशान पर बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश रचने और घटना के पीछे मुख्य भूमिका निभाने का आरोप है। भारतीय एजेंसियां लंबे समय से उसकी तलाश में थीं।

RADIO SD 90.8 FM
...आपके दिल की बात
2 National Awards & Golden Mikes Awarded
only Community Radio Station of India
रेडियो पर विज्ञापन के लिए संपर्क करे
8937095000/20
WE ARE HIRING
MARKETING EXECUTIVES
&
INTERNS FOR RADIO
Follow us on radiosd908fm
MANDI SAMITI ROAD, MUZAFFARNAGAR- 251001
CONTACT - 8937095000/20

# समलैंगिक जोड़े फैमिली बना सकते हैं: हाईकोर्ट

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने दो महिलाओं को परिवार की तरह साथ रहने की अनुमति दी है। कोर्ट ने कहा कि शादी परिवार बनाने का एकमात्र तरीका नहीं है, समलैंगिक जोड़े फैमिली बना सकते हैं। जस्टिस जीआर स्वामीनाथन और जस्टिस वी. लक्ष्मीनारायणन की बेंच एक महिला की रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी। महिला का कहना था कि उसकी पार्टनर को परिवार वालों ने जबरन घर में कैद कर दिया है और उससे मिलने नहीं दिया जा रहा।

कोर्ट ने कहा कि ऐसा लगता है कि महिला को जबरन उसके घर ले जाया गया और पीटा गया। उसने हमें बताया कि उसके परिवार के सदस्यों ने कुछ खास रस्में करने के लिए मजबूर किया ताकि वह सामान्य हो जाए। 17 अक्टूबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने सेम सेक्स मैरिज को कानूनी मान्यता देने से मना कर दिया था। 5 जजों की संविधान पीठ ने कहा था कि कोर्ट स्पेशल मैरिज एक्ट में बदलाव नहीं कर सकता। कोर्ट सिर्फ कानून की व्याख्या कर उसे लागू करा सकता है। पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि स्पेशल मैरिज एक्ट के प्रावधानों में बदलाव की जरूरत है या नहीं, यह तय करना संसद का काम है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ इस साल 13 पुनर्विचार याचिकाएं दाखिल की गईं थीं। कोर्ट ने इन याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

**कहा: शादी परिवार बनाने का एकमात्र तरीका नहीं, महिला को पार्टनर के साथ रहने की परमिशन**



### मासूम के साथ हैवानियत करने वाला दरिंदा ढेर

**लखनऊ।** उप्र की राजधानी लखनऊ के आलमबाग क्षेत्र में ढाई साल की मासूम के साथ बलात्कार के आरोपी दीपक को पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर एक संक्षिप्त मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस उपायुक्त मध्य आशीष श्रीवास्तव ने शुक्रवार को बताया कि ऐशबाग क्षेत्र के निवासी दीपक वर्मा ने चार और पांच जून की रात एक मासूम के साथ दरिंदगी की थी जब वह अपने माता-पिता के साथ आलमबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे सो रही थी कि आरोपी सफेद रंग की स्कूटी से आया और चुपचाप मासूम को उठाकर ले गया। उसने मेट्रो स्टेशन के पास ही दुष्कर्म किया और बालिका को लहूलुहान हालत में छोड़ कर भाग निकला था।

# जेटली को बताकर जेनेवा गया था: माल्या

**नई दिल्ली।** भगोड़े कारोबारी विजय माल्या ने दावा किया कि देश छोड़ने से पहले वो तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली से मिले और उनसे कहा कि वो एक बैठक के लिए जेनेवा जा रहे हैं और वापस आएंगे। लेकिन उनका पासपोर्ट निरस्त कर दिया गया, जिसके कारण वो वापस नहीं आ पाए।

माल्या ने खुद को चोर कहे जाने पर कहा कि मुझे भगोड़ा कह रहे हैं, लेकिन मैं भागा नहीं। मैं तय कार्यक्रम के तहत विदेश गया और वापस नहीं आया, क्योंकि मेरे पास सही वजहें थीं। लेकिन मुझे चोर क्यों कहा जा रहा है? चोरी कहां हुई, वहीं, उन्होंने किंगफिशर एयरलाइंस की नाकामी पर पहली बार सार्वजनिक माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि मैं किंगफिशर एयरलाइंस की विफलता के लिए सभी से माफी मांगता हूं। माल्या ने यह बयान बिजनेसमैन राज शमानी के साथ पॉडकास्ट में दिए हैं, जो कि शुक्रवार को रिलीज किया गया है। ये पॉडकास्ट 4 घंटे लंबा है। कारोबारी और पूर्व सांसद विजय माल्या किंगफिशर एयरलाइंस से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के बीच 2016 में भारत से यूके भाग गए थे। 5 जनवरी 2019 में विजय माल्या को भगोड़ा घोषित किया गया। माल्या बोले मैं देश छोड़ने से पहले तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली से मिला था। मैंने जेटली से कहा कि मैं जेनेवा में, एफआईए वर्ल्ड काउंसिल मीटिंग के लिए जा रहा हूं, मैं वापस आऊंगा



**कहा: पासपोर्ट रद्द हुआ, तो लौट नहीं पाया, भगोड़ा नहीं हूं, निष्पक्ष जांच हो तो वापसी को तैयार**

अल्लामा इक़बाल यूनानी मैडिकल कॉलिज एण्ड ऐ०सी०ऐन० हॉस्पिटल, मुजफ्फरनगर
की ओर से सभी देशवासियों को ईद-उल-अज़हा की बहुत-बहुत मुबारकबाद



BUMS- 4½ वर्षीय कोर्स नीट क्वालिफाईड
M.D.- 3 वर्षीय कोर्स AIAPGET क्वालिफाईड
डा० मुश्ताक हुसैन (प्राचार्य) 9897632081
तस्लीम-उल-हक़ (मैनेजिंग डायरेक्टर) 9837132196

समस्त प्रदेशवासियों को दशहरा गंगा स्नान व ईद-उल-अज़हा की हार्दिक शुभकामनाएं
सिंघल इस्पात
एंगल, पत्ती, सरिया, पाईप, चादर आदि के थोक विक्रेता




अमित संगल


नितिन संगल

निकट टाटा धर्मकांटा, मेरठ रोड, वहलना चौक, मुजफ्फरनगर

## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेल का सपना पूरा: एम वेंकैया

**नई दिल्ली।** पूर्व उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में श्री माता वैष्णो देवी कटरा और श्रीनगर के बीच दो वंदे भारत रेलगाड़ी शुरू करने से कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेल संपर्क सपना पूरा हो गया है। नायडू ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि एक स्वागत योग्य घटनाक्रम में, पीएम नरेन्द्र मोदी ने श्री माता वैष्णो देवी कटरा और श्रीनगर के बीच दो वंदे भारत रेलगाड़ी शुरू की हैं, जो कश्मीर घाटी को देश के बाकी हिस्सों से हर मौसम में सतही संपर्क सुनिश्चित करती हैं। उन्होंने कहा कि मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से और लाखों देशवासियों के लिए यह कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेल संपर्क के बचपन के सपने के पूरा होने का प्रतीक है।

### ट्रेन संपर्क स्वागत योग्य : मीरवाइज

**श्रीनगर।** हुर्रियत के अध्यक्ष एवं कश्मीर के मुख्य मौलवी मीरवाइज उमर फारूक ने शुक्रवार को कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के शुभारंभ का स्वागत किया, लेकिन यह केवल ट्रेन संपर्क है जबकि मानव संपर्क इससे अधिक महत्वपूर्ण है। राजधानी श्रीनगर स्थित ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में आज आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मीरवाइज ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री वाकई दिलों की दूरी को कम करना चाहते हैं, जिसका जिक्र वे अक्सर अपने भाषणों में करते हैं, तो ऐसे मानवीय कदम ही असली रास्ता हैं। ट्रेन संपर्क का स्वागत है, लेकिन मानवीय संपर्क ही वास्तव में मायने रखते हैं और टिकते हैं। मीरवाइज ने सद्भावना के तौर पर ईद-उल-अजहा पर कैदियों को रिहा करने का आह्वान किया और कहा कि जम्मू कश्मीर में हजारों परिवारों के लिए ईद का त्योहार खुशी से ज्यादा दर्द लेकर आता है

### मणिपुर में आठ उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पुलिस और सुरक्षा बलों ने पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग अभियानों के दौरान एक उग्रवादी संगठन के अध्यक्ष समेत आठ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। मणिपुर पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि यूपीपीके (यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक) के तीन कार्यकर्ताओं (जिनमें संगठन का अध्यक्ष भी शामिल है) को इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल-पीएस के अंतर्गत घारी माखा लेइकाई इलाके से पकड़ा गया। यूपीपीके के अध्यक्ष की पहचान कोंथौजम होमेश्वर के रूप में हुई है। इस दौरान दो 45 एमएम पिस्तौल, एक एम-20 पिस्तौल, बंदूक के लाइसेंस बरामद किये गए।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट में 12 लाख केस पेंडिंग

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मुकदमो का अंबार लगा है। अगर सभी 87 जज बगैर छुट्टी लिए भी सुनवाई करें, तो सभी मुक. दमों को निपटाने में 38 साल लग जाएंगे। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह है जजों के खाली पड़े पद हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट में 160 जजों के स्वीकृत पदों के विपरीत केवल 87 जज ही काम कर रहे हैं। अब भी 73 पद खाली पड़े हैं, जिसका परिणाम है कि अभी तक 12 लाख मुकदमे पेंडिंग पड़े हैं। ऐसे में न्याय की आस लिए आने वाले आम आदमी की उम्मीदें कोर्ट की चौखट पर दम तोड़ रही हैं। मई में कुल 37,932 केस दायर हुए थे।

## अमेठी बनेगा यूपी का पहला डिजिटल अभिलेखागार जिला

**■ सभी रिकॉर्ड रहेंगे सुरक्षित: जिलाधिकारी**

अमेठी, वार्ता

**उत्तर** प्रदेश का अमेठी जल्द ही राज्य का पहला डिजिटल रिकॉर्ड अभिलेख वाला जिला बन जाएगा जहां जिले के सभी पुराने राजस्व अभिलेखों को स्कैन कर डिजिटल स्वरूप में संरक्षित किया जा रहा है।

अधिकृत सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि यूपी में राजस्व अभिलेख राजस्व अभिलेखागार में ही मिलते है। जब राजस्व अभिलेख पुराने हो जाते है, तो कागज धीरे धीरे मृत प्राय: हो जाते है। ऐसे में अभिलेख मिल पाना काफी मुश्किल हो जाता है। इन तमाम समस्याओं से निजात दिलाने के लिए जिला अधिकारी अमेठी संजय चौहान ने एक यूनिक तरीका अपनाया है। इसके लिए राजस्व अभिलेखों को डिजिटल कर उन्हे संरक्षित करने की दिशा में काम अमेठी में चल रहा है। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अब सभी अभिलेखों को स्कैन कर एक विशेष सॉफ्टवेयर पर अपलोड किया जाएगा। इससे न केवल रिकॉर्ड सुरक्षित रहेंगे, बल्कि जरूरत पड़ने पर इन्हें आसानी से खोजा जा सकेगा। डीएम ने एक ऐसे सॉफ्टवेयर की मदद लेने को कहा है जिससे कि संबंधित अभिलेख परिवर्तनों के अनुसार अपडेट भी होते रहे। यूपी का अमेठी डेढ़ दशक पूर्व 72वे जिले के रूप में अस्तित्व में आया था। जिले के पास अभी तक अपना अभिलेखागार भी नहीं बन पाया है जिसके चलते प्राचीन अभिलेखों के लिए जनपद वासियों को पड़ोसी जनपद सुलतानपुर जाना पड़ता है।

## अमेरिका मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ एक स्वतंत्र एवं संप्रभु देश की स्थापना ही फिलिस्तीन मुद्दे का स्थायी समाधान: अरशद मदनी**

**नई दिल्ली।** इज़राइल और हमास के बीच तत्काल, व्यापक और स्थायी युद्ध विराम, मानवीय सहायता की तुरंत पहुंचे और गाज़ा में मूल अधिकारों की बहाली के संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 15 में से 14 सदस्यों द्वारा गाज़ा में युद्ध-विराम और मानवी सहायता से संबंधित एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव के समर्थन में वोट देने के बावजूद अमेरिका के वीटो पावर प्रयोग करने के कारण सुरक्षा परिषद यह प्रस्ताव पारित करने में विफल रहा।

गाज़ा में फिलिस्तीनियों पर इज़राइल के क्रूर शासकों की लगातार बमबारी और अत्याचार के खिलाफ स्थायी युद्ध विराम के प्रस्ताव पर अमेरिका के वीटो पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अध्यक्ष जमीअत उलमा-ए-हिंद मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि 14 देशों ने यह अति उत्तम प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, परन्तु अमरीका ने इसका साथ नहीं दिया। इसका स्पष्ट अर्थ यह है कि गाज़ा की तबाही व बरबादी में अमेरिका का हाथ है और फिलिस्तीन में अरबों के नरसंहार में वह नंबर एक भागीदार है, अथवा वह यह चाहता है कि गाज़ा को मानव मुक्त करके यहां यहूदियों को बसाया जाए, लेकिन अल्लाह ने चाहा, तो ऐसा कदापि नहीं होगा। जमीअत उलमा-ए-हिंद का शुरू ही से यह मानना है कि एक स्वतंत्र और संप्रभु देश की स्थापना ही फिलिस्तीन मुद्दे का स्थायी समाधान है। इन अकल्पनीय और खतरनाक परिस्थितियों में अमरीका और उसके राष्ट्रपति के क्रूर इज़राइल का अनु. चत समर्थन अत्यंत शर्मनाक एवं निंदनीय है। मौलाना मदनी ने गाज़ा के लड़ाकों के साहस और बहादुरी को सलाम पेश करते हुए कहा कि अमेरिका, इज़राइल और वह सभी देश जो हमास का पूर्ण उन्मूलन चाहते हैं आज भी बुरी तरह विफल हैं। इस परिदृश्य को बाकी रखने के लिए नि:संदेह गाज़ा के लगभग एक लाख शहीदों ने अपना खून दिया है। जमीअत उलमा-ए-हिंद फिलिस्तीन के स्वतंत्रता सेनानीयों को अपनी हार्दिक संवेदना का आश्वासन दिलाती है और उनकी आज़ादी की मांग का पूरा समर्थन करती है। दुआ है कि अल्लाह तआला फिलिस्तीनियों के साहस और उनकी हिम्मत को बुलंद रखते हुए उनकी मदद फरमाए, ज़ालिम ताक़तों और उनके समर्थकों को नष्ट और बर्बाद करे, आमीन।

## देश में असली जनगणना नहीं कराएगी सरकार: राहुल



**राजगीर ( नालंदा )।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्तमान सांसद राहुल गांधी ने दलित, पिछड़ा, अतिपिछड़ा एवं अल्पसंख्यकों को सावधान करते हुए आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र की राजग सरकार देश में असली जाति जनगणना नहीं कराएगी। श्री गांधी ने शुक्रवार को यहां 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार देश में असली जाति जनगणना नहीं कराएगी क्योंकि जिस दिन उन्होंने ऐसा किया उसी दिन उनकी राजनीति समाप्त हो जाएगी। उन्होंने जाति जनगणना के दो मॉडलों को उल्लेख करते हुए कहा कि एक मॉडल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का और दूसरा मॉडल तेलंगाना का है। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा के जाति जनगणना मॉडल के तहत अधिकारी बंद कमरे में बैठकर सवाल तैयार कर रहे हैं लेकिन सवाल तैयार करने वालों में दलित, पिछड़ा, अतिपिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज का एक भी व्यक्ति शामिल नहीं है। वहीं, तेलंगाना में जाति जनगणना कराने के लिए जिन लोगों ने सवाल बनाए उनमें दलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक संगठन, उनके नेता, पत्रकार और बुद्धिजीवियों को शामिल किया गया था।

### योगी ने सूरजकुंड कॉलोनी में बने कल्याण मंडपम का लोकार्पण किया

## आमजन की सुविधाओं को सरकार प्रयासरत

गोरखपुर, वार्ता



**■ अच्छी व्यवस्था को सभी को करनी होगी पहल**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा किसी भी सभ्य समाज के लिए उसकी जरूरत के अनुरूप आवश्यक सुविधाएं और संसाधन जुटाना लोकप्रिय सरकार का दायित्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुविधाओं और संसाधनों की व्यवस्था होना समस्या समाधान का भी मंच बनता है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि आज के समय में समाज के अलग-अलग तबके के लिए उनकी आय के अनुरूप बेहतरीन सुविधाएं और व्यवस्थाएं देकर उनका जीवन आसान बना सकें।

योगी शुक्रवार को सूरजकुंड कॉलोनी में बने शहर के दूसरे कल्याण मंडपम का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। यह कल्याण मंडपम नगर निगम की तरफ से 4-52 करोड़ रुपये की लागत से 35500 वर्गफीट क्षेत्र में बनाया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर नगर निगम प्रदेश का पहला नगर निगम है जिसने निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोगों के मांग. लिक कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए कल्याण मंडपम बनाने की पहल की। 11 से 25 हजार रुपये में यदि मांगलिक कार्य के लिए कल्याण मंडपम जैसा स्थल मिल जाए तो समारोह काफी आसानी, अच्छे और सस्ते में हो सकता है। इसके अलावा नगर निगम की तरफ से पांच और कल्याण मंडपम निर्माणाधीन हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने विधायक निधि का पूरा पैसा कल्याण मंडपम के लिए दे दिया है। गोरखपुर नगर निगम जैसी संस्थाएं अन्य निकायों के लिए मानक बन सकती हैं। योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने स्मार्ट सिटी का जो विजन दिया है, उसे सेफ सिटी में भी बदलना है। हमें ऐसा शहर बनाना है जहां बेटी, व्यापारी, बच्चे, संभ्रांत समेत समाज का हर व्यक्ति खुद को सुरक्षित महसूस कर सके, ताकि सुरक्षा में सेंध लगाने की हिम्मत करने वाले जान लें कि उन्हें इसकी क्या कीमत चुकानी पड़ेगी। सीएम ने नागरिकों को स्वच्छता और और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी अच्छी व्यवस्था के लिए पहल करनी पड़ती है और यह सामूहिक जिम्मेदारी होती है। इस अवसर पर सीएम ने पार्षदों से अपील की कि वे अपने वार्डों में मोहल्ला समितियां गठित कराएं। सफाई की निगरानी इस समिति के जिम्मे हो और साथ ही समितियों को पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण से भी जोघ जाए। जलवायु परिवर्तन के कारण अत्यधिक बारिश, असमय बारिश और सूखा पड़ने के संकट की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे संकट पूरे क्षेत्र को चपेट में लेते हैं। मानव जनित समस्या के समाधान का मार्ग भी मानव को ही बनाना होगा। सीएम योगी ने कहा कि क्लाइमेट चेंज की भयावह स्थितियों से बचने के लिए प्रकृति की शरण में जाना होगा। उन्होंने पर्यावरण की समस्या के समाधान के पीएम मोदी के आह्वान के अनुरूप एक पेड़ मां के नाम लगाने, नदियों के कैचमेंट एरिया में दोनों तरफ पौधरोपण करने का अनुरोध किया। आज गोड़धोइया को पुनर्जीवित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नदियों के दोनों तरफ पौधे लगाकर हम प्रकृति और पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर सकते हैं। इस वर्ष 35 करोड़ पौधरोपण के लिए 50 करोड़ नर्सरी तैयार है। सीएम ने घोषणा की कि 75 बेडेड वर्किंग वूमेन हॉस्टल अहिल्याबाई के नाम पर होगा।

### यूपी में 3235 नए लंबे व छोटे पुलों का होगा निर्माण, गांव तक बढ़ेगी कन्टेविटी

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार ने यूपी की सड़कों और पुलों को मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों, तहसीलों, कस्बों और गांवों में यातायात को बेहतर बनाने के लिए 3,235 नए लंबे और छोटे पुलों के निर्माण और मरम्मत की योजना बनाई है, जिसके लिए लगभग 28,346 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। लोक निर्माण विभाग ने इस योजना को साल 2025-26 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा है कि प्रदेश के किसी भी हिस्से में लोगों को आने-जाने में दिक्कत न हो। खासकर गांवों में जहां सड़कें और पुल टूटी हुई हालत में हैं, वहां फौरन काम शुरू किया जाए। लोक निर्माण विभाग ने बताया कि 60 मीटर से ज्यादा लंबाई वाले पुलों का निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड करेगा। वहीं, 6 मीटर से 60 मीटर तक की लंबाई वाले छोटे पुलों का जिम्मा लोक निर्माण विभाग ने अपने हाथों में लिया है। इस योजना में नाबार्ड, राज्य योजना (ग्रामीण) और राज्य योजना (शहरी) जैसी तीन प्रमुख योजनाएं शामिल की गई हैं। इनके जरिए न केवल नए पुल बनाए जाएंगे, बल्कि पुराने और कमजोर पुलों की मरम्मत और चौड़ीकरण का भी काम होगा। उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में पुराने पुल बरसात में बह जाते हैं या टूट जाते हैं। इस वजह से लोगों को काफी दिक्कतें होती हैं। अब सरकार ने ऐसे पुलों को स्थायी रूप से मजबूत बनाने का फैसला लिया है। बाढ़ प्रभावित इलाकों की दिक्कतों को देखते हुए उन इलाकों में भी नए पुल बनाए जाएंगे, ताकि गांवों और शहरों का संपर्क हर मौसम में बना रहे। खास बात यह है कि जिन इलाकों में लोग अस्थायी पुल बना लेते हैं, वहां अब पक्के और मजबूत पुल बनाए जाएंगे। इससे किसानों, व्यापारियों और आम लोगों को फायदा होगा।

## कोरोना मामलों की संख्या 5 हजार के पार

नई दिल्ली, वार्ता

**■ पिछले चौबीस घंटे में चार और मरीजों की मौत मृतक संख्या 55 हुई**

**देशभर** में कोराना संक्रमण के 464 सक्रिय मामले बढ़ने के साथ कुल सक्रिय मामलों की संख्या शुक्रवार सुबह बढ़कर 5364 तक पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से चार और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 55 पहुंच गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार आज सुबह आठ बजे तक देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 5364 पहुंच गई। अभी तक 4724 मरीजों को स्वस्थ्य होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 55 लोगों की मौत हुयी है। पिछले 24 घंटों में कोराना संक्रमण के कुल 1266 मामले सामने आये हैं। जिनमें सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। देश के नौ राज्यों में कोरोना सक्रिय मामलों सबसे अधिक है। जिनमें से केरल, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में भी मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इस अवधि के दौरान चार और मरीजों की जान चली गई। पिछले 24 घंटे में कोरोना के संक्रमण केरल में दो और कर्नाटक और पंजाब में एक-एक मरीज की मौत हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों से कोरोना प्रोटोकोल का पालन करने की अपील की है और कहा कि घबराने की आवश्यकता नहीं हैं। लोगों को भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचने और मास्क का इस्तेमाल करने को कहा गया है। स्थानीय प्रशासन को सभी तरह की स्वास्थ्य सेवा की तैयारी करने के निर्देश दिए गए। देश में कुल सक्रिय मामलों में सबसे अधिक 1679 केरल के हैं और दिल्ली में 592 दर्ज किये गए हैं। इसके अलावा गुजरात में 615, पश्चिम बंगाल में 596, महाराष्ट्र में 548, कर्नाटक में 451, तमिलनाडु में 221, उत्तर प्रदेश में 205, राजस्थान में 107, हरियाणा में 78, आंध्र प्रदेश में 62, पुद्दुचेरी और सिक्किम में 12-12, मध्य प्रदेश में 36, झारखंड में आठ, छत्तीसगढ में 24, बिहार में 37, ओडिशा में 23, जम्मू-कश्मीर में सात, पंजाब में 21, असम में 10, गोवा में आठ, सिक्किम में 12, तेलंगाना में पांच, उत्तराखंड में तीन, चंड़ीगढ़ में दो और हिमाचल प्रदेश एक सक्रिय मामले हैं। मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश में कोरोना संक्रमण को कोई मामला सामने नहीं आया है।

## अर्थ व्यापार

## रेपो दर में कटौती से बाजार ने भरी उड़ान

मुंबई, वार्ता



**भारतीय** रिजर्व बैंक के रेपो दर में अप्रत्याशित आधे प्रतिशत की कटौती करने से दर के प्रति संवे. दनशील रियल्टी, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और ऑटो समेत 19 समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार ने लंबी छलांग लगाई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 746.95 अंक अर्थात 0.92 प्रतिशत की तूफानी तेजी के साथ आठ कारोबारी सत्र के बाद 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,188. 99 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 252.15 अंक यानी 1.02 प्रतिशत उछलकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के ऊपर 25003. 05 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.91 प्रतिशत मजबूत होकर 46,096.51 अंक और स्मॉलकैप 0.43 प्रतिशत चढ़कर 53,440.26 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4156 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2278 में लिवाली जबकि 1744 में बिकवाली हुई वहीं 134 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2993 कंपनियों के शेयरों में से 1673 में तेजी जबकि 1229 में गिरावट रही वहीं 91 में टिकाव रहा। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की 55वीं और चालू वित्त वर्ष में एमपीसी की दूसरी तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में लिये गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले दो बार से रेपो दर में 0.25 प्रतिशत और 0.25 प्रतिशत की कमी की गई थी और अब इसमें 0.50 प्रतिशत की कटौती की जा रही है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगी। इससे बीएसई के 19 समूहों में जमकर लिवाली हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स आठ प्रतिशत फिसलकर 81,434.24 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,140.11 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 82,299.89 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

### विदेशी मुद्रा भंडार 691.5 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में भारी गिरावट आने से 30 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.2 अरब डॉलर लुढ़ककर 691.5 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6. 9 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 692.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़े के अनुसार, 30 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.95 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 584.2 अरब डॉलर पर आ गई। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 72.3 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 84.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

## खाद्य तेल समेत सभी जिंसो के भाव रहे स्थिर

नई दिल्ली, वार्ता



**■ चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस पर पड़े रहे**

विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा पांच रिंगिट बढ़कर 3909 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया।

इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0-50 सेंट की तेजी के साथ 47-15 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे।

इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : चना 5700-5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7500 -7600, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8600-8700 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज: गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3650-3750 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

खाद्य तेल : सरसों तेल 16484 रुपये, मूंगफली तेल 17912 रुपये, सूरजमुखी तेल 16116 रुपये, सोया रिफाइंड 14138 रुपये, पाम ऑयल 14286 रुपये और वनस्पति तेल 15751 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**घर व कार..** कटौती के बाद सीआरआर चार प्रतिशत से कम होकर तीन प्रतिशत रह जाएगी। मल्होत्रा ने कहा कि फरवरी 2025 से लगातार नीतिगत रेपो दर में 100 आधार अंकों की कटौती करने के बाद, मौद्रिक नीति समिति ने भी महसूस किया कि वर्तमान परिस्थितियों में, मौद्रिक नीति के पास अब विकास को समर्थन देने के लिए बहुत सीमित गुंजाइश बची है, इसलिए, समिति ने भी रुख को उदार से बदलकर तटस्थ करने का फैसला किया। अब से, समिति आने वाले आंकड़ों और उभरते परिदृश्य का सावधानीपूर्वक आकलन करेगी, ताकि सही विकास, मुद्रास्फीति संतुलन बनाने के लिए मौद्रिक नीति के भविष्य की दिशा तय की जा सके। उन्होंने कहा कि अप्रैल में एमपीसी की बैठक के बाद से वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के बारे में अनिश्चितता कुछ हद तक कम हुई है, क्योंकि अस्थायी टैरिफ राहत और व्यापार वार्ता के बारे में आशावाद है। हालांकि, यह भावनाओं को कमजोर करने और वैश्विक विकास की संभावनाओं को कम करने के लिए ऊंचा बना हुआ है। तदनुसार, बहुपक्षीय एजेंसियों द्वारा वैश्विक विकास और व्यापार अनुमानों को नीचे की ओर संशोधित किया गया है। हाल की अवधि में बाजार में उतार-चढ़ाव कम हुआ है, इक्विटी बाजारों में सुधार हुआ है, डॉलर इंडेक्स और कच्चे तेल में नरमी आई है, हालांकि सोने की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं। गवर्नर ने कहा कि आर्थिक गतिविधि 2025-26 में गति बनाए रखना जारी रखती है, जिसे निजी खपत और निश्चित पूंजी निर्माण में वृद्धि का समर्थन प्राप्त है। निरंतर ग्रामीण आर्थिक गतिविधि ग्रामीण मांग के लिए अच्छा संकेत है, जबकि सेवा क्षेत्र में निरंतर विस्तार से शहरी मांग में पुनरुद्धार का समर्थन मिलने की उम्मीद है। उच्च क्षमता उपयोग, वित्तीय और गैर-वित्तीय कॉरपोरेट्स की बैलेंस शीट में सुधार और सरकार के पूंजीगत व्यय को बढ़ावा देने के मद्देनजर निवेश गति. विधि में सुधार की उम्मीद है। व्यापार नीति अनिश्चितता माल निर्यात की संभावनाओं पर भारी पड़ रही है, जबकि ब्रिटेन के साथ एफटीए का समापन और अन्य देशों के साथ प्रगति व्यापार गति. विधि का समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि आपूर्ति पक्ष पर, सामान्य से बेहतर दक्षिण-पश्चिम मानसून के पूर्वानुमान और लचीली संबद्ध गतिविधियों के कारण कृषि की संभावनाएं उज्ज्वल बनी हुई हैं।

सेवा क्षेत्र से अपनी गति बनाए रखने की उम्मीद है। हालांकि, लंबे समय तक भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक व्यापार तथा मौसम संबंधी अनिश्चितताओं से उत्पन्न होने वाले प्रभाव विकास के लिए नकारात्मक जोखिम पैदा करते हैं। इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए, 2025-26 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जिसमें पहली तिमाही 6.5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही 6.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही 6-6 प्रतिशत और चौथी तिमाही 6-3 प्रतिशत होगी। श्री मल्होत्रा ने कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित प्रमुख मुद्रास्फीति ने मार्च और अप्रैल में अपनी गिरावट जारी रखी, जिसमें हेडलाइन सीपीआई मुद्रास्फीति अप्रैल 2025 में लगभग छह साल के निचले स्तर 3.2 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) पर आ गई। इसका मुख्य कारण खाद्य मुद्रास्फीति थी, जिसमें लगातार छठी मासिक गिरावट दर्ज की गई। ईंधन समूह ने अपस्फीति की स्थिति में उलटफेर देखा और मार्च और अप्रैल के दौरान सकारात्मक मुद्रास्फीति प्रिंट दर्ज किए, जो आंशिक रूप से एलपीजी की कीमतों में वृद्धि को दर्शाता है। सोने की कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद मार्च-अप्रैल के दौरान मुख्य मुद्रास्फीति काफी हद तक स्थिर और नियंत्रित रही। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति का दृष्टिकोण प्रमुख घटकों में नरमी की ओर इशारा करता है। रबी फसल के मौसम में रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन और प्रमुख दालों के अधिक उत्पादन से प्रमुख खाद्य वस्तुओं की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित होनी चाहिए। सामान्य से अधिक मानसून की संभावना और इसकी जल्दी शुरुआत खरीफ फसल की संभावनाओं के लिए शुभ संकेत है। इसे देखते हुए, मुद्रास्फीति की उम्मीदें नरमी का रुख दिखा रही हैं, खासकर ग्रामीण परिवारों के लिए। अधिकांश अनुमान कच्चे तेल सहित प्रमुख वस्तुओं की कीमतों में निरंतर नरमी की ओर इशारा करते हैं। इन अनुकूल पूर्वानुमानों के बावजूद, हमें मौसम संबंधी अनिश्चितताओं और वैश्विक कमोडिटी कीमतों पर उनके प्रभाव के साथ अभी भी विकसित हो रहे टैरिफ संबंधी चिंताओं पर सतर्क रहने की जरूरत है। सामान्य मानसून को मानते हुए और विभिन्न कारकों को ध्यान में रखते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए खुदरा मुद्रास्फीति अब 3.7 प्रतिशत अनुमानित है, जिसमें पहली तिमाही 2.9 प्रतिशत, दूसरी तिमाही 3.4 प्रतिशत, तीसरी तिमाही 3.9 प्रतिशत और चौथी तिमाही 4.4 प्रतिशत रहने की संभावना है।

## रेपो दर में कटौती से आर्थिक गति को मिलेगा बल: फिक्की

**नई दिल्ली। उद्योग** जगत ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में 0-50 प्रतिशत की अप्रत्याशित कटौती के फैसले को साहसिक कदम बताया और कहा कि इससे आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा।

वाणिज्य एवं उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (फिक्की) के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने आरबीआई के निर्णय का स्वागत किया और इसे साहसिक और सक्रिय कदम करार देते हुए कहा कि यह बाजार की अपेक्षाओं से कहीं अधिक है और इससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि आरबीआई आर्थिक वृद्धि को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री अग्रवाल ने कहा कि यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब भारतीय अर्थव्यवस्था व्यापार अनिश्चितताओं, वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों और वित्तीय बाजार में अस्थिरता जैसी कई चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि यह समय पर लिया गया कदम घरेलू मांग को मजबूत करेगा, ऋण उठाव को प्रोत्साहित करेगा और समग्र आर्थिक गति. विधियों को गति प्रदान करेगा। उन्होंने आरबीआई के 6.5 प्रतिशत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) विकास दर के अनुमान और सौम्य मुद्रास्फीति दृष्टिकोण को भी भारतीय अर्थव्यवस्था की लचीलापन का प्रमाण बताया। फिक्की अध्यक्ष ने यह भी कहा कि आरबीआई ने मुद्रास्फीति पर नियंत्रण और आर्थिक वृद्धि के बीच संतुलन साधने में सफल रही है, जो मौजूदा वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह नीति निर्णय वित्तीय प्रणाली में सहजता बढ़ाएगा और सभी क्षेत्रों विशेषकर एमएसएमई को राहत देगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# नैनीतालवासियों को धामी की सौगात

## मॉडल हिल स्टेशन के रूप में विकसित होगा नैनीताल: सीएम



■ करप्शन के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के संकल्प को दोहराया

### सीएम धामी ने भ्रष्टाचार पर एक बार फिर चेतावनी दी

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** थराली के एक कार्यक्रम में सीएम धामी ने करप्शन के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के अपने मजबूत इरादे को दोहराते हुए अधिकारियों कार्मिकों को सीधी चेतावनी देते हुए कहा कि हाल ही में थराली में निर्माणाधीन पुल बीच में ही गिर गया द्य यह सरासर बहुत बड़ी लापरवाही है द्य मैंने तत्काल इसका संज्ञान लिया द्य तुरंत तीनों इंजीनियरों को सस्पेंड कर दिया गया द्य इतना ही नहीं कोई भी अधिकारी या कर्मचारी लापरवाही बरतेगा अथवा काम में ढिलाई करेगा, जनता के प्रति अपने कर्तव्यों से विमुख होगा द्य उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी द्य जहां तीनों इंजीनियरों को सस्पेंड किया गया है, यह जनता का धन है, जो उनकी गाढ़ी खून पसीने की कमाई का पैसा है, जो राज्य के विकास के काम आता द्य हमने तय किया है कि निर्माणाधीन कार्य के दौरान जो पैसे की बर्बादी हुई है, उसकी भरपाई भी उसी ठेकेदार से की जाएगी जिसके पास निर्माणाधीन पुल का टेंडर था।



■ मुख्यमंत्री धामी पहुंचे नैनीताल, विकास योजनाओं की लगाई झड़ी ■ मानसखण्ड मंदिर माला योजना, मॉडल स्पोर्ट्स सेंटर, मेट्रो पार्किंग से लेकर नैनी झील तक कई घोषणाएं ■ सीएम धामी ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नैनीताल।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को नैनीताल पहुंचे। प्रवास के पहले दिन उनका कार्यक्रम विकास योजनाओं की सौगात और खिलाड़ियों के सम्मान से भरपूर रहा। मुख्यमंत्री ने मल्लीताल में मानसखण्ड मंदिर माला योजना के तहत 1101 करोड़ रुपये की लागत से चल रहे सौंदर्यीकरण और पुनर्विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया, जहां 12 नई दुकानों के निर्माण का उद्घाटन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने मंच से एक के बाद एक कई बड़ी घोषणाएं करते हुए कहा कि नैनीताल को एक मॉडल हिल स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री धामी ने डीएसए मैदान में बास्केटबॉल कोर्ट का शुभारंभ किया और खिलाड़ियों को खेल किट वितरित की। साथ ही जिले के पदक विजेता व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित खिलाड़ियों में लतिका भंडारी, भूमिका जंतवाल, नितेश बिष्ट, निर्मल बिष्ट, अंश बिष्ट, कनिष्क जोशी, सूर्या पटेल, भाग्रवी रावत, श्रद्धा जोशी, कोमल, न्वया पांडे, वैभव सिंह पडियार, एसडीएम नवाजिश खलीक सहित कई अन्य नाम शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने स्व. एन.के. आर्य स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया।

### सौंदर्यीकरण और बुनियादी ढांचे को लेकर की कई अहम घोषणाएं

**नैनीताल।** मां नैना देवी मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए 12 करोड़ रुपये स्वीकृत। आवश्यकता पड़ने पर राशि और बढ़ाई जाएगी। मानसखण्ड कॉरिडोर योजना के तहत मंदिरों के पुनर्विकास का कार्य तेजी से जारी। मल्लीताल क्षेत्र में 12 दुकानों का पुनर्निर्माण और सौंदर्यीकरण। नैनीताल में ऑटोमेटिक पार्किंग को दी गई मंजूरी। अशोक पार्किंग का होगा विस्तार। मेट्रो पार्किंग का निर्माण जल्द शुरू होगा, केंद्र सरकार से अनुमति प्राप्त। नैनीताल बस अड्डा परिसर का पुनर्विकास लाइटवेट स्ट्रक्चर के जरिए किया जाएगा, जिससे ट्रैफिक दबाव कम होगा। डीएसए मैदान को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण के लिए मॉडल स्पोर्ट्स सेंटर के रूप में विक. सित किया जाएगा। फ्लैट्स मैदान में हॉकी टर्फ और बॉक्सिंग रिंग बनाई जाएंगी। फ्लैट्स मैदान का उपयोग सिर्फ खेल व सांस्कृतिक आयोजनों के लिए होगा, व्यावसायिक गतिविधियों पर प्रतिबंध। धुनीघाट और रातीघाट पैदल मार्ग का सुधार किया जाएगा। शहीद संजय बिष्ट मोटर मार्ग (कैंची, हरतपा, हैलीमोटर मार्ग से तितोली तक) का उच्चीकरण होगा। राज्य मार्ग संख्या-71 के विभिन्न खंडों का सुदृढ़ीकरण। वलिया नाला व ठंडी सड़क पर भूस्खलन रोकथाम के कार्य जारी। नैनी झील की डिसिल्टिंग (कीचड़ सफाई) की जाएगी और रेलिंग बदली जाएगी। प्रमुख स्थलों का रोड सेफ्टी सर्वेक्षण होगा, वॉटर लेक्स कम करने की योजना पर काम। स्थानीय वेंडरों के लिए वेंडिंग जोन का निर्माण किया जाएगा।

कार्यक्रम में मौजूद रहे ये प्रमुख चेहरे

#### कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, मंत्री विधायक सरीता आर्य, फकीर राम आर्य, राम सिंह

कैड़ा, दीवन सिंह बिष्ट, मंडी परिषद अध्यक्ष डॉ. अनिल कूपर डूब्बू, दर्जा राज्य मंत्री दीपक मेहरा, दिनेश आर्य, सुरेश भट्ट, शंकर कोरंगा, अविद पडियार, दया पोखरिया, मोनज जोशी, मनोज साह, नितिन कार्की सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रशासनिक स्तर पर कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी वंदना सिंह, आईजी रिद्धिम अग्रवाल, एसएसपी पीएम मीणा, एडीएम विवेक राय, पीआर चौहान सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# यूसीसी: अब विवाह पंजीकरण कराएं नि:शुल्क




■ अब तक 1.90 लाख से अधिक हुए विवाह पंजीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जहां समान नागरिक संहिता (यूसीसी) 27 जनवरी 2025 से प्रभावी हो चुकी है। इसके तहत 26 मार्च 2010 के बाद हुए सभी विवाहों को यूसीसी के तहत पंजीकृत कराना अनिवार्य कर दिया गया है।

सरकार ने नागरिकों की सुविधा और भागीदारी को ध्यान में रखते हुए बड़ा फैसला लिया है। यदि कोई दंपत्ति अपनी शादी, जो 27 जनवरी 2025 से पहले हुई है, का पंजीकरण आगामी 26 जुलाई 2025 तक कराता है, तो पंजीकरण शुल्क नहीं लिया जाएगा। जबकि निर्धारित शुल्क 250 है, जिसे इस विशेष अवधि तक माफ कर दिया गया है।

### पहले से पंजीकृत विवाहों के लिए भी अनिवार्य सूचना

जो नागरिक पहले ही अपने विवाह को उत्तराखंड विवाहों का अनिवार्य पंजीकरण अधिनियम, 2010 या किसी व्यक्तिगत कानून के अंतर्गत पंजीकृत करा चुके हैं, उन्हें भी यह जानकारी यूसीसी पोर्टल पर देना अनिवार्य है। यह केवल सूचना देने की प्रक्रिया है, जिसके लिए कोई शुल्क देय नहीं होगा। इस सूचना को स्वीकृति पत्र (अभिस्वीकृति) के रूप में पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री की अपील: इस सुविधा का लाभ उठाएं

राज्य सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस शुल्क-मुक्त पंजीकरण सुविधा का अधिकतम लाभ उठाएं और निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने विवाहों का अनिवार्य पंजीकरण सुनिश्चित करें। इससे न केवल वैवाहिक दस्तावेजों की वैधता बढ़ेगी, बल्कि भविष्य में किसी भी कानूनी या सामाजिक विवाद से भी बचाव होगा।

### » पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन

सरकार ने विवाह पंजीकरण की पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से सुलभ कर दी है, जिससे अब नागरिकों को किसी कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे। राज्य सरकार के अनुसार, अब तक 1,90,000 से अधिक विवाहों का पंजीकरण सफलतापूर्वक ऑनलाइन माध्यम से किया जा चुका है।

# भगवान बदरीविशाल के दर्शन को पहुंचे केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी

■ श्री बदरीनाथ धाम यात्रा व्यवस्थाओं का लिया जायजा, सराहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** केंद्रीय लघु मध्यम उद्योग एवं उद्यमिता विकास मंत्री श्री जीतन राम मांझी आज शुक्रवार पूर्वाह्न बदरीनाथ धाम दर्शन को पँहुचे।

केंद्रीय मंत्री का हैलीपेड पर श्री बदरीनाथ - केदारनाथ मंदिर समिति ( बीकेटीसी) तथा जिला प्रशासन एवं तीर्थ पुरोहित समाज ने स्वागत किया इसके पश्चात केंद्रीय मंत्री पारिवारिक जनों के साथ श्री बदरीनाथ मंदिर में वेदपाठ कर पूजा अर्चना की और देश के खुशहाली की



कामना की। मंदिर में दर्शन के पश्चात बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने उन्हें भगवान बदरीविशाल का प्रसाद भेंट किया।

केंद्रीय मंत्री ने मुख्य कार्याधिकारी से श्री बदरीनाथ -केदारनाथ यात्रा व्यवस्थाओं के बावत जानकारी ली मुख्य कार्याधिकारी ने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि अभी तक 14 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने श्री बदरीनाथ एवं केदारनाथ धाम के दर्शन कर लिए है जिसमें से छ लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने श्री बदरीनाथ धाम के दर्शन किये है। तीर्थयात्रियों हेतु सरल सुगम दर्शन व्यवस्था की गयी है।

बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ने उत्तराखंड सरकार एवं मंदिर समिति द्वारा की गई यात्रा व्यवस्थाओं की सराहना की। इस अवसर मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल सहित बदरीनाथ धाम प्रभारी अधिकारी विपिन तिवारी, डिमरी पंचायत उपाध्यक्ष भास्कर डिमरी,धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, वेदपाठी रविन्द्र भट्ट, ईओ नगर पंचायत सुनील पुरोहित, थानाअध्यक्ष नवनीत भंडारी,अमित बंदोलिया,सहायक अभियंता गिरीश रावत, प्रशासनिक अधिकारी विवेक थपलियाल, राजेंद्र सेमवाल , भूपेंद्र रावत,केदार सिंह रावत, संजय तिवारी , सत्येंद्र चौहान वैभव उनियाल, योगंबर नेगी, अजीत भंडारी सहायक मीडिया प्रभारी विकास सनवाल दिनेश भट्ट ,अमित पंवार, हरीश जोशी मौजूद रहे।

# किसान से बड़ा वैज्ञानिक कोई और नहीं : शिवराज

■ केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत किसानों को संबोधित किया



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश भर से आये किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तराखंड देव भूमि है और इसके प्रताप से इसकी ओर सब खींचे चले आते हैं। उन्होंने कहा कि कृषि व किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री की असली भूमिका जमीनी स्तर पर उतरकर खेतों में जाकर किसानों से सीधा संवाद करके कृषि की उन्नति के लिए कार्य करना है।

देहरादून के कौलागढ़ में स्थित हिमालयन कल्चरल सेंटर में शुक्रवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। केन्द्रीय कृषि मंत्री, विकसित कृषि संकल्प अभियान के माध्यम से देश भर के किसानों के साथ संवाद कर रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को चौहान ने उत्तराखंड के किसानों को देहरादून में संबोधित किया। शिवराज ने कहा कि कृषि वैज्ञानिकों के लिए असली प्रयोगशाला खेत ही है, इसलिए हमने 'लैब टू लैंड' जोड़ने और 16 हजार वैज्ञानिकों की टीमों के साथ गांव-गांव जाकर 'विक. सित कृषि संकल्प अभियानश शुरू करने की परिकल्पना की। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि वैज्ञानिकों के साथ-साथ केंद्र और राज्य सरकार के कृषि विभाग का अमला, प्रगतिशील किसान सबकों साथ लेकर इस महाभियान की शुरुआत की गई है। इस अवसर पर सचिव कृषि डॉ सुरेंद्र नारायण पांडेय, महानिदेशक कृषि रणवीर सिंह चौहान, वीसी पंतनगर डॉ मनमोहन सिंह चौहान, भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद-भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान, डॉ त्रिवेणी दत्त निदेशक सहित कई वैज्ञानिक भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# भाजपा के राज में बहु बेटियां व बहनें सुरक्षित नहीं: कांग्रेस




■ कांग्रेस अब राज्य भर में भाजपाई दुराचारियों से बेटी बचाओ अभियान चलाएगी: धस्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** पिछले तीन वर्षों में भाजपा सरकार के राज में जिस तेजी से महिलाओं के खिलाफ हिंसा बलात्कार हत्या के मामले बड़े हैं महिला अपराधों के मामले में उत्तराखंड देश के हिमालई राज्यों में पहले पायदान पर आ गया है।

जिस प्रकार से महिलाओं के खिलाफ हिंसा बलात्कार व हत्या करने वालों को सत्ताधारी भाजपा का संरक्षण मिल रहा है कोई आश्चर्य नहीं उत्तराखंड देश में पहले पायदान पर जल्दी आ जाएगा यह बात आज उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन व प्रशासन सूर्यकांत धस्माना ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। धस्माना ने कहा कि एक के बाद एक प्रदेश के अलग अलग हिस्सों से महिलाओं के खिलाफ अपराध में जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों सरकार के दायित्वधारियों के नाम सामने आ रहे हैं उसके चलते अब कांग्रेस पार्टी प्रदेश भर में महिलाओं की सुरक्षा के लिए बाकायदा एक अभियान चलाएगी जिसका नाम होगा ष्भाजपाई दुराचारियों से बेटी बचाओ अभियानष स धस्माना ने कहा कि हरिद्वार में विगत चार जून को सामने आए भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष के कारनामे से भाजपा का चाल चरित्र चेहरा साफ साफ उजागर हो गया। पत्रकार वार्ता में जसविंदर सिंह गोगी, सरदार अमरजीत सिंह, डॉ. प्रतिमा सिंह, दिनेश कौशल उपस्थित रहे।

# पर्यटन सर्किट से जोड़ा जाएगा पैठाणी का राहु मंदिर: डॉ. रावत

■ पौड़ी सांसद अनिल बलूनी के साथ किए राहु मंदिर के दर्शन



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**पौड़ी/देहरादून।** राज्य के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत एवं गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने शुक्रवार को थलीसैंण विकासखंड के पैठाणी गांव स्थित विश्व प्रसिद्ध राहु मंदिर के दर्शन किये। यह मंदिर राहु देवता को समर्पित विश्व का एकमात्र मंदिर माना जाता है, जो धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। दोनों नेताओं ने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवा. सियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि पैठाणी स्थित यह राहु मंदिर न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि यह क्षेत्र के पर्यटन विकास की दृष्टि से भी अत्यंत संभावनाशील है। उन्होंने घोषणा की कि इस मंदिर को उत्तराखंड के पर्यटन सर्किट से जोड़ा जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को यहां आने में सुविधा होगी और पर्यअन के लिहाज से क्षेत्र का भी विकास हो सकेगा। डॉ. रावत ने जिलाधिकारी को इस संबंध में शीघ्र प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये, ताकि मंदिर क्षेत्र में आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जा सके। गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि राहु मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां देशभर से हजारों श्रद्धालु प्रतिवर्ष दर्शन के लिए आते हैं।

उन्होंने कहा कि मंदिर तक पहुँचने वाले मार्गों, विश्राम स्थलों एवं अन्य सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। सांसद बलूनी ने यह भी कहा कि वह स्वयं भी संसदीय एवं व्यक्तिगत स्तर पर इस पवित्र स्थल के विकास में योगदान देंगे। दोनों जनप्रतिनिधियों की इस पहल से स्थानीय लोगों में धार्मिक व पर्यटन को बढ़ा मिलने की उम्मीद जगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राहु मंदिर को विश्व पटल पर पहचान मिलने से क्षेत्र में पर्यटन को भी पंख लगेंगे और स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार भी मिल सकेगा और स्थानीय उत्पादों को भी खरीददार मिल सकेंगे। लोगों ने उम्मीद जताई कि राहु मंदिर जल्द ही एक महत्वपूर्ण धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा।

# किसानों के हित में लगातार ठोस कदम उठा रही धामी सरकार : जोशी

■ राज्य की 670 न्याय पंचायतों में से 486 कार्यक्रमों का किया जा चुका सफल आयोजन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने इस मौके पर कहा कि राज्य की 670 न्याय पंचायतों में चल रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत अब तक कुल 486 कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया जा चुका है। इस दौरान 325 न्याय पंचायतों को कवर किया गया है। कृषि मंत्री जोशी ने बताया कि इन कार्यक्रमों में अब तक 53,219 किसान एवं ग्रामीण शामिल हो चुके हैं। कृषि संकल्प अभियान का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, योजनाओं एवं जैविक खेती के प्रति जागरूक करना है, जिससे प्रदेश की कृषि व्यवस्था को सशक्त बनाया जा सके। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों के हित में लगातार ठोस कदम उठा रही है। कृषि और बागवानी में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने मिलेट्स पॉलिसी, कीवी नीति, ड्रैगन फ्रूट खेती योजना और सेब उत्पादन योजना जैसी महत्वपूर्ण पहलों की शुरुआत की है। इन नीतियों और योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के किसानों को अधिकतम लाभ मिलेगा और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी।

### उत्तराखंड के सब दे रहे कश्मीर को प्रतिस्पर्धा

**देहरादून।** केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि उत्तराखंड के पहाड़ों में चमत्कार है। यहां की फल और सब्जियों की उपज दूसरे किसी भी क्षेत्र की तुलना में शानदार है। यहां के सेब अब कश्मीर को प्रतिस्पर्धा दे रहे हैं, जो यहां कि बाग. वानी क्षेत्र की उन्नति को दर्शाता है। चौहान ने उत्तराखंड के फल 'काफल' की भी बात की। उन्होंने कहा कि औषधीय गुणों के कारण 'काफल' की दुनिया में भी मांग बढ़ रही है। मोटे अनाज के बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया कि यहाँ का मोटा अनाज भी अद्भुत है। यहां का पारंपरिक अनाज 'मंडुवा' भी अब सब जगह अपनी प्रसिद्धि स्थापित कर रहा है। 'मंडुवा' के साथ-साथ ऐसे ही अन्य उपयोगी पारंपरिक अनाजों के उत्पादन बढ़ाने के लिए हमें प्रयास करना होगा, उत्तम किस्म के बीज बनाने होंगे और साथ ही साथ मार्केटिंग और ब्रांडिग पर भी ध्यान देना होगा।

# रिश्वत केस: मुख्य कोषाधिकारी को हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** रिश्वतखोरी के मामले में फंसे नैनीताल के मुख्य कोषाधिकारी दिनेश राणा को उत्तराखंड हाईकोर्ट से फिलहाल राहत नहीं मिली है। शुक्रवार को हुई सुनवाई में कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज नहीं की, मगर उसे मंजूर भी नहीं किया। अब मामले की अगली सुनवाई 18 जून को निर्धारित की गई है।

■ अब मामले की अगली सुनवाई 18 जून को होगी

उत्तराखंड विजिलेंस टीम ने दिनेश राणा को 9 मई को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्होंने अपनी जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की। बीते तीन दिनों से हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई चल रही है।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से यह मुद्दा भी उठाया गया कि भ्रष्टाचार के मामलों में किसी सरकारी अधिकारी या कर्मचारी को ट्रैप करने अथवा गिरफ्तार करने से पहले एफआईआर दर्ज किया जाना आवश्यक होता है। याचिका में सीबीआई की कार्यप्रणाली का हवाला देते हुए कहा गया कि वह गिरफ्तारी से पहले एफआईआर दर्ज करती है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट के ललिता कुमारी बनाम राज्य मामले में दिए गए निर्णय का हवाला देते हुए कहा गया कि गिरफ्तारी से पूर्व एफआईआर दर्ज करना अनिवार्य है। कोर्ट ने इन सभी तथ्यों को रिकॉर्ड में ले लिया है।

### याचिकाकर्ता ने खुद को बताया फंसाया गया



**नैनीताल।** शुक्रवार को न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि उन्हें इस मामले में जानबूझकर फंसाया गया है। उनके अनुसार, शिकायतकर्ता की एसीपी क्लेम की फाइल पहले ही लौटा दी गई थी, जिससे नाराज होकर शिकायतकर्ता ने यह षड्यंत्र रचा। पैसे की बरामदगी अकाउंट सेक्शन की दराज से हुई, न कि उनके पास से।

### सरकार ने पेश किए पुख्ता सबूत

**नैनीताल।** वहीं, सरकारी पक्ष की ओर से कोर्ट को बताया गया कि जब जांच की गई तो रिश्वत के नोटों पर मुख्य कोषाधिकारी और अन्य आरोपी के उंगलियों के निशान पाए गए। इसकी पुष्टि के लिए रासायनिक परीक्षण (सोडियम कार्बोनेट) भी किया गया, जिसमें हाथ धोने पर पानी का रंग गुलाबी हो गया। इससे यह स्पष्ट होता है कि आरोपी ने पैसे को छुआ था।

मसूरी नगर पालिका को लगा बड़ा झटका

# हाईकोर्ट ने माल रोड निर्माण पर लगाई रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने मसूरी माल रोड से पुस्तकालय को जोड़ने वाली सड़क के बीच में नगर पालिका की और से किए जा रहे निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है। यह आदेश मसूरी निवासी प्रदीप शाह की और से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद दिया गया।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई करते हुए मसूरी नगर पालिका को तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख भी तीन सप्ताह बाद तय की है।

याचिकाकर्ता प्रदीप शाह ने कोर्ट को बताया कि वर्ष 2023 में नगर पालिका ने यातायात को सुचारू करने के उद्देश्य से माल रोड के बीच स्थित एक पुरानी डिस्पेंसरी को हटाने का प्रस्ताव पास किया था। इससे क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में सुधार आया था। लेकिन मार्च 2025 में नगर पालिका की बोर्ड बैठक में दोबारा उसी स्थान पर निर्माण कार्य शुरू करने का निर्णय लिया गया। याचिका में कहा गया है कि सड़क के बीच निर्माण कार्य शुरू होने से माल रोड पर पुन: जाम की स्थिति पैदा हो सकती है और स्थानीय नागरिकों व पर्यटकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। इसी के आधार पर निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की गई थी। कोर्ट ने फिलहाल निर्माण कार्य पर रोक लगाते हुए मामले की अगली सुनवाई तक के लिए यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

### पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता जरूरी: जोशी

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** हिम फाउंडेशन द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस से हरेला पर्व 15 जुलाई तक प्रदेश भर में वृहद वृक्षारोपण एवं जनजागरुकता अभियान चलाया जाएगा। हिम फाउंडेशन के संस्थापक अजय बहुगुणा ने बताया कि हम चाहते हैं और हमारा प्रयास रहेगा कि वृक्षारोपण अभियान को एक सामूहिक सामाजिक पहल के रूप में प्रस्तुत करना है जिससे अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित हो। कार्यक्रम में पहुंचे कांग्रेस के पूर्व सचिव महेश जोशी ने हिम फाउंडेशन की इस मुहिम की सराहना की । इस अवसर पर प्रदीप बिष्ट,भास्कर गैरोला अमित मिश्रा व सुनील उपस्थित रहे।

# शहीदों का सम्मान हमारा कर्तव्य:सीएम धामी



■ शहीद भवानी दत्त जोशी की स्मृति में आयोजित मेले को राजकीय मेले के रूप में मनाया जाएगा

शाह टाइम्स संवाददाता

**थराली** / मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को थराली के चेपड़ों गांव में अशोक चक्र विजेता शहीद भवानी दत्त जोशी की स्मृति में आयोजित शौर्य महोत्सव में प्रतिभाग किया। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने पौधारोपण भी किया।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि शहीद भवानी दत्त जोशी की स्मृति में आयोजित शौर्य मेले को राजकीय मेले के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहीद स्मारक के सौंदर्यीकरण के लिए धनराशि भी उपलब्ध कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने शहीद भवानी दत्त जोशी को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने ऑपरेशन ब्लू स्टार में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। भारत सरकार ने उन्हें मरणोपरांत अशोक चक्र से सम्मानित किया। यह हम सबके लिए गर्व का विषय है कि हमें उनके सम्मान में आयोजित मेले में शामिल होने का अवसर मिला।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेना का मनोबल लगातार ऊंचा हुआ है। उन्होंने हाल ही में आतंकवादियों के खिलाफ चले ऑपरेशन 'सिंदूर' का उल्लेख करते हुए कहा कि अब जो भी गोली आतंकियों की तरफ से चलेगी, उसका जवाब गोलों से दिया जाएगा।

थराली विधानसभा क्षेत्र में निर्माणाधीन पुल गिरने की घटना पर नाराजगी जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घोर लापरवाही है। इसके लिए तीन इंजीनियरों को तत्काल सस्पेंड किया गया है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने शहीद सतीश चंद्र के पिता महेशानंद, शहीद कृपा सिंह की पत्नी विमला देवी, शहीद हिम्मत सिंह के भाई अभय सिंह नेगी और श्रीमती सरोजनी कोटड़ी को सम्मानित किया।

विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खंडूड़ी भूषण ने कहा कि प्रदेश में सिर्फ इन्फ्रास्ट्रक्चर ही नहीं, नीतियों में भी बदलाव हो रहे हैं। फिर चाहे वह समान नागरिक संहिता (न्ब्ब) हो, नकल विरोधी कानून हो या महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रयास।

इस अवसर पर राज्य मंत्री बलवीर घुनियाल, हरक सिंह नेगी, मेला अध्यक्ष बीरू जोशी, ले. कर्नल हरीश जोशी, विधायक भूपाल राम टमटा, राकेश जोशी, उमेश मिश्रा, भावना रावत, चन्द्रकला तिवारी, देवी जोशी, जिलाधिकारी संदीप तिवारी, पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, सीडीओ अभिषेक त्रिपाठी, एसडीएम पंकज भट्ट सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# उत्तरकाशी : चमियारी रोड पर वाहन दुर्घटना, एक महिला की मौत, 6 घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी**, 6 जून : चिन्यालीसौड़ चमियारी रोड पर ग्राम मरगांव के पास एक वाहन दुर्घटना में एक की महिला की मौत हो गयी जबकि 6 लोग घायल हो गए।

घटना शुक्रवार दोपहर की है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक फोर्स के साथ घटना स्थल ग्राम मरगांव के पास (राजस्व क्षेत्र जसपुर तहसील चिन्यालीसौड) पंहुचे।कार सड़क से लगभग 100 मीटर नीचे गिरी हुई मिलीं। वाहन में चालक सहित कुल 07 व्यक्ति (दो महिला व चार बच्चे) सवार थे। जिसमे से एक महिला की मौके पर मृत्यु हो गयी है व अन्य गम्भीर घायल हैं, जिनको 108 के माध्यम से सीएचसी चिन्यालीसौड लाया गया। बताया जा रहा है कि वाहन गमरी पीपलखण्डा से बादूं पुजारगांव डुण्डा जा रहा था।

**मृतक का नाम** : वन्दना देवी पत्नी मंगल मोहन मिश्रा निवासी ग्राम गमरी तहसील चिन्यालीसौड जनपद उत्तरकाशी, उम्र-30 वर्ष

**घायलों की सूची**

1- मनीष पुत्र सुरेश प्रसाद निवासी ग्राम पुजारगांव पट्टी भण्डारस्यू, तहसील डुण्डा जनपद उत्तरकाशी, उम्र-28 वर्ष (चालक), 2- कविता देवी पत्नी गणेश मिश्रा निवासी ग्राम गमरी, चिन्यालीसौड जनपद उत्तरकाशी, उम्र-29 वर्ष, 3- नन्दनी पुत्री मंगल मोहन निवासी ग्राम गमरी, उम्र-08 वर्ष, 4- दिव्यम पुत्र मंगल मोहन निवासी ग्राम गमरी, उम्र-06 वर्ष, 5- देवान्श पुत्र गणेश मिश्रा निवासी ग्राम गमरी, उम्र-04 वर्ष



6- दीपक पुत्र गणेश मिश्रा निवासी ग्राम गमरी, उम्र-08 वर्ष सभी जनपद उत्तरकाशी निवासी हैं।

# भाजपा जौनपुर मंडल की बैठक संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जौनपुर मुख्यालय थत्यूड़ बाजार में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी जौनपुर मंडल की नवीन कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, आगामी पंचायत चुनावों की तैयारियों और प्रदेशव्यापी विशेष अभियानों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। मंडल अध्यक्ष सुनील थपलियाल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

सुनील थपलियाल ने कहा कि आगामी 8 से 17 जून तक प्रदेशभर में 'विकसित भारत का अमृत काल' थीम पर एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की पिछले 11 वर्षों की उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाना है। इसके अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ता वरिष्ठजनों के साथ मिलकर गांव-गांव, घर-घर जाकर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को साझा करेंगे।

बैठक में यह भी बताया गया कि आगामी 5 जून से 15 अगस्त तक विभिन्न राष्ट्रीय और ऐतिहासिक महत्व के विषयों पर केंद्रित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें 5 जून को पर्यावरण दिवस, 21 जून को योग दिवस, 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस और 25 जून को आपातकाल के दौर के अनुभवों पर विशेष चर्चा की जाएगी। इन सभी अवसरों को जनता से संवाद और जागरूकता का माध्यम बनाकर पार्टी के विचारों को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया जाएगा।

# अस्पताल में अनुशासन नहीं, तो होगी कार्रवाई: डॉ. सयाना



शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** चिकित्सा शिक्षा निदेशक एवं राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने शुक्रवार को बेस अस्पताल के वार्डो, ओपीडी कक्षों, इमरजेंसी वार्ड का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्डो में तैनात जूनियर डॉक्टर, इंटर्न, नर्सिंग अधिकारी, लैब टैक्नीशियन प्रॉपर ड्रेस में ना मिलने पर उन्हें फटकार लगाते हुए चिकित्सा अधीक्षक को प्रॉपर ड्रेस में ना रहने वाले डॉक्टर व कार्मिकों को नोटिस देने के निर्देश दिये। कहा कि अनुशासनहीनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बेस अस्पताल के निरीक्षण के दौरान चिकित्सा निदेशक डॉ. आशुतोष सयाना ने पाया कि अस्पताल में जगह-जगह टूट-फूट हो रखी। वार्डो के दरवाजों पर जंक लगा है। खिड़कियों के शीशे टूटे हुए है। ओपीडी के बाहर मरीजों को बैठने के लिए लगी बेंच खराब पड़ी हुई है। जिस पर उन्होंने निर्माण कार्य देख रहे क्लर्क के प्रति नाराजगी जताते हुए जल्द ठीक कराने के निर्देश दिये। मौके पर उन्होने स्वच्छता और अस्पताल के लटकते हुए विद्युत तारों पर विद्युत विभाग को कर्लक नोटिस करते हुए जल्द ठीक करने के निर्देश दिये। कहा कि यदि समय रहते ठीक नहीं हुआ तो कार्यवाही की जायेगी। वहीं वार्डो में ब्लड़ सैंपल लेकर मरीज का तीमारदार खुद ले जाने पर उन्होंने संबंधी वार्ड के नर्सिंग अधिकारियों को पूर्व में दिये गये आदेशों का पालन करने के निर्देश दिये। कहा कि भर्ती मरीज व उसका तीमारदार वार्डो से सैंपल नहीं ले जायेगा। वार्ड से कक्ष सेवक के जरिए लैब तक सैंपल पहुंचाया जायेगा। चिकित्सा निदेशक ने कहा कि दो माह से लगातार निरीक्षण के दौरान केवल अभी तक नोटिस देने के साथ ही चेतावनी दी जा रही थी, अब यदि कोई कार्मिक एवं संबंधी रखरखाव या अन्य विभाग अनुशासनहीनता करते हुए देखा गया तो सख्त कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

**गर्भवती महिलाओं के लिए लिफ्ट की सुविधा-**

श्रीनगर। बेस चिकित्सालय में इमरजेंसी के पास वर्षो से लगी लिफ्ट आखिरकार चिकित्सा निदेशक के निर्देश के बाद संबंधी विभाग खोल पाया है। लिफ्ट खुलने से उक्त लिफ्ट गर्भवती महिलाओं के लिए प्रयोग में लायी जायेगी। जो गायनी विभाग में भर्ती होने आए और चल नहीं सकती है। उन्होंने कहा कि यह लिफ्ट फिलहाल गर्भवती महिलाओं के प्रयोग में लायी जायेगी।

## एक नजर .......

### तीन सूत्रियां मांगों पर कार्रवाई न होने पर गुरिल्लों में रोष

**श्रीनगर।** नौकरी, पेंशन और आश्रित हितों को लाभ दिए जाने की मांग पर कार्यवाही न होने पर एसएसबी गुरिल्ला संगठन ने कड़ा रोष व्यक्त किया है। तीन सूत्रियां मांगों को लेकर एसएसबी गुरिल्ला संगठन ने कैबिनेट मंत्री चिराग पासवान से वार्ता की। इस दौरान गुरिल्लों ने मांगों पर कार्यवाही न होने पर नाराजगी व्यक्त की। गुरिल्ला संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जनपद टिहरी के जिलाध्यक्ष दिनेश प्रसाद गैरोला और मीडिया प्रभारी अनिल प्रसाद भट्ट ने कहा तीन सूत्रिया मांगों को लेकर गुरिल्ला संगठन विगत 20 सालों से शांतिपूर्ण ढंग से आंदोल कर रहा है, लेकिन केंद्र और राज्य सरकार इस पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। कहा कि 1962, 1971 में आपातकालीन संकट में गुरिल्लों और सैनिकों ने बड़ी लड़ाई लड़ी थी, लेकिन आज सरकार गुरिल्लों को दरकिनार कर रही है। कहा कि यदि सरकार जल्द मांगों पर कार्यवाही नहीं करती है तो वह बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### ग्रामीणों से की पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने की अपील

**श्रीनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कीर्तिनगर रेंज डांगचौरा में विभिन्न प्रजाति के फलदार वृक्षों का रोपण किया है। रेंज के वन क्षेत्राधिकारी संजय बेलवाल ने बताया की विश्व पर्यावरण दिवस की थीम प्लास्टिक मुक्त कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत पाली डांगचौरा के प्रधान समेत ग्रामीणों के साथ चंद्रभागा गाड़ में बने अमृत सरोवर की साफ सफाई कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की गई। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन क्षेत्राधिकारी संजय बेलवाल ने आम जन मानस से पर्यावरण संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने एवम पर्यावरण की स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर वन क्षेत्राधिकारी संजय सिंह बेलवाल, ग्राम प्रधान पाली राजेंद्र सिंह महर, वन दरोगा मनवीर पंवार, सुनील कुमार, प्रदीप राणा, आनंद सिंह, पुरुषोत्तम आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एलएनटी और हैप्रेक ने सौड़ में किया पौधारोपण




**श्रीनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना में कार्यरत लार्सन एण्ड टुर्बो (एलएनटी) द्वारा सौड़ देवप्रयाग एवं जनासू में गढ़वाल विवि के हैप्रेक संस्थान के सहयोग से वृहद पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर रेलवे परियोजना के निदेशक राकेश अरोड़ा एवं प्रोजेक्ट मैनेजर सुनीलदत्त वत्स ने सभी कर्मचारियों को पर्यावरण शपथ दिलाई गयी मौके पर परियोजना में कार्यरत कर्मचारियों ने मलेथा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत 60 किलोग्राम प्लास्टिक वेस्ट का निष्पादन किया गया। कार्यक्रम में परियोजना के वरिष्ठ भू-वैज्ञानिक मनोज कुमार डंगवाल, निर्माण अधिकारी विकास भारद्वाज, गुणवत्ता अधिकारी नीरज गुप्ता, सहायक प्रबन्धक पर्यावरण ऋषभ श्रीवास्तव के साथ ही हैप्रेक संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. सुदीप सेमवाल, डा. प्रदीप डोभाल, डा. जयदेव चौहान, शुभम भट्ट, कमलेश पंत सहित आदि मौजूद थे।

### विधायक के आश्वासन के बाद पैण्डुला के ग्रामीणों का धरना स्थगित

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत कक्ड़पाली से बांगापानी से होते हुए लूसी तक मोटरमार्ग का निर्माण कार्य शुरू न होने पर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। गुरूवार को निर्वतमान ग्राम प्रधान पैंडुला सुनय कुकसाल ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि ग्रामीणों ने कक्ड़पाली से बांगापानी से होते हुए लूसी तक मोटरमार्ग तक निर्माण कार्य शुरू न होने पर 6 जून से मालूपानी पर धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम प्रस्तावित था। बताया कि देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया है। कहा यदि जल्द से मोटरमार्ग का निर्माण कार्य शुरू नहीं होता है तो वह दुबारा धरना में बैठने के लिए मजबूर होंगे।

# लाखों के मोबाइल चोरी करने वाला नेपाली युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा पड़ाव के गौरीकुण्ड में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले नेपाली मूल के तीन युवकों को पुलिस ने धर दबोचा। पुलिस ने जब इनसे छानबीन की तो हैरान रह गए। नेपाली युवकों से तीन सर्जिकल ब्लैड, एक प्लास तथा एक लोहे का सरिया बरामद हुआ। साथ ही एक बैग के अन्दर 18 मोबाइल फोन व 25 हजार रुपये नगद बरामद हुए। आरोपियों के विरुद्ध सोनप्रयाग कोतवाली में मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीती गुरूवार की रात सूचना मिली कि गौरीकुण्ड घोड़ा पड़ाव क्षेत्रान्तर्गत एक टिनशेड की आड़ में कुछ संदिग्ध नेपाली व्यक्ति बैठे हैं और उनके पास संदिग्ध औजार हैं, जो केदारनाथ यात्रा में विभिन्न पड़ाव में बने टिन शेड आदि को काटने, तोड़ने का काम करते हैं। सूचना पर चौकी प्रभारी गौरीकुण्ड सूरज कंडारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने उक्त स्थान पर दबिश देकर तीन नेपाली मूल के व्यक्तियों को चोरी की योजना बनाते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया, जिनके कब्जे से चोरी करने व टेंट काटने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री तीन सर्जिकल ब्लैड, एक प्लास तथा एक लोहे का सरिया बरामद हुआ। इसके अलावा तलाशी में एक बैग के अन्दर 18 मोबाइल फोन व 25 हजार रुपये नगद बरामद हुए। पूछताछ करने पर आरोपी युवक दिपेन्द्र शाही पुत्र कृष्ण शाही उम्र-23 वर्ष निवासी ग्राम पालिका महाबे, थाना पद्मघाट, जिला कालीकोट, कर्णाली प्रदेश नेपाल हाल वीरेन्द्र का डेरा केदारनाथ, नरेन्द्र हमाल पुत्र जयकृष्ण हमाल उम्र-22 वर्ष निवासी ग्राम-गांव पालिका हीमा थाना जुगाडा, जिला जुमला आंचल कर्णाली नेपाल हाल केदारनाथ व दिपेन्द्र शाही पुत्र कमल शाही उम्र-23 निवासी ग्राम ढिमनिया नगर पालिका तिलागुफा थाना थिनके जिला कालीकोट कर्णाली प्रदेश नेपाल हाल निवास केदारनाथ ने बताया कि मोबाइल फोन और नगदी उन्होंने केदारनाथ में लगे अलग-अलग टेंटों को काटकर चोरी किए थे। जिन्हें वे नेपाल जाकर बेचने की तैयारी में थे। अभियुक्त गणों के विरुद्ध कोतवाली सोनप्रयाग पर मु.अ.सं. 25/2025 धारा 313 भारतीय न्याय संहिता व 35/106 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता का पंजीकृत कर अभियुक्त गणों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उन्हें पुरसाड़ी जेल भेजा गया। पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी विकास पुंडीर ने बताया कि केदारनाथ धाम के अलावा यात्रा पड़ावों में मोबाइल चोरी के साथ पैंसों की चोरी की सूचनाएं मिल रही थी। पुलिस की तत्परता से तीन नेपाली मूल के युवकों को पकड़ा गया है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सोनप्रयाग राकेन्द्र कठैत, वरिष्ठ उपनिरीक्षक कोतवाली सोनप्रयाग ठाकुर सिंह रावत, चौकी प्रभारी गौरीकुण्ड, सूरज कण्डारी, उपनिरीक्षक रघुवीर सिंह रावत, कोतवाली सोनप्रयाग, आरक्षी विनोद गुसाई, चौकी गौरीकुण्ड, आरक्षी अर्जुन, चौकी गौरीकुण्ड शामिल थे।

# पुलिस ने दुकान में चोरी करने वाले को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** मुनिकीरेती थाना पुलिस ने एक दुकान से चोरी करने वाले शातिर चोर को चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर लिया है। बीती 30 मई को हुई इस वारदात का खुलासा पुलिस ने तेजी से करते हुए आरोपी को धर दबोचा और उसके पास से चोरी की गई पूरी नकदी और दस्तावेज भी बरामद कर लिए।

पुलिस की मीडिया सेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 4 जून को राहुल लेखवार पुत्र किशोरी लाल, निवासी वार्ड नंबर 11 ढालवाला, थाना मुनिकरेती ने पुलिस को सूचना दी थी कि 30 मई की रात उसकी दुकान से किसी अज्ञात व्यक्ति ने 35,000 रुपये नकद, एक पर्स और उसमें रखे आधार कार्ड एवं ड्राइविंग लाइसेंस आदि महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी कर लिए हैं। इस सूचना पर तत्काल थाना मुनिकीरेती में मुकदमा पंजीकृत किया गया और जांच शुरू की गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल के निर्देशन में इस मामले के त्वरित खुलासे के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया। इन टीमों ने घटनास्थल और आसपास के इलाकों में लगे 40 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसके बाद आरोपी की पहचान हो सकी।आखिरकार पुलिस ने 20 वर्षीय आरोपी आदित्य ग्रोवर पुत्र सुमित ग्रोवर, निवासी गंगानगर, ऋषिकेश (श्यामपुर बाईपास) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी किए गए पूरे 35,000 रुपये नकद, वादी का आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस बरामद कर लिए हैं।

# स्वरोजगार को लेकर महिलाएं ले रही ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एसबीआई के मुख्य प्रबंधक नसीम ने प्रशिक्षणार्थियों को भारतीय स्टेट बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वरोजगार को लेकर प्रशिक्षित होने के पश्चात महिलाएं बैंक की मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया योजना आदि के माध्यम से वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

जिला अग्रणी बैंकअधिकारी चत्तर सिंह ने कहा कि आज के समय में महिलाओं के लिए स्वरोजगार सशक्त माध्यम बन चुका है। ब्यूटी पार्लर व्यवसाय आज के दौर में एक उभरता हुआ और लाभकारी क्षेत्र है। यह न केवल आत्म निर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। निदेशक किशन सिंह रावत ने प्रशिक्षण की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को ब्यूटी पार्लर संचालन की तकनीकी जानकारी, ग्राहक सेवा, व्यवसाय प्रबंधन तथा मार्केटिंग कौशल की बारीकियां सिखाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जाएगा, जो उन्हें भविष्य में ऋण लेने और व्यवसाय शुरू करने में मदद करेगा। आरसेटी फैकल्टी भूपेंद्र सिंह रावत ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम 35 दिनों तक चलेगा।

# एक पेड़ मां के नाम:पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** राजकीय महाविद्यालय लंबगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं पर्यावरण समिति के संयुक्त तत्वावधान में "एक पेड़ माँ के नाम" संकल्प के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों और स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने केवल वृक्षारोपण ही नहीं किया, बल्कि मां के आदर्शों को केंद्र में रखकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया।

छात्रों और शिक्षकों ने यह संकल्प लिया कि वे लगाए गए प्रत्येक पौधे की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे और साथ ही पर्यावरण को बचाने के लिए प्लास्टिक व उससे बनी हानिकारक सामग्रियों के उन्मूलन हेतु जन जागरूकता अभियान भी चलाएंगे। स्वयंसेवियों ने स्थानीय शहरी निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों में रैली व टोली के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का जिम्मा भी उठाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राकेश कुमार ने कहा कि "मानव की सतत विकास की संकल्पना पर्यावरण संरक्षण के बिना अधूरी है। हमें केवल कार्यक्रम तक सीमित नहीं रहना, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में पर्यावरणीय चेतना को जन-जन तक पहुंचाना है।" उन्होंने यह भी कहा कि यह केवल वृक्षारोपण या पर्यावरणीय पहल नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव अस्तित्व के भविष्य से जुड़ा मुद्दा है।

इस आयोजन में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. एस.के. पांडे, डॉ. बी.एस. चुफाल, डॉ. बी.एस. राणा, डॉ. तरुण मोहन, श्री बी.एस. चौहान, कुट्टी रावत, प्रियंका डिमरी, श्रीमती अनुकृति बडोला, डॉ. विजय राणा, रविंद्र शाह, धनेश प्रसाद उनियाल, अजीत सिंह राणा, मधु, श्रीमती मनीषा, मकान सिंह, सोबन सिंह, लोकेन्द्र सिंह, सूरज सिंह, सिमरन, पल्लवी, अनामिका, आयुषा, अनीशा, अंजलि, नीरज, सौरव, दिया, सचिन, आरती समेत अनेक छात्र-छात्राएं व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शेडकुडिया महासू महाराज की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न



शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी:** मोरी ब्लॉक फतेह पर्वत पट्टी के इष्टदेव शेडकुडिया महासू महाराज थाना ग्राम दोणी में लगभग 250 वर्ष अधिक से पुराने मंदिर के पुनर्निर्माण होने पर मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हुई। इस दौरान श्री पबासी महासू महाराज की पालकी एवं बोठा महासू, बाशिक महासू, चालदा महासू के डोरिया एवं अन्य देवी देवताओं की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर की दिव्य प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई है।

इस दौरान हिमाचल प्रदेश, बंगाण, जौनसार बावर, रंवाई क्षेत्र से हजारों की संख्या में महासू महाराज के भक्त एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति में यह ऐतिहासिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। 14 सौ फतेह पर्वत के आराध्य देव चार महासू के बजीर श्री खण्डासूरी शेड़कुड़िया महासू महाराज के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने भण्डारे में महाराज का प्रसाद ग्रहण किया।

इस दौरान क्षेत्रीय विधायक दुर्गेश्वर लाल ने सभी क्षेत्र वासियों को शुभकामनाएं प्रेषित कर कहा कि यह हमारी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का अनूठा समागम है। इस दौरान विशाल भंडारा का आयोजन किया गया पुरोला क्षेत्र के विधायक दुर्गेश्वर लाल ने स्वयं भंडारा में पतल बांट कर हाथ बढ़ाया है।यूं तो देवभूमि उत्तराखंड के कण-कण में देवताओं का निवास है। यही वजह है कि इसे देवभूमि उत्तराखंड, यानी ष्देवताओं की भूमिष कहा जाता है। हिंदू धर्म के कई ग्रंथों में उत्तराखंड के पवित्र स्थानों का जिक्र है, वर्णन है। यहां से जुड़ी कई मान्यताएं हैं, कई लोक कथाएं हैं, देवी-देवताओं से जुड़े कई आयोजन हैं जो लोगों की आस्था के केंद्र हैं। ऐसा ही एक आयोजन उत्तरकाशी के मोरी ब्लॉक में हुआ। बता दें कि नवम्बर 2022 में यहां शेडकुडिया महासू देवता ने 100 साल से ज्यादा समय बाद पढ़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश के खाशधार प्रस्थान किया था। इस पैदल यात्रा के पूरा होने पर सालों बाद आस्था का संगम देखने को मिलेगा।

# अधिवक्ताओं ने किया स्वच्छता के प्रति जागरूक

**श्रीनगर।** उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी के निर्देशन पर विश्व पर्यावरण दिवस पर श्रीनगर में अधिवक्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। सिविल जज जूनियर डिवीजन श्रीनगर एवं तहसील विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष अलका के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर श्रीनगर व आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर व उसके आसपास के क्षेत्र में कूड़ा एकत्रित कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया एवं पर्यावरण में फैले प्लास्टिक प्रदूषण को हटाने की अपील की। मौके पर बार एसोसिएशन श्रीनगर के संरक्षक अनूपश्री पांथरी, अध्यक्ष प्रमेश चंद्र जोशी, सहायका सहित आदि मौजूद थे।

# पुलिस सिखा रही आपदा प्रबन्धन के गुर




शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी:** आगामी मानसून सीजन को लेकर उत्तरकाशी पुलिस आपदा न्यूनीकरण तथा राहत एवं बचाव कार्यों हेतु के गुर सीखा रही है। पुलिस अधीक्षक श्रीमती सरिता डोभाल के निर्देशन में उत्तरकाशी पुलिस समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्रामीणों, आपदा मित्रों, महिला मंगल दल, नवयुवक दल, ग्राम प्रहरियों आदि को आपदा प्रबन्धन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शुक्रवार को कोतवाली मनेरी पुलिस पुलिस उपाधीक्षक उत्तरकाशी जनक सिंह पंवार की अध्यक्षता में पी0एम0 श्री राजकीय आदर्श इण्टर कॉलेज मनेरी में आपदा प्रबन्धन प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को आपदा राहत एवं बचाव का प्रशिक्षण दिया गया, शिविर में एसडीआरएफ फायर सर्विस, मनेरी पुलिस तथा जिला आपदा प्रबन्धन की टीम द्वारा सभी को प्राकृतिक आपदाओं यथा भू-स्खलन, भूकम्प, अतिवृष्टि, बादल फटना, सड़क दुर्घटना तथा अन्य दैवीय आपदाओं के सम्बन्ध में व्यापक जानकारी देते हुये आपदा के समय राहत एवं बचाव कार्यों का प्रशिक्षण दिया गया। आपदा उपकरणों के संचालन के साथ-साथ प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया।

पुलिस उपाधीक्षक उत्तरकाशी जनक सिंह पंवार ने कैम्प में उपस्थित वॉलिंटियर को जानकारी देते हुये बताया गया।

जनपद उत्तरकाशी विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बीच आपदा की दृष्टि से संवेदनशील है, इसलिए हम सभी को सावधानी बरतने की जरुरत है, आगामी मानसून सीजन को देखते हुये जिला पुलिस व अन्य आपदा दलों द्वारा आपदा दुर्घटनाओं में न्यूनीकरण हेतु आपदा मित्रों एवं वॉलिंटियर्स को तैयार किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक मनेरी मनोज असवाल सहित पुलिस फायर व आपदा प्रबन्धन के अधिकारी/कर्मगण उपस्थित रहे।

वहीं प्रभारी निरीक्षक धरासू दिनेश कुमार के नेतृत्व में राजकीय आदर्श इण्टर कॉलेज चिन्यालीसौड में एसडीआरएफ, फायर सर्विस व धरासू पुलिस द्वारा ग्राम प्रहरियों/स्थानीय निवासियों को आपदा प्रबन्धन के सम्बन्ध में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में एसडीआरएफ के उ0नि0 मनीष भाकुनी द्वारा आपदा के दौरान स्वंयसेवकों की भूमिका तथा एन्जेन्सियों से समन्वय के सम्बन्ध में प्राथमिक उपचार, सीपीआर, एफबीएओ के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए घायलों/पीडितों को रेस्क्यू करने के विभिन्न तरीकों के बारे में नमूना देकर स्वयं सेवकों को प्रशिक्षण दिया।

# कुर्बानी के पर्व पर साफ-सफाई व भाईचारे की अपील

■ शहर काजी से लेकर जमीअत उलेमा-ए-हिन्द के पदाधिकारियों तक ने दी अहम हिदायतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** देशभर में कल (आज) ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व अकीदत, त्याग और एकजुटता के पैगाम के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर देहरादून के शहर काजी मौलाना मोहम्मद अहमद कासमी सहित कई इस्लामी धर्मगुरुओं ने मुस्लिम समुदाय से सादगी के साथ ईद मनाने, साफ-सफाई रखने, शांति और प्रशासनिक नियमों का पालन करने की अपील की है।

**बुरी आदतों का भी करे त्याग: अब्दुल मन्नान**

यह पर्व सिर्फ जानवर की कुर्बानी तक सीमित नहीं है, बल्कि अपनी बुरी आदतों और नफ्स की कुर्बानी देने का नाम है। समाज को स्वच्छ, शांतिपूर्ण और भाईचारे वाला बनाए रखना भी एक बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से युवा वर्ग को चाहिए कि वे सोशल मीडिया पर जिम्मेदार व्यवहार करें और कोई आपत्तिजनक कंटेंट पोस्ट न करें।

## ईद-उल-अजहा आज

### शहर काजी मौलाना मोहम्मद अहमद कासमी का आह्वान



शहर काजी ने कहा कि "ईद-उल-अजहा सिर्फ कुर्बानी का पर्व नहीं है, बल्कि यह खुदा के हुक्म के आगे सिर झुकाने की निशानी है। मुसलमानों को चाहिए कि वे कुर्बानी के साथ-साथ सफाई का खास ख्याल रखें। कुर्बानी के अवशेष खुले में न फेंके, उन्हें ढंक कर निर्धारित स्थान पर रखें और नगर निगम की और से निर्धारित नियमों का पालन करें।" उन्होंने यह भी कहा कि कुर्बानी का मकसद दिखावा नहीं, बल्कि अल्लाह की रजा हासिल करना है। इसलिए सादगी और संयम से त्योहार मनाएं।

### त्योहार के दौरान किसी की धार्मिक भावना आहत न हो: जमीअत



जमीअत के प्रदेश महासचिव मौलना शराफत ने कहा कि ईद-उल-अजहा इस्लाम के सबसे पाक और पवित्र त्योहारों में से एक है। यह हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की कुर्बानी की याद दिलाता है। हमें चाहिए कि हम उनके आदर्शों पर चलते हुए अपने समाज में एकता, सेवा और त्याग की भावना को बढ़ाएं। उन्होंने लोगों से अपील की कि त्योहार के दौरान किसी की धार्मिक भावना आहत न हो, इसका भी ख्याल रखा जाए।

### इस्लामी तरीके से करे कुर्बानी: मुफ्ती रईस अहमद कासमी



जमीअत के प्रदेश उपाध्यक्ष मुफ्ती रईस अहमद कासमी ने कहा कि ईद-उल-अजहा हमें यह सिखाती है कि खुदा की राह में किसी भी चीज की कुर्बानी देने से पीछे नहीं हटना चाहिए। लेकिन इसके साथ हमें यह भी देखना है कि हम अपने समाज, अपने मोहल्ले और आसपास के लोगों की भावनाओं का भी सम्मान करें। उन्होंने लोगों से कहा कि कुर्बानी पूरी तरह इस्लामी तरीके से करें और उन जानवरों की कुर्बानी करें जिनकी शरई उम्र पूरी हो चुकी हो।

## ईद-उल-अजहा और कुर्बानी का महत्व

ईद-उल-अजहा, जिसे बकरीद भी कहा जाता है, इस्लाम धर्म का एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह हजरत इब्राहीम (अलैहिस्सलाम) द्वारा अपने बेटे हजरत इस्माईल (अलैहिस्सलाम) की कुर्बानी देने की इच्छा और अल्लाह की आज्ञा का पालन करने की घटना की याद में मनाया जाता है। यह पर्व हमें यह सिखाता है कि अल्लाह की राह में सब कुछ न्योछावर किया जा सकता है। इस दिन मुसलमान ईद की नमाज अदा करते हैं और फिर कुर्बानी देते हैं। कुर्बानी का मांस तीन हिस्सों में बांटा जाता है, एक हिस्सा गरीबों में, एक रिश्तेदारों में और एक अपने परिवार के लिए।

### प्रशासन की अपील और तैयारी

नगर निगम, पुलिस प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने भी शहरवासियों से अपील की है कि वे सफाई में सहयोग करें और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या कानून उल्लंघन से बचें। कुर्बानी के बाद अवशेषों के निस्तारण के लिए विशेष वाहन लगाए गए हैं। त्योहार के मौके पर सभी धर्मगुरुओं और प्रशासन ने मिलकर लोगों से शांति, सौहार्द और सफाई बनाए रखने की अपील की है।

## एक नजर .......



### जोशी ने जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर किया केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज का स्वागत

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को देहरादून जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का देवभूमि उत्तराखंड आगमन पर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

### वेलहम गर्ल्स स्कूल की ऑल-गर्ल्स टीम ने एवरेस्ट बेस कैंप की साहसिक चढ़ाई कर रचा कीर्तिमान



**देहरादून (शाह टाइम्स)।** उत्तराखंड के प्रतिष्ठित ऑल-गर्ल्स बोर्डिंग स्कूल, वेलहम गर्ल्स स्कूल ने एवरेस्ट बेस कैंप (ईबीसी) तक की एक रोमांचक और चुनौतीपूर्ण चढ़ाई को अंजाम देकर इतिहास रच दिया। यह कैंप समुद्र तल से 17,900 फीट (लगभग 5,364 मीटर) की ऊंचाई पर स्थित है। 20 मई को शुरू हुआ यह साहसिक अभियान सात छात्राओं की एक डायनामिक टीम के साथ, दो शिक्षिकाओं के नेतृत्व में, 3 जून को सम्पन्न हुआ। यह उत्तराखंड के किसी ऑल-गर्ल्स स्कूल द्वारा इस तरह का पहला ट्रेंडसेटिंग मिशन माना जा रहा है। इस पावर-पैक्ड टीम में हितिका अग्रवाल, ग्रीवा भलानी, माही सिन्हल, वर्तिका मालानी, कृपा बुद्धराजा, अन्वेषा शर्मा और तमन्ना एंजल बोवेन (कक्षा 9 से 11) शामिल थीं, जिनका नेतृत्व शिक्षिकाओं स्मिता फ्रांसिस और वाणी सिंह ने किया। 14 से 16 साल की इन युवा छात्राओं ने महीनों तक कठिन ट्रेनिंग के साथ अपनी पढ़ाई को बैलेंस किया, जिसने उन्हें इस हाई-स्टेक एडवेंचर के लिए तैयार किया। वेलहम गर्ल्स स्कूल की प्राचार्या वीभा कपूर ने गर्व के साथ कहा, "वेलहम में हमारा मिशन है कि छात्राओं को हर क्षेत्र में चमकने का एक हॉलिस्टिक प्लेटफॉर्म मिले। इस मेगा अभियान की स्केल और इम्पैक्ट को देखते हुए, इसे एक स्ट्रैटेजिक मास्टरप्लान के साथ अंजाम दिया गया। महीनों की कठिन ट्रेनिंग और तैयारी के बाद, मुझे अपनी वेल्हमाइट्स पर गर्व है। उन्होंने हर चौलेंज को अटूट जज्बे और दृण प्रतिबद्धता के साथ पार किया।

## सेवा सुशासन व गरीब कल्याण को समर्पित रहे मोदी सरकार के 11 साल : अजेय

■ भाजपा महानगर कार्यालय में आयोजित की गई कार्यशाला

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण 11 वर्ष पूरे होने पर कार्यशाला आयोजित की गई। भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय पर हुए कार्यक्रम में महानगर के अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने कहा कि पार्टी लगातार कार्यकर्ताओं के बीच में कार्यक्रम के माध्यम से संपर्क बनाकर कार्य करती है ।भारतीय जनता पार्टी समय-समय पर देश में समाज को नई दिशा देने वाले महापुरुषों के द्वारा किए गए कार्य को याद करते हुए उनको याद करते हैं। भारतीय जनता पार्टी के 5 जून से 25 जून तक होने जा रहे सभी कार्यक्रम प्रत्येक मंडल व प्रत्येक शक्ति केंद्र में सुव्यवस्थित तरीके से हो इसके लिए हमें कार्य योजना को व्यवस्थित रूप से बनाना होगा, साथ ही हम सब लोगों की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि कार्यक्रम की तरह न होकर एक जन संपर्क की तरह होना। कार्यक्रम में सविता कपूर, ज्योति प्रसाद गैरोला, पुनीत मित्तल ,श्रीमती विनोद उनियाल ,डॉ देवेंद्र भसीन ,श्याम अग्रवाल, सौरभ थपलियाल, सुनील उनियाल गामा, सुनील शर्मा ,संध्या थापा ,सुरेंद्र राणा, संदीप मुखर्जी, विपिन कंबोज, संकेत नौटियाल ,देवेंद्र पाल मोंटी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बेस चिकित्सालय श्रीनगर में चार सर्जन ने किया ज्वाइंन

**श्रीनगर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के टिचिंग बेस चिकित्सालय श्रीकोट में चार वरिष्ठ सर्जनों ने ज्वाइन किया है। मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने बताया कि स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के निर्देशों पर चार वरिष्ठ सर्जनों ने ज्वाइन कर दिया है। जिनमें प्रोफेसर डा. राकेश रावत, असिस्टेंट प्रोफेसर धनंजय डोभाल और दो सीनियर रेजिडेंट ने भी ज्वाइन किया है। चार सर्जन के ज्वाइन करने एवं अस्पताल में लगातार बढ़ रही सुविधाओं को देखते हुए श्रीनगर के भाजपाइयो ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत का धन्यवाद जताया है। धन्यवाद जताने वालों में श्रीनगर के मंडल अध्यक्ष विनय घिल्डियाल, जिला महामंत्री गिरीश पैन्यूली, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विपिन मैठाणी, जिला मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट सहित आदि शामिल थे।

## महिलाओं का सम्मान करें कांग्रेसी:चौहान



■ कहा -उंगलियों में गिनने लायक मामले नहीं करते समाज का प्रतिनिधित्व ■ कांग्रेस को अपनी मानसिकता को दुरुस्त करने की जरूरत बताई

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने महिला उत्पीड़न को लेकर कांग्रेस पर राजनीति का आरोप लगाते हुए कहा कि वह महिलाओं का सम्मान करे। उन्होंने कहा कि उंगलियों मे गिनने वाले मामले पूरी मातृ शक्ति का प्रतिनिधित्व नही करते और कांग्रेस को अपनी मानसिकता को दुरुस्त करने की जरूरत है।

कांग्रेस के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए चौहान ने कहा कि अब तक प्रदेश भर मे जितने मामले सामने आये हैं उन पर त्वरित कार्यवाही की गयी और आरोपी सलाखों के पीछे पहुंचे। उन्होंने स्मरण कराते हुए कहा कि पहली निर्वाचित सरकार मे महिला यौन शोषण के कई मामले सामने आये या कई मामलों मे बड़े नेता रैकेट के साथ पुलिस ने पकड़े। लेकिन भाजपा ने राजनीति से प्रेरित होकर महिला समुदाय का सम्मान कर इसे तूल नही दिया। क्योंकि ऐसे इक्के दुक्के मामले समूचे समाज का प्रतिनिधित्व नही करते।

चौहान ने कहा कि भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा है और वह बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ के नारे के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है। इस यात्रा मे कुछ घृणित आपराधिक मामले सामने आये हैं और पार्टी ने सतर्कता से उन्हें पहले ही पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। ऐसे लोगों को सरंक्षण के बजाय उन्हे सलाखों के पीछे भेज दिया।

उन्होंने कहा कि भाजपा विचार और कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। संयम, अनुशासन पार्टी का मूल मंत्र है ,जबकि कांग्रेस एक भानुमती का कुनबा है और वहाँ पर न नीति है, न नीयत है। कांग्रेस के घृणित मुद्दों पर आरोप और दुष्प्रचार भाजपा के नारी शासक्तिकरण के मिशन को नही डिगा सकती है।

## यूजेवीएनएल मुख्यालय में वृहद वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** विश्व पर्यावरण दिवस मनाने के क्रम में यूजेवीएन लिमिटेड के मुख्यालय उज्ज्वल में वृहद वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप सिंघल, निदेशक परिच. ालन विनय मिश्रा, अधिशासी निद. ेशक वित्त सुधाकर बडोनी, अधिशासी निदेशक पंकज कुलश्रेष्ठ, आशीष जैन, महाप्रबंधक विवेक आत्रेय, सी.पी. दिनकर, के.के. जायसवाल, विमल कुमार, उपमहाप्र. बंधक बबीता कोहली, संजय बिष्ट, मनीष इंग्ले, अधिशासी अभियंता राकेश चौहान, प्रभाकर गुप्ता, अमित शर्मा, के.के. गुप्ता, दिनेश भारद्वाज के साथ ही दिनेश सेमवाल, संजय कुमार, देवेंद्र नौटियाल तथा निगम के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा देहरादून स्थित निगम के मुख्यालय उज्ज्वल परिसर में वृक्षारा. ेपण किया गया।



इस अवसर पर यूजेवीएन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संदीप सिंघल ने सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हमें पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों का संचालन करना है। उन्होंने उपस्थित कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि अगली पीढ़ी के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए हमें पर्यावरण सरंक्षण हेतु वृक्षों का रोपण तथा संरक्षण करने के साथ साथ ही पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली भी अपनानी चाहिए।

## एमडीडीए की टीम ने ध्वस्त किया अवैध निर्माण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



**देहरादून।** मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण ने टीकाराम चौक करगी रोड बंजारावाला देहरादून में मेहंदी हसन द्वारा मुख्य मार्ग सड़क विस्तार में बिना मानचित्र स्वीकृति टिन शेड डालकर व्यावसायिक निर्माण किया गया था , जिस पर शुक्रवार को ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी ।इस कार्यवाही में सहायक अभियंता निशांत कुकरेती , अवर अभियन्ता नेहा ,सुपर वाइजर संजीव व पुलिस बल की उपस्थिति रही ।

## चुनाव - सूचना

श्री 108 स्वामी सच्चिदानन्द वेद भवन संस्कृत उत्तर मध्यमा विद्यालय रूद्रप्रयाग के साधारण सभा के सदस्यों को अवगत करवाना है कि दिनांक 28/06/2025 को प्रबन्ध समिति का गठन किया जाना है।

**चुनाव कार्यक्रम -**

| | |
|---|---|
| 1- नामांकन - | प्रात: 10 बजे से 10:30 बजे तक। |
| 2- नामांकन वापसी - | 10:30 बजे से 11:00 बजे तक। |
| 3- नामांकन पत्रों की जांच - | 11:00 बजे से 11:15 बजे तक। |
| 4- मतदान - | 11:15 बजे से 12:00 बजे। |
| 5- मतगणना का परिणाम - | 12:15 बजे से 01:00 बजे तक। |

**प्रबन्धक**
**श्री 108 स्वामी सच्चिदानन्द वेद भवन संस्कृत उत्तर मध्यमा विद्यालय रूद्रप्रयाग।**

## कार्यालय जिला पंचायत देहरादून।

पत्रंक सं0-428/VI/यू0कि0/2025-26 दिनांक:-06.06.2025

### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत देहरादून द्वारा जनपद देहरादून के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित कुल 40 यूनीपोलों जिनकी संख्या घट-बढ़ भी सकती है, को व्यवसायिक उपयोग हेतु दिनांक 01.07.2025 से 31.03.2026 तक 09 माह के लिये किराये पर दिया जाना है जिसके लिए इच्छुक व्यक्तियों/ठेकेदारों से शीलबन्द निविदायें दिनांक 21-06-2025 अपरान्ह 02.00 बजे तक पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रि की जाती है जो उसी तिथि को अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् कोई भी निविदा स्वीकार्य नही होगी। नीलामी की मुख्य शर्ते निम्नवत् है:-

1. निविदा निर्धारित प्रपत्र में शील बन्द लिफाफे मे ही स्वीकार की जायेगी। लिफाफे के बाहर मोटे-मोटे अक्षरों में **''यूनीपोल को किराये पर लेने हेतु निविदा''** लिखा होना चाहिए। निविदा प्रपत्र रू0 1,000/- (जी0एस0टी018 प्रतिशत अलग से देय) शुल्क जमा कर निविदा प्रकाशित होने की तिथि से दिनांक 17-06-2025 सांय 5.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
2. **.एक लिफाफे में निविदा से संबंधित समस्त अपेक्षित प्रमाण पत्र / अभिलेख रखें जायेगें तथा दूसरे लिफाफे में जिला पंचायत कार्यालय से क्रय किया गया निविदा प्रपत्र जिसमें दरें अंकों एवं शब्दों में स्पष्ट अंकित की गई हो, रखा जायेगा। तद्नुसार प्रमाण पत्र /अभिलेख वाले लिफाफे पर तकनीकि निविदा (Technical Bid) तथा दरों वाले लिफाफे पर वित्तीय निविदा (Financial Bid) मोटे अक्षरों में लिखकर एवं लिफाफे को भलिभॉति बन्द कर (चिपकाकर) एक तीसरे बड़े लिफाफे के अन्दर रखकर बड़ा लिफाफा सील कर लिफाफे के ऊपर निविदा का नाम तथा उसके नीचे प्रेषिती का नाम तथा पता अंकित कर प्रेंषित करना होगा।**
3. स्थापित यूनीपोलों का विकास खण्डवार विवरण निम्नवत् है:-

| क्र०सं० | विकासखण्ड | यूनीपोलो की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | चकराता | 09 |
| 2 | कालसी | 09 |
| 3 | विकास नगर | 02 |
| 4 | सहसपुर | 12 |
| 5 | डोईवाला | 08 |
| | **योग:-** | **40** |

4. यूनीपोल के किराये की न्यूनतम धानराशि रू0 4,700/-(रू0 चार हजार सात सौ मात्र) प्रति यूनीपोल प्रतिमाह निर्धारित है। निविदा प्रपत्र में प्रति यूनीपोल के किराये की धानराशि साफ-साफ अंकों एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य है।
5. निविदादाता को उत्तराखण्ड राज्य का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है।
6. निविदा प्रपत्र के साथ कुल 40 यूनीपोलो की 09 माह के किराये की कुल न्यूनतम धानराशि रू0 16,92,000/- की 10 प्रतिशत धनराशि रू0 1,69,200/-की एफ0डी0आर0 / सी0डी0आर0/ एन0एस0सी0जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत के पदनाम से बंधाक हो, प्रतिभूति/जमानत राशि के रूप में संलग्न करना अनिवार्य है।
7. निविदा प्रपत्र के साथ सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत कम से कम रू0 10.00 लाख का हैसियत प्रमाण-पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र जो 06 माह से पुराना न हो, स्थायी निवास प्रमाण पत्र की स्व प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8. निविदादाता पर जिला पंचायत, देहरादून की किसी भी प्रकार की कोई देयता शेष नही होनी चाहिए। यदि निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निविदादाता पर जिला पंचायत की कोई देयता निकलती है, तो उसका ठेका तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा जिसके लिए निविदादाता स्वयं उत्तरदायी रहेगा।
9. उच्चतम बोलीदाता जिसकी निविदा स्वीकार की जायेगी को स्वीकृत किराये की धनराशि प्रत्येक माह की 07 तारीख तक कार्यालय में जमा करानी होगी। यदि उच्चतम निविदादाता द्वारा निविदा स्वीकृति उपरान्त ठेका लेने से इन्कार किया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जमानत/प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जायेगी तथा द्वितीय उच्चतम निविदादाता को अधिमान देते हुए उसकी निविदा स्वीकृत किये जाने पर विचार किया जायेगा।
10. ठेकेदार को अनुबंध के समय टेण्डर / किराये की कुल धनराशि के 02 प्रतिशत धनराशि के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प कार्यालय में जमा कराने अनिवार्य होगे।
11. ठेका स्वीकृत/अस्वीकृत करने, ठेके की शर्तो में परिवर्तन करने अथवा आमंत्रित निविदाओं को बिना कोई कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार जिला पंचायत के सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा।
12. ठेके से सम्बन्धित किसी भी विवाद हेतु न्यायालय क्षेत्र देहरादून होगा।
13. ठेके से संबंधित अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से ज्ञात की जा सकती है।

**अपर मुख्य अधिकारी,**
**जिला पंचायत, देहरादून।**

## राम-रावण युद्ध के मंचन से कलाकारों ने बांधी समा

**रुद्रप्रयाग।** रामलीला आयोजन समिति जाखणी के तत्वाधान में चल रही रामलीला में राम रावण युद्ध का भव्य मंचन किया गया। जिसमें कलाकारों ने जोरदार अभिनय कर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। लीला देखने के लिए दूर दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे थे। तल्लानागुर क्षेत्र के जाखणी में चल रही रामलीला के दसवें दिन मुख्य अतिथि कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सूरज नेगी ने रिबन काटकर लीला का शुभारंभ किया। रामलीला के दसवें दिन अहंकारी रावण की आंखों के सामने उसके प्रिय भाई कुंभकर्ण, पुत्र मेघनाद और अहिरावण का वध कर दिया गया। इससे बौखलाए लंकेश ने राम के साथ स्वयं युद्ध की घोषणा कर दी, जबकि कुंभकर्ण ने लड़ाई में खुद के मारे जाने पर राम के साथ संधि करने की रावण को सख्त हिदायत दी थी, लेकिन ज्ञानी होने के बावजूद काल के बस में हो चुके रावण को समझ नहीं आई। भयंकर युद्ध होने के बाद विभीषण राम को रावण के मारने के लिए युक्ति बताते हैं। इस अवसर पर मातबर सिंह नेगी, धीरज नेगी, योगंबर रावत, गिरीश नेगी, अशोक नेगी, बृजमोहन सिंह, जीतपाल सिंह, अजय सिंह समेत कई दर्शक उपस्थित थे।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा

E mail:- eepwddugadda@rediffmail.com, eepwdcddugadda@gmail.com phone & Fax No:-0182-251221

पत्रांक 1822/18९०सी० दिनांक: 05/06/2025

### निविदा सूचना (e-Tendering)

माननीय राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो०नि०वि० दुगड्डा द्वारा निम्नलिखित कार्य ई-टैन्डरिंग द्वारा आइटम रेट के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना https://www-uktenders.gov.in पर दिनांक 11.06.2025 से उपलब्ध होगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रु० में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु० में) | कार्य पूण करने की अवधि (माह मे) | निविदा की वैधता (दिन में | फर्म/देकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पौडी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र कोटद्वार के विकासखण्ड दुगढडा के अन्तर्गत निम्बूचौड सुरखरीपुल से सत्तीचौड़ तक अदरी रोड़ का सुरक्षात्मक कार्य। | 98,000.00 | 3000.00+ जी0एस0टी0 | 06 | 60 | मार्ग कार्य में श्रेणी डी० एवं उच्यतर। |

**नोट**-निविदादाता को निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं निर्धारित समय से पूर्व निम्नलिखित अभिलेख अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मूल में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। जिसके प्रस्तुत न करने पर निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

1- निविदा प्रपत्र की लागत कॉलम 4 के अनुसार डिमांड बैंक ड्राफ्ट जो अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग दुगड्डा के नाम बन्धक हो। निविदा मूल्य य 18% GST हेतु दो बैंक ड्राफ्ट अलग - अलग दिये जायें।
2- निविदा की वैधता हेतु अन्डरटेकिंग जी रू0 100.00 मात्र का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर रु० 1.00 के दैवेन्यू स्टाम्प पर हस्ताक्षर सहित वैधता की अवधि इंगित करते हुये प्रमाण पत्र।
3- निर्धारित धरोहर धनराशि जो कि अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लो०नि०वि० दुगड्डा के नाम बन्धक हो।
4- जी०एस०टी० की प्रति।
5- पंजीकरण की प्रति।

**अधिशासी अभियन्ता**

# कांवड़ यात्रा के लिए सभी व्यवस्थाएं हों चाक-चौबन्द: जिलाधिकारी

## जिला कार्यालय सभागार में आगामी कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर की महत्वपूर्ण बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** आगामी कांवड़ यात्रा के सफल संचालन हेतु सभी व्यवस्थाएं सयमबद्धता व पारदर्शिता से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जिला कार्यालय सभागार में आगामी कांवड़ यात्रा की तैयारियों से सम्बन्धित महत्वपूर्ण बैठक लेते हुए दिये। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनपद में किसी भी प्रकार का या किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार बरदाश्त नहीं किया जायेगा। डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि कांवड़ मेले से सम्बन्धित वास्तविक व साइंटिफिक डीपीआर सोमवार तक जिला कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा एक-एक डीपीआर की गहनता से समीक्षा के बाद ही धनराशि अवमुक्त की जायेगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही व लीपापोती बरदाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने सभी कार्यों को समयबद्धता, पारदर्शिता तथा गुणवत्ता से सम्पन्न कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने चिकित्सा विभाग द्वारा प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि अस्थायी मेडिकल कैम्प हेतु स्थलों को चयनित करते हुए डॉक्टर्स की तैनाती की जाये तथा पर्याप्त संख्या में दवाईयां विशेषकर एन्टी वेनम की व्यवस्था की जाये। एम्बुलेंस तैनाती



हेतु स्थलों का चयन किया जाये व यात्रा के दौरान गर्भवती महिलाओं की संभावित डिलीवरी हेतु सुरक्षित वैकल्पिक स्थानों को चिन्हित करते हुए कार्य योजना तैयार की जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि प्राईवेट चिकित्सा शिविरों का आयोजन हेतु सीएमओ से द्वारा नियमानुसार अनुमतियां जारी की जाये। जिलाधिकारी ने आधारभूत सुविधाओं एवं अवस्थापना विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि कांवड़ यात्रा मानसून काल में संचालित होगी, इसलिए कांवड़ यात्रा मार्गो से छाड़ियों का कटान एवं सफाई की जाये, विभिन्न स्थानों पर अच्छी गुणवत्ता के शौचालयों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी कने सभी शौचालयों को 30 जून तक फंक्शनल करने के निर्देश अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को दिये। उन्होंने विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि करन्ट लगने के कारण किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो, सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करते हुए सर्टिफिकेट जिला कार्यालय में उपलब्ध कराया जाये। उन्होंने खाद्य विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि पेट्रोल पम्पों पर पर्याप्त मात्रा में स्टॉक हो। उन्होंन पूति, बांटमाप तथा खाद्य सुरक्षा विभाग को आपसी समन्वय से वृहद्ध अभियान चलाकर होटल, ढ़ाबों पर रेस्ट लिस्ट चस्पा कराने, नाप-ताल यंत्र चौक करने तथा खाद्य सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी नगर निगम, नगर पालिकाओ, एनएचएआई तथा सिंचाई विभाग के अधिकारियों को समय से नालों की सफाई करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने यात्रा क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दुरस्त रखने के निर्देश नगर निगम हरिद्वार, रूड़की तथा अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को दिये। उन्होंने लावारिश गौवंश को पकड़ कर नजदीकी गौशालाओं के भेजने के निर्देश सभी निकायों के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा को अपनी विशेष प्राथमिकता में शामिल करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्य पूर्ण करते हुए सर्टिफिकेट जिला कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यों को समयबद्धता, गुणवत्ता व पारदर्शिता से कराया जाये तथा प्रत्येक कार्य को प्रोपर डॉक्यूमेंटेशन किया जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यो में लापरवाही या शिकायत मिलने पर सम्बन्धित के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। इसके साथ ही अन्य महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। बैठक में नगर नन्दन कुमार, राकेश तिवारी, एसपी पंकज गैरोला, अपर जिलाधिकारी दीपेन्द्र सिंह नेगी, सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान, सचिव एचआरडीए मनीष सिंह, उप जिलाधिकारी लक्ष्मीराज चौहान, जितेन्द्र कुमार, सीएमओ डॉ.आरके सिंह, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई डीसी उनियाल, ओम जी गुप्ता, अधिशासी अधिकारी लोनिवि दीपक कुमार, अधिशासी अभियन्ता विद्युत दीपक सैनी, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी मीरा रावत, एआरटीओ कृष्ण चन्द्र, निखिल शर्मा सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# कांग्रेस ने की पूर्व भाजपा नेत्री द्वारा नाबालिग बेटी का सामूहिक दुष्कर्म कराने के मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कांग्रेस ने भाजपा नेत्री द्वारा नाबालिग बेटी का सामूहिक दुष्कर्म कराने के मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली और चाल चरित्र चेहरे की बात करने वाली भाजपा के राज में प्रदेश में महिलाओं के प्रति अपराधों की बाढ़ आ गयी है। अधिकांश मामलों में आरोप भाजपा नेताओं पर लगे हैं। महिला अपराध के मामलों में उत्तराखंड पर्वतीय राज्यों मे प्रथम स्थान पर पहुंच चुका है। हरिद्वार की भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष द्वारा अपनी 13 साल की नाबालिग बेटी का अपने दोस्तों से सामूहिक दुष्कर्म कराने का मामला बेहद शर्मनाक है। अमन गर्ग ने कहा कि इस प्रकरण में बड़े और प्रभावशाली लोग भी शामिल हो सकते हैं। इसलिए इस मामले की हाईकोर्ट के सीटिंग जज की अध्यक्षता




में उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। जिससे भाजपा नेत्री को संरक्षण देकर पार्टी में अहम पदों पर पहुंचाने वाले सफेदपोश नेताओं के चेहरे बेनकाब हो सकें। महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष अंजू मिश्रा ने कहा कि नाबालिग बेटी से सामूहिक कराने की आरोपी भाजपा नेत्री को पॉक्सो के तहत फांसी की सजा दी जाए। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुरली मनोहर व राजबीर सिंह ने कहा कि इस शर्मनाक मामले में संलिप्त सभी लोगों पर कार्रवाई हो। साथ ही अंकिता भंडारी मामले में शामिल वीवीआईपी का नाम भी सार्वजनिक किया जाए। युवा नेता वरूण बालियान, वरिष्ठ नेता मनोज सैनी ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में वीवीआईपी को बचा लिया गया। लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। यदि पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच नहीं करायी गयी तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। महेश प्रताप राणा ने कहा कि जिस प्रकार पूरे देश में भाजपा नेताओं के शर्मनाक मामले सामने आ रहे हैं। उससे भाजपा के पार्टी विद डिफरेंस होने की बात सही साबित हो रही है। प्रैसवार्ता में महिला कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष रचना शर्मा, विकास चंद्रा, बीएस तेजयान, ऋषभ वशिष्ठ, वरूण चौहान, सोनू आदि कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा के अवसर पर स्पर्श गंगा ने किया वृक्षारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** स्पर्श गंगा दस दिवसीय नि:शुल्क समर कैंप के नवे दिन गंगा दशहरा और विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एंजेल एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रधानाचार्य रश्मि चोहान, डैम किड्सजी की प्रधानाचार्य डा. चित्रा शर्मा और समाजसेविका रीमा गुप्ता, मनु रावत और रीता चमोली ने बच्चों के साथ गंगा आरती की और पोधा लगाया। प्रधानाचार्य रश्मि चोहान ने बच्ची से कहा कि प्रकृति हमारे जीवन का आधार है। प्रत्येक पेड़, जल की बूंद और जीव हमारे अस्तित्व से जुड़े हैं। उन्होंने पेड़ लगाने, जल संरक्षण और प्लास्टिक के कम उपयोग का आह्वान किया। डा चित्रा शर्मा ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक किया। रीमा गुप्ता ने कैंप में डांस और योग का प्रशिक्षण देने वाली कनक आत्रे और रिद्वीश्री राजवंश को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कनक आत्रे और रिद्धिश्री राजवंश जरूरतमंद परिवार के पचास बच्चों को रोज चार घंटे निशुल्क पढ़ाती है वह सभी बच्चों के लिए रोल मॉडल है।रश्मि चोहान ने कैंप में बच्चों को चाकलेट, पेस्ट्री, समोसे, जूस और चित्रा शर्मा ने सभी बच्चों को फल वितरित किये।

## एक नजर

### गंगा दशहरे पर महिलाओं ने गंगा को अर्पित की 25 मीटर की साड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** गंगा दशहरे के अवसर पर शिवलोक कालोनी फेस-2 स्थित गुप्तेश्वर महादेव मंदिर के संस्थापक कृष्णा अग्रवाल के संयोजन में गोविंद घाट पर गंगा पूजन किया गया। जिसमें शिवलोक कॉलोनी की कंचन अग्रवाल, माया कपूर, नीता कपूर, बिंदिया शर्मा, शशि अग्रवाल, आशा, प्रीति अग्रवाल, रानी अग्रवाल, प्रियंका, गीता वर्मा, सरिता



आदि सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। देर शाम आयोजित किए गए कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने गंगा पूजन करने के साथ मां गंगा को 25 मीटर की साड़ी अर्पित की। कृष्णा अग्रवाल व कंचन अग्रवाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में मां गंगा का विशेष महत्व है। गंगा जल में स्नान और गंगा पूजन करने से परिवारों में सुख समृद्धि का वास होता है। इस दौरान अशोक अग्रवाल, विवेक गोयल, नीरज अग्रवाल, महेंद्र, अरविंद अग्रवाल आदि भी मौजूद रहे।

### संगम ट्रस्ट ने जिलाधिकारी का किया स्वागत

**हरिद्वार।** संगम ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष जटाशंकर श्रीवास्तव के नेतृत्व में ट्रस्ट के पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने नवागत जिलाधिकारी मयूर दीक्षित से शिष्टाचार भेंट की और पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। इस दौरान जिलाधिकारी मयूर दीक्षित का स्वागत करते हुए जटाशंकर श्रीवास्तव ने कहा कि जिलाधिकारी के नेतृत्व में जनपद में प्रशासनिक व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी। जनसामान्य की



समस्याओं के समाधान की गति तेज होगी। उन्होंने कहा कि हरिद्वार धर्मनगरी है। प्रतिवर्ष कई बड़े स्नान पर्वो के अलावा विशाल कांवड़ मेले का आयोजन हरिद्वार में होता है। आगामी माह होने वाले कांवड़ मेले में आने वाले शिवभक्तों को सभी सुविधाएं उपलबध करायी जाएं।

### निर्जला एकादशी पर राहगीरों को ठंडा जल, शरबत पिलाया

**हरिद्वार।** शुक्रवार को धर्मनगरी में निर्जला एकादशी पर गंगा स्नान कर लोगों ने अपने सामर्थय के अनुसार जहां दान पुण्य किया। निर्जला एकादशी पर शहर में लोगों ने जगह-जगह छबीली लगातार लोगों मीठा शरबत पिलाया। वहीं, जानवरों की सेवा के लिये नि:शुल्क सेवा धाम चलाने वाले पीयूष वालिया ने लोगों को ठंडा जल और शबरत पिलाया। वहीं, महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी ने खड़खड़ी में अपने प्रतिष्ठान पर छबील लगाकर श्रद्धालुओं को ठंडा मीठा शर्बत वितरित किया गया। इस अवसर पर सुनील ने सभी को निर्जला एकादशी की शुभकामनाएं दी और प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील की। साथ ही प्रशासन से कांवड़ मेले पूर्व शहर में जगह-जगह अतिरिक्त नलकूप एवं प्याऊ लगाने की मांग भी की।

### भाकियू (सर्व) ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**हरिद्वार।** भारतीय किसान यूनियन (सर्व) व भारतीय किसान श्रमिक जनशक्ति यूनियन के पदाधिकारियो ने हरिद्वार के नवनियुक्त जिलाधिकारी मयूर दीक्षित का स्वागत कर उन्हे एक ज्ञापन सौपा। इस मौके पर राष्ट्रीय सलाहकार महावीर रावत ने कहा की उत्तराखंड के टिहरी की जनता के अभूतपूर्व त्याग के परिणाम स्वरूप टिहरी बांध का निर्माण संभव हो पाया है और सैकड़ो टिहरी क्षेत्र के परिवार इस बांध निर्माण के कारण हरिद्वार के टिहरी विस्थापित क्षेत्र में विस्थापित किये गये थे तो वही इतने समय विस्थापन होने के बाद भी अब मौजूदा समय मे भी यहां की जनता को कई समस्याओ से जुझना पड़ रहा है तो वही हरिद्वार प्रशासन से मांग करते है टिहरी विस्थापित छेत्र की समस्याओ का जल्द से जल्द निदान किया जाये। भारतीय किसान श्रमिक जनशक्ति यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने कहा कि भाकियू (सर्व) व उनकी यूनियन सयुक्त रूप से मैदानी कर्षकों की हितों की लड़ाई लड़ने के साथ साथ पर्वतीय किसानों की समस्याओ के निस्तारण के लिये भी जल्द पहाड़ो पर भी एक मजबूत टीम का गठन करेगी। इस दौरान मुख्यरूप से भाकियू (सर्व) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल शर्मा, श्रीमती सुरेंद्रा शर्मा, रजत अग्रवाल, विनेश उनियाल श्रीमती मधु नौटियाल, गब्बर सिंह आदि मुख्यरूप से मौजूद रहे।

# आईएमए में पासिंग आउट परेड में शामिल हुए धूमसिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल के छात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सीतापुर स्थित धूम सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल के छात्रों ने भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून में आयोजित पासिंग आउट परेड में भाग लिया। स्कूल के निदेशक मुकुल चौहान ने बताया स्कूल के पीई राजकुमार और लता के मार्गदर्शन में परेड़ में शामिल हुए छात्र-छात्राओं को प्रतिष्ठित भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून में पासिंग आउट परेड में अनुशासन और गौरव के शानदार प्रदर्शन का हिस्सा बनने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि पीओपी एक कठोर प्रशिक्षण कार्यक्रम के पूरा होने का प्रतीक है। जो छात्रों की प्रतिबद्धता, अनुशासन और उनकी भविष्य की भूमिकाओं के लिए तत्परता को दर्शाता है। प्रिंसिपल साधना भाटिया ने कहा कि पासिंग आउट परेड में शामिल हुए छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जीवन में अनुशासन के महत्व को सीखा।

## पर्यावरण मित्रों को मृतक आश्रित नियुक्ति का लाभ दिए जाने के

# कैबिनेट के निर्णय का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** उत्तराखंड निकाय कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने पर्यावरण मित्रों को 2013 की नियमावली में सम्मिलित कर मृतक आश्रित नियुक्ति का लाभ दिए जाने के सरकार के निर्णय का स्वागत किया है। मोर्चे के मुख्य संयोजक सुरेन्द्र तेश्वर, संयोजक राजेन्द्र श्रमिक व मुकुल जोशी ने कहा कि पूर्व की सरकार द्वारा 859 पर्यावरण मित्रों को इस शर्त पर स्थाई किया गया था कि सेवा निवृति एवं मृत्यु होने पर पद समाप्त हो जाएंगे। वन टाइम सेटलमेंट के तहत सफाईकर्मी की मृत्यु अथवा सेवानिवृत्ति के उपरांत पद स्वत: समाप्त करने की नीति लागू की गई थी। प्रदेश के नगर निकायों मे इस प्रकार के मामले लंबित चल रहे थे। जिससे मृतक आश्रित परिवार परेशान थे। पूर्व सरकार व तत्कालीन सचिव शहरी विकास विभाग के गलत आदेशों का सम्बंधित पर्यावरण मित्रों के आश्रित खामियाजा भुगत रहे थे। धामी सरकार द्वारा कैबिनेट में मृतक आश्रित नियुक्ति का लाभ दिए जाने के निर्णय से अब उन्हें इंसाफ मिलेगा। संबंधित कर्मचारियों के परिवार में इस निर्णय से खुशी की लहर व्याप्त है। इसके लिए उत्तराखण्ड निकाय कर्मचारी संयुक्त मोर्चा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं प्रदेश सरकार का आभारी है। आभार व्यक्त करने वालो में मोर्चे के मुख्य संयोजक सुरेन्द्र तेश्वर, संयोजक राजेन्द्र श्रमिक, संयोजक संतोष गौरव, मुकुल जोशी, प्रवीण तेश्वर, अखिलेश शर्मा, टंकार कौशल, सलेकचंद, आत्माराम बेनीवाल, नानकचंद पेवल, मनोज छाछर, बलराम चुटेला, दीपक तेश्वर, आनंद कांगड़ा, राजू खैरवाल, प्रवीण कुमार, प्रदीप, राजेश खैरवाल, काका, कुलदीप कांगड़ा, राजू बाबू, कपिल, दीपक चावरिया, संनी, राहुल, शुभम, उमेश, रोहित, किशोर गोड, लोकेश चौटाला, विकास कुमार, आदेश यादव आदि शामिल रहे।

# अक्षय फलदायी है निर्जला एकादशी पर किया गया दान-पुण्य : स्वामी दुर्गेशानन्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** श्री ललिताम्बा देवी ट्रस्ट की ओर से संचालित मानव कल्याण आश्रम में निर्जला एकादशी के अवसर पर ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी अनिरूद्ध भाटी के संयोजन एवं महंत दुर्गेशानन्द सरस्वती महाराज के सानिध्य में संतजनों, विद्यार्थियों और तीर्थयात्रियों को शरबत, बिस्कुट एवं प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर आश्रम के महंत दुर्गेशानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष में दशमी से लेकर पूर्णमासी तक का समय ध्यान, पूजा-पाठ, दान-पुण्य के लिए उत्तम समय है। इस समय में तीर्थो की यात्रा, भगवान श्रीहरि का पूजन, गौ-दान, विष्णु सहस्त्र नाम का पाठ, श्रीमद भागवत कथा श्रवण करना परम कल्याणकारी है। उन्होंने कहा कि निर्जला एकादशी के अवसर पर किया गया दान-पुण्य अक्षय फलदायी होता है। मैनेजिंग ट्रस्टी अनिरूद्ध भाटी ने कहा कि निर्जला एकादशी का सनातन हिन्दू धर्म में विशेष महत्व है। इस दिन किया गया जप-तप, गंगा स्नान, दान-पुण्य विशेष फलदायी है। जो भी श्रीहरि का भक्त निर्जल रहकर दूसरों को जल, शरबत व शीतल पेय पदार्थ वितरित करता है वह अक्षय पुण्य का भागी बनता है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट द्वारा निरन्तर सेवा प्रकल्पों का संचालन किया जाता है। ट्रस्ट की कोषाध्यक्ष रेनुका बेन एल.ठक्कर ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष में प्रतिदिन संतों, विद्यार्थियों व तीर्थयात्रियों को भोजन, शीतल पेय पदार्थ प्रतिदिन वितरित किये जाते हैं। गंगा दशहरा से लेकर ज्येष्ठ पूर्णिमा तक यह आयोजन प्रतिदिन जारी रहेगा। संजय वर्मा, मिथिलेश, ब्रह्मजीत, महेंद्र, रामजी आदि ने शरबत एवं प्रसाद वितरित करने में सहयोग प्रदान किया।



# डा. संतोषानंद बने जायसवाल महासभा के वरिष्ठ राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** को अखिल भारतीय जायसवाल (सर्ववर्गीय) महासभा के मुख्य संरक्षक बालेश्वरदयाल, वरिष्ठ संरक्षक पन्नालाल जायसवाल, राष्ट्रीय संरक्षक किशोर हेमराज जायसवाल तथा राष्ट्रीय संरक्षक रविन्द्र जायसवाल की ओर से की गई अनुशंसा व व्यापक विचार विमर्श के आधार पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मदनलाल प्रभातीलाल जायसवाल ने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करते हुए तथा संविधान में दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी डा. संतोषानंद देव को सत्र 2024-2027 के लिए अखिल भारतीय जायसवाल (सर्ववर्गीय) महासभा के महत्वपूर्ण राष्ट्रीय वरिष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किये जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि महासभा को



पूर्ण विश्वास स्वामी जी अपनी शैक्षणिक योग्यता, सामाजिक सक्रियता और संगठनात्मक कौशल के बाद पर समाज को नई दिशा देगे। मदनलाल प्रभातीलाल जायसवाल, आदित्य वधनम राष्ट्रीय महासचिवडा. हरीप्रकाश अनन्तलाल जायसवाल, बालेश्वर दयाल जायसवाल, पन्नालाल जायसवाल, किशोर हेमराज जायसवाल, रविन्द्र जायसवाल, आनन्दसिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने शुभकामनाएं दी हैं।

# भारत की धरोहर और जीवन रेखा है मां गंगा: महंत रामनौमी दास

## श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन में किया गंगा महोत्सव का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कनखल स्थित श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन में गंगा महोत्सव का आयोजन किया गया। महंत धर्मप्रकाश के संयोजन में बृहष्पतिवार की देर शाम आयोजित किए गए गंगा महोत्सव की अध्यक्षता करते हुए अखाड़े के मुखिया महंत रामनौमी दास ने कहा कि राजा भगीरथ के कठोर तप के बाद जल रूप में स्वर्ग से पृथ्वी पर आयी मां गंगा जन-जन का कल्याण करती है। गंगा भारत की धरोहर और जीवन रेखा है। मोक्षदायिनी मां गंगा की पवित्रता और निर्मलता बनाए रखना प्रत्येक प्राणी का कर्तव्य है। महंत रूपेंद्र प्रकाश और महामंडलेश्वर कपिल मुनि ने कहा कि मानव कल्याण के लिए पृथ्वी पर आयी मां गंगा मानवीय गलतियों के चलते प्रदूषित हो रही है। गंगा की पवित्रता, निर्मलता, अविरलता बनाए रखने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। महंत धर्मप्रकाश ने कहा कि साक्षात दर्शन देने वाली मां गंगा का जल अत्यन्त पवित्र है। गंगा में स्नान, गंगा जल के दर्शन और आचमन मात्र से ही समस्त पापों से निवृत्ति हो जाती है। उन्होंने कहा कि भारतवासी भाग्यशाली हैं कि उन्हें गंगा समेत कई पवित्र नदियों का सानिध्य प्राप्त होता है। मां गंगा का धार्मिक के साथ आर्थिक महत्व भी है। गंगा भारत के बड़े भूभाग को सिंचित कर देश




की अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण योगदान करती है। महंत धर्मप्रकाश, कोठारी महंत राघवेंद्र दास, महंत गोविंददास, स्वामी रविदेव शास्त्री, महंत दामोदर शरण दास, महंत श्यामदास ने सभी संतों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इसके पूर्व सभी संतों ने राजघाट पर पूर्ण विधि विधान से मां गंगा की आरती और पूजन कर विश्व कल्याण की कामना की। कार्यक्रम का संचालन स्वामी हरिहरानंद ने किया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी शिवानंद, स्वामी जगदीश दास, महंत श्यामदास, महंत कैलाश मुनि, महंत सूरज दास, महंत शुभम गिरी, भारत माता मंदिर के आईडी शास्त्री, स्वामी दिनेश दास, महंत जयेंद्र मुनि, महंत राम मुनि, महंत जसविंदर सिंह, महंत विनोद महाराज, महंत श्याम प्रकाश, स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि सहित सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरूष सम्मिलित हुए और महंत धर्मप्रकाश का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।

# श्रीराम नाम विश्व बैंक समिति ने शुरू किया विशेष पौधारोपण अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में श्रीराम नाम विश्व बैंक समिति ने विशेष पौधारोपण अभियान शुरू किया है। एक पखवाड़े तक चलने वाले अभियान के तहत समिति की और से अलग-अलग प्रजातियों के सैकड़ों पौधे लगाए जाएंगे। श्रीराम नाम विश्व बैंक समिति के



राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमित तिवारी ने बताया कि संस्था की और से प्रकृति को ग्लोबल वार्मिंग से बचाने के लिए वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष पौधारोपण अभियान शुरू किया गया है। अभियान के अंतर्गत अलग-अलग प्रजाति के लगभग 500 पौधों का रोपण किया गया है। अभियान एक पखवाड़े तक निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पृथ्वी को ग्लोबल वार्मिंग से बचाना सभी का नैतिक दायित्व। एकजुट होकर प्रकृति का संरक्षण करना होगा। महासचिव विकास गर्ग ने कहा कि संस्था के लगभग 278 कार्यालयों पर वृक्षारोपण महाभियान चलाया गया और प्रत्येक कार्यालय के परिसर 5-5 पौधे लगाए गए। साथ ही संस्था के सदस्यों को एक-एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प भी दिलाया। इस अवसर पर मुकेश शर्मा, कुलदीप अरोड़ा, देवेंद्र कुमार, रोहित वर्मा, राघव कोहली, इशिका धीमान, अभिनव कुमार, करन, उदित आदि शामिल रहे।

### सूचना (संबंध विच्छेद)

मेरा पुत्र राजसाव व पुत्रवधु श्रीमती सोनी देवी गलत आचरण के कारण हमारे कहने सुनने में नही है, इनसे तंग आकर अपनी समस्त चल अचल संम्पति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य व लेनदेन की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नही होगी। रीता देवी पत्नी मुनारिक साव, निवासी 161, तपोवन नगर, पांडेयवाला, ज्वालापुर, तहसील व जिला हरिद्वार।

## क्वासी के पूर्व मंडल महामंत्री प्रीतम का कार दुर्घटना में निधन

**चकराता।** भारतीय जनता पार्टी क्वासी मंडल के पूर्व महामंत्री खबोऊ गांव निवासी 36 वर्षीय प्रीतम चौहान का कार दुर्घटना में निधन हो गया। वह अपने गांव खबोऊ से चकराता के लिए रवाना हुए थे। जस्टा गांव के पास उनकी बुलेरो गाड़ी अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। बताया जा रहा है कि वह अपनी गाड़ी में अकेले है सफर कर रहे थे। वह सामाजिक व राजनी. तिक में निरंतर सक्रिय रहते थे। विगत कार्यकाल में वह क्वासी मंडल के महामंत्री भी रहे इस दौरान उन्होंने अनेक लोगों को पार्टी के साथ जोड़ने का काम किया। सुबह वह अपने गांव खबोऊ से चकराता के लिए निकले थे डामटा - गोरा घाटी मोटर मार्ग के पास जस्टा गांव के पास उनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

# मोदी शासन में हो रहे पारदर्शिता से विकास कार्य: पुंडीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रूद्रप्रयागः** विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल के उपलक्ष में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय रुद्रप्रयाग में कार्यक्रम में** मुख्य वक्ता किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जोगेन्द्र सिंह पुंडीर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की अभूतपूर्व प्रगति, नीति-निर्माण की पारदर्शिता, सुशासन एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक विवेचना कर कहा कि यह 11 वर्ष मात्र शासन के नहीं, बल्कि भारत के पुनरुत्थान के वर्ष रहे हैं।जिसमें आज भारत विश्व में आर्थिक, सामरिक और सांस्कृतिक रूप में अग्रणीय देशों में



शुमार है। उन्होंने कहा कि देश में राष्ट्रीय सोच की मोदी सरकार लगातार गरीब कल्याण एवं सेवा सुशासन का कार्य कर रही है जिस से आम जनता को इसका लाभ मिल रहा है साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं को आह्वान करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के जनपयोगी कार्यों को जन-जन पहुंचाकर इसका लाभ आमजनता को दिलवाना है। साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार गरीब कल्याण के लिए तत्पर है तथा उनके लिए अनेक योजनाओं का संचालन कर रही है। जिससे कि आम जनता को इसका लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में रुद्रप्रयाग के विधायक

**■ सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल के उपलक्ष्य में कार्यशाला आयोजित, मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद रहे भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष**

भारत सिंह चौधरी ने सरकार की उपलब्धियां पर चर्चा करते हुए कहा कि आज विकास जन जन के द्वार पहुंच रहा है एवं इसका लाभ आम जनता को मिला है। उन्होंने कहा कि सड़क ,पानी, बिजली, स्वस्थ , शिक्षा ,खाद्यान्न के साथ साथ केंद्र और राज्य की अनेकों योजनाओं का लाभ जनता को मिल रहा है।

**बैठक में जिला अध्यक्ष भारत भूषण भट्ट ,बद्री केदार मंदिर समिति के उपाध्यक्ष विजय कापरवान,**

निवर्तमान जिला अध्यक्ष महावीर सिंह पवार, जिला महामंत्री विनोद देवशाली,कार्यक्रम संयोजक भूपेंद्र भंडारी सहसंयोजक सुमन जमलोकी, त्रिलोक रावत, गंभीर बिष्ट, ओमप्रक. ाश बहुगुणा, दरम्यान जखवाल, सुरेन्द्र रावत, सैन सिंह बिष्ट,पार्वती गोस्वामी, शालिनी गोस्वामी, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रदीप राणा, विकास डिमरी, विपिन सेमवाल ,जेपी सेमवाल ,भूपेंद्र बिष्ट, चरण सिंह राणा , दीपराज बंगारी, धर्मेन्द्र कंडवाल, जिला कार्यालय मंत्री सुनील नौटियाल, जिला मीडिया प्रभारी सतेन्द्र बर्त्वाल सहित सभी मंडलों अध्यक्ष सहित जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## हिमवीरों ने किया योगाभ्यास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशीः** जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी उत्तरकाशी के योग प्रशिक्षकों ने हिमवीरों को तीन दिवसीय योगाभ्यास करवाया है।

35 वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के कैम्प परिसर माहिडांडा, उत्तरकाशी में चार जून से शुरू हुऐ तीन दिवसीय योग शिविर शुक्रवार को संपन्न हो गया है।

गौरतलब है कि 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भानु प्रताप सिंह, कमाण्डेंट 35वीं वाहिनी के मार्गदर्शन में जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवायें के योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास करवाया गया। जिसमे समस्त अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी, एवं जवानों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

शिविर सम्पन्न होने के उपरान्त भानु प्रताप सिंह, कमाण्डेंट ने जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवायें उत्तरकाशी के योग प्रशिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित पर पदाधिकारियों को ष्योग शिविरष के आयोजन पर शुभकामनाएँ दी। योग से होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी गई, इसके साथ ही हिमवीरों द्वारा उत्साह पूर्वक योगाभ्यास किया गया।

## प्रावि जैली में आयोजित समर कैंप का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** सिलगढ़ क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जैली में भारतीय भाषा विकास पर आधारित समर कैम्प का समापन हो गया। जिसमें सरस्वती वंदना सरस्वति भगवति हमु तैं तु दे भलि मति तथा समूहगान में धरति हमारा गढ़वाल नामक गीत आकर्षण का केन्द्र रहा। इस अवसर पर विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण भी किया।

प्रावि जैली में चल रहे समर कैंप के अंतिम दिन पर्यावरण दिवस की अवधारणा, इतिहास और महत्व को विस्तार से जानकारी दी गई। एक "पेड़ माँ" के नाम राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत छात्रों ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में संतरा, अमरूद, आड़ू व विविध फूलों के पौधों का रोपण किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक माधव सिंह नेगी, शिक्षक विजय सिंह मैखली, अंकित जगवाण, संगीता राणा ने एक-एक फलदार पौधे का रोपण किया। समर कैम्प में सिखाए गए कौशलों के आधार पर फीडबैक मूल्यांकन में फीडबैक मूल्यांकन में बालिका वर्ग में कु आरुषी राणा एवं बालक वर्ग में गौरव भट्ट प्रथम स्थान पर रहे। आयुष चमोला द्वितीय, विवेक राणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में समस्त प्रतिभागियों व शिक्षकों को प्रतिभाग प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने माँ सरस्वती की वन्दना "तेरो ही आशीष च" की प्रस्तुति देकर किया।

## संगठन ने रूह अफजा व गुलाब जल शरबत वितरण किया



**विकासनगर।** हिंदू जन जागृति संगठन के संस्थापक सुशील की साहू ने बताया कि द्वितीय वर्ष निर्जला एकादशी के शुभ अवसर पर छबील शरबत का वितरण किया गया इसमें खास बात यह रही कि शरबत में रूह अफजा ना उसे कर पतंजलि का गुलाब जल शरबत का यूज किया गया। अरविंद शर्मा, डॉक्टर नरदेव शर्मा, चेतन शर्मा, मिथिलेश शर्मा, अजय पंवार, प्रदीप सुराना, अग्रिम देव, रितु डिमरी, कल्पना चौहान, सुशील कुककी साहू आदि लोग मौजूद रहे।

## खारसी मोटर मार्ग की बदहाल हालत बनी हादसों की दावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** खारसी मोटर मार्ग की हालत इन दिनों बद से बदतर हो गई है। खासकर किलोमीटर 1 से लेकर किलोमीटर 3 तक सड़क पर गहरे गड्ढे वाहन चालकों के लिए जोखिम बन गए हैं। जगह-जगह उधड़ी हुई सड़क पर चलना जान हथेली पर लेकर चलने के बराबर हो गया है।

स्थानीय निवासियों सूरज प्रकाश, चतर सिंह, प्रधान कुंदन सिंह और सुरेन्द्र सिंह ने इस गंभीर समस्या को लेकर अधिशासी अभियंता नीरज त्रिपाठी को शिकायत की है। ग्रामीणों का कहना है कि खस्ताहाल सड़क के कारण दोपहिया व चारपहिया वाहनों को चलाना बेहद मुश्किल हो गया है, और हर रोज दुर्घटना का खतरा बना रहता है।



उन्होंने चेताया कि यदि जल्द मरम्मत कार्य नहीं हुआ तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। खराब सड़क न सिर्फ स्थानीय लोगों को परेशान कर रही है, बल्कि स्कूली बच्चों, मरीजों और दैनिक यात्रियों के लिए भी खतरे का कारण बन रही है। इस संबंध में अधिशासी अभियंता नीरज त्रिपाठी ने बताया कि विभाग की ओर से किलोमीटर 4 और 5 पर पेंचवर्क का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि खारसी मार्ग के क्षतिग्रस्त हिस्सों पर भी शीघ्र ही मरम्मत का कार्य किया जाएगा।

**एक नजर .......**

## सिरसेड गांव में रामलीला का मंचन शुरू

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के ग्राम सभा दस दिवसीय रामलीला मंचन का शुभारंभ बड़े हर्षोल्लास के साथ हुआ। सिरसेड के स्थानीय निवासियों द्वारा हर वर्ष जून माह में रामलीला का आयोजन किया जाता है। रामलीला के प्रथम दिवस पर कैलास लीला व मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम चन्द्र की जन्म लीला का मंचन किया गया। इस मौके पर सिरसेंड सहित आस पास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग रामलीला देखने पहुंचे। रामलीला समिति सिरसेड के अध्यक्ष भूपेन्द्र कठैत ने कहा कि विगत 50 वर्षों से भी अधिक समय से सिरसेड में जून माह में ही रामलीला का मंचन किया जाता है। बताया कि रामलीला के मंचन को देखते हुए प्रवासी लोग बड़ी संख्या में गांव पहुंचते है। कहा कि इस तरह के आयोजन जहां नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ता है वहीं बाल कलाकारों को अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए मंच उपलब्ध कराता है। इस मौक पर समिति के सचिव विजयपाल कठैत, कोषाध्यक्ष विक्रम नेगी, पूर्व अध्यक्ष पुष्कर भण्डारी सहित आदि मौजूद थे।

## विधायक प्रीतम सिंह ने किया सड़क का उद्घाटन




**सहिया।** कालसी चकराता मोटर मार्ग से चरखेत स्थित गौशाला तक बनी विधायक निधि से सड़क का निर्माण पूरा होते ही चकराता विधायक प्रीतम सिंह ने आज विधिवत पूजा अर्चना के साथ उद्घाटन किया। उसके बाद उन्हें गौ संरक्षण सेवा समिति द्वारा स्मृति चिन्ह व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।मोटर मार्ग के लिए क्षेत्रीय लोगों एवं गौ संरक्षण सेवा समिति के सदस्यों की मांग पर क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह ने 4 लाख रुपए दिए और सडक का निर्माण पूरा हो सका। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह ने गौ संरक्षण सेवा समिति को आगे भी सहयोग देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि गौ संरक्षण के प्रति सेवा भाव हर नागरिक में होनी चाहिए। जिससे गौ माताएं सड़कों पर नहीं घुमेगी। उन्होंने बढ़ते नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए माता पिता व जिम्मेदार लोगों को आगे आने की अपील की और युवाओं को नशे असे दूर रहने की सलाह दी। इस मौके पर समिति द्वारा गौ शाला में बढती गायों की संख्या को देखते हुए एक अतिरिक्त टीन शेड के साथ ही गौ शाला के लिए जाने वाला सम्पर्क मार्ग लोनिवि साहिया के अधीन कराने से सम्बंधित मांग पत्र भी सौंपा।इस मौके पर गौ संरक्षण समिति के सदस्यों सहित टीकम सिंह बिष्ट, पूरण सिंह राठौर, कृपाल सिंह चौहान, रणवीर सिंह चौहान, मोहन लाल शर्मा, श्याम दत्त वर्मा, राजेन्द्र सिंह चौहान, रविन्द्र पाल सिंह, महावीर सिंह बिष्ट, जवाहर सिंह चौहान, सतपाल सिंह राय, शेर सिंह भाटी सहित कई लोग मौजूद थे।

## देहरादून की लीची खो रही है अपनी मिठास और पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** उत्तराखंड की राजधानी, न केवल अपने शांत वातावरण और शैक्षणिक संस्थानों के लिए प्रसिद्ध रही है, बल्कि यहां की प्रसिद्ध 'देहरादूनी लीची' भी वर्षों तक इसकी एक अलग पहचान रही। गुलाब जैसी खुशबू और विशेष मिठास वाली इस लीची को 'रोजसेंटेड लीची' के नाम से भी जाना जाता है, जिसे देशभर में उच्च गुणवत्ता के लिए सराहा जाता था।

लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। तेजी से हो रहा शहरीकरण, खेतों और बागों की जगह प्लॉटिंग और कंक्रीट के जंगलों ने ले ली है।

पहले जहां बड़े-बड़े लीची के बगीचे दिखते थे, अब वहां बहुमंजिला इमारतें और कॉलोनियां उग आई हैं।



मौसम में भी बदलाव आया है, जो लीची उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है।

जलवायु परिवर्तन ने भी इस स्थिति को और गंभीर बना दिया है। गर्मियों की तीव्रता बढ़ने और बारिश के पैटर्न में अनियमितता से लीची के फूल झड़ जाते हैं, जिससे पैदावार घट रही है। साथ ही, नई पीढ़ी की खेती में रुचि की कमी और बागवानी की परंपरा का टूटना भी इस मिठास को खत्म कर रहा है।

स्थानीय किसानों का कहना है कि सरकार को लीची की पारंपरिक खेती को पुनर्जीवित करने के लिए योजनाएं लानी चाहिए। यदि यही स्थिति रही, तो आने वाले वर्षों में देहरादून की लीची केवल इतिहास के पन्नों में रह जाएगी।

**■ कभी देहरादून की शान रही 'रोजसेंटेड लीची' अब सिमटती नजर आ रही है**

अब समय है कि हम इस विरासत को बचाने के लिए ठोस कदम उठाएं। भूमि संरक्षण, वैज्ञानिक तरीके से बागवानी, और किसान सहायता नीतियों के जरिये लीची को फिर से उसकी पहचान दिलाई जा सकती है। वरना वह दिन दूर नहीं जब 'देहरादून की लीची' केवल किस्सों और कहानियों में रह जाएगी।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए जनभागेदारी जरूरी:प्रो.रौथाण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के चौरास परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं को प्लास्टिक मुक्त परिसर की शपथ भी दिलाई गयी। साथ ही परिसर में फलदार वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. मनमोहन सिंह रौथान ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और पौधा रोपण किसी एक व्यक्ति, संस्था या सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, अपितु इसके लिए जनभागीदारी की महती आवश्यकता है। जल्द ही विश्वविद्यालय को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने की पहल शुरू कि जा रही है। कार्यक्रम का संचालन प्रो. राजेन्द्र सिंह नेगी ने किया। लोगों को जागरूक करने के लिए प्रशासन व संबंधित विभाग को लगातार अभियान चलाना होगा। कहा कि आम लोगों को स्वयं भी जागरूक होकर अपने आसपास के पेड़-पौधों की रक्षा करनी होगी। कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी गुसाईं और मुख्य नियंता प्रो. एससी सती ने सभी छात्र-छात्राओं को परिसर को स्वच्छ और सुंदर और प्लास्टिक मुक्त बनाने की अपील की। इस मौके पर उद्यानिकी प्रभाराधिकारी डॉ. डीके राणा, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर एंड एलाइड साइंस के संकायाध्यक्ष प्रो. एके नेगी, मुख्य छात्रावास अधीक्षक प्रो.वाईएस फर्सवान व संतकुमार सहित उनकी टीम मौजूद रहीं।

## उत्तराखंड के तकनीकी छात्रों के लिए उद्यमिता को मिलेगा बढ़ावा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून** उत्तराखंड में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र को एक नई दिशा देने और छात्रों में उद्यमशीलता की भावना को सशक्त करने हेतु राज्य सरकार के तकनीकी शिक्षा विभाग और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (Entrepreneurship Development Institute of India & EDII), अहमदाबाद के बीच एक समझौता ज्ञापन (डवन्) पर हस्ताक्षर किए गया है।

यह साझेदारी प्रदेश में टेक-आधारित नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति को संस्थागत रूप देने के उद्देश्य से की गई है। यह समझौता समारोह माननीय तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री सुबोध उनियाल की गरिमामयी उपस्थिति में 4 जून 2025 को संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रमुख अधिकारीगण जैसे डॉ. रंजीत सिन्हा, सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग; डॉ. सुनील शुक्ल, महानिदेशक ईडीआईआई; डॉ. अमित कुमार द्विवेदी, निदेशक (सरकारी परियोजनाएं), ईडीआईआई; श्री देश राज, निदेशक, तकनीकी शिक्षा विभाग; डॉ. राजेश कुमार उपाध्याय, सचिव, उत्तराखंड प्राविधिक शिक्षा परिषद, डॉ. शैलेंद्र सिंह एवं डॉ. सुमित कुमार, सहायक प्राध्यापक, ईडीआईआई उपस्थित रहे।यह पहल प्रदेश के तकनीकी संस्थानों में उद्यमिता को पाठ्यक्रमों में सम्मिलित करने, नवाचार को बढ़ावा देने और युवाओं को नौकरी चाहने की मानसिकता से निकलकर नौकरी देने वाला उद्यमी बनने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से की गई है।

## अवैध निर्माण और पर्यावरण दोहन पर समिति सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** टाइगर फॉल क्षेत्र में पेड़ों की अवैध कटान और पहाड़ी काटकर होटलों व रिजॉर्ट्स के निर्माण को लेकर क्षेत्रीय विकास निगरानी समिति ने गंभीर चिंता जताई है। समिति ने जिलाधिकारी देहरादून को ज्ञापन भेजते हुए एक उच्च स्तरीय जाँच समिति के गठन की मांग की है, जिसमें भूवैज्ञानिकों को भी शामिल किया जाए। साथ ही, बिना अनुमति जेसीबी मशीनों के प्रयोग और निर्माण कार्यों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है।

समिति के मुख्य सलाहकार सेवा. निवृत्त कैप्टन चेतन चौहान, सचिव सुरेंद्र सिंह रावत, अजब सिंह, सूरज प्रकाश, सुरेश चौहान और महाबल नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि



बीते 26 मई को टाइगर फॉल क्षेत्र में पेड़ गिरने से एक स्थानीय युवक और दिल्ली की महिला पर्यटक की दर्दनाक मौत हो गई थी। घटना के बाद जिला प्रशासन ने तालाब में नहाने पर रोक लगा दी थी।

इसके बाद 2 जून को जिला प्रशासन, पर्यटन विभाग और वन विभाग की संयुक्त टीम ने टाइगर फॉल क्षेत्र का निरीक्षण किया, जिसमें झरने के ऊपर स्थित 17 पेड़ों के कटान की बात सामने आई। अधिकारियों ने कहा कि वन विभाग की अनुमति के बाद इन पेड़ों को काटा जाएगा।

हालांकि, समिति के सदस्यों का कहना है कि बिना भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के पेड़ों का पातन न केवल पर्यावरण के साथ खिलवाड़ है, बल्कि यह भविष्य में प्राकृतिक आपदा को भी न्योता दे सकता है। समिति ने यह भी आरोप लगाया कि चकराता क्षेत्र में होटल और रिजॉर्ट निर्माण के नाम पर जेसीबी मशीनों से खुलेआम पहाड़ काटे जा रहे हैं, जिससे प्राकृतिक संतुलन गड़बड़ा रहा है।

कैप्टन चेतन चौहान ने बताया कि अप्रैल माह में टाइगर फॉल क्षेत्र में जेसीबी से नदी में तालाब निर्माण कराया गया था, जिसकी शिकायत उपजिलाधिकारी से की गई थी। अब समिति ने जिलाधिकारी को भेजे ज्ञापन में टाइगर फॉल क्षेत्र की दोबारा भूवैज्ञानिकों से जांच कराए जाने, अवैध कटान, तालाब और सड़कों के निर्माण में जेसीबी प्रयोग पर रोक लगाने की मांग की है।

## निर्जला एकादशी पर विभिन्न संस्थाओं ने किया शीतल पेयजल वितरित

**कोटद्वार।** श्री श्याम मित्र मंडल समिति की ओर से ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी के व्रत के रूप में मनाए जाने वाले निर्जला एकादशी के दिन शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समिति के संजय मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम गाड़ीघाट में मुक्तिधाम के पास स्थित गौशाला में गौवंश को हरा चारा एवं सवामनी खिलाई गई। तत्पश्चात निम्बूचौड स्थित दिया दिव्यांग आश्रम में दिव्यांग बच्चों को फल एवं शीतल पेय वितरित किया गया। अंत में समिति द्वारा झंडा चौक में राहगीरों को शीतल पेयजल वितरण किया गया। समिति संरक्षक रतन अग्रवाल ने कहा कि समिति समय समय पर धार्मिक और सामा. जिक कार्य में लगातार प्रतिभाग करती रहती है। समिति के सभी सदस्य पूरे मनोयोग से अपनी सहभागिता निभाते है, ये कार्य भविष्य में भी जारी रहेंगे। वहीं इस अवसर पर श्री वैश्य अग्रवाल सभा की ओर से भी तीलू रौतेली चौक में राहगीरों को शीतल जल पिलाया गया। इस अवसर पर कृष्ण कुमार कंसल, सुभाष गोयल, नीरज गुप्ता, राजीव अग्रवाल, मनोज गोयल, नवीन गुप्ता, रवि पाल, जीवन जैन, राहुल जैन और नरेंद्र मित्तल सहित समिति से जुड़े अन्य लोग शामिल रहे।

## गढ़वाली फिल्म 'निखण्यां जोग' का होगा शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** नगर पालिका स्थित त्रिहरि सिनेमा हॉल में एक और गढ़वाली फिल्म 'निखण्यां जोग' दर्शकों के बीच दस्तक देने जा रही है। यह फिल्म न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि उत्तराखंड के सामने खड़े गंभीर सामाजिक और आर्थिक मुद्दों पर एक संवेदनशील और प्रभावशाली दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है। फिल्म 8 जून से सिनेमाघर में प्रदर्शित होगी और पहले शो का शुभारंभ विधायक किशोर उपाध्याय द्वारा किया जाएगा।

शुक्रवार को प्रेस क्लब में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में फिल्म के निर्माता डॉ. एम.आर. सकलानी ने बताया कि 'निखण्यां जोग' की सबसे बड़ी ताकत इसकी मार्मिक और यथार्थपरक कहानी है। फिल्म का नायक अत्यंत गरीब परिस्थितियों में

**■ पलायन, बेरोजगारी और शराबबंदी जैसे विषयों को मार्मिक कहानी में पिरोया गया**

पढ़ाई पूरी करता है और नौकरी की तलाश में संघर्ष करता है, लेकिन अवसरों के अभाव में वह पलायन को मजबूर हो जाता है। दिल्ली की ओर रुख करता यह युवक किस्मत के सहारे मुंबई पहुंचता है, जहां वह एक होटल में मैनेजर की नौकरी पाता है और धीरे-धीरे खुद उस होटल का मालिक बन जाता है।

हालांकि, जब जीवन की सफलता के बाद भी भाग्य उसका साथ नहीं देता, तो परिस्थितियां उसे दोबारा गांव की ओर खींच लाती हैं। फिल्म का यह उतार-चढ़ाव से भरा भावनात्मक सफर पलायन, रोजगार, शराबबंदी और भू-कानून जैसे कई गंभीर मुद्दों को प्रभावशाली ढंग से छूता है।

फिल्म की शूटिंग टिहरी जिले के विभिन्न स्थलों के साथ-साथ देहराद. ून, दिल्ली और मुंबई में की गई है, जिससे इसकी कहानी को यथार्थ का स्पर्श मिलता है और दर्शकों को अपने जीवन से जुड़ा हुआ महसूस होता है। निर्माता डॉ. एम.आर. सकलानी इससे पहले भी दो गढ़वाली फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं और यह फिल्म उनकी सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने टिहरी वासियों से अपील की कि वे इस फिल्म को देखने जरूर आएं और पहाड़ की वास्तविकता पर आधारित इस प्रयास को समर्थन दें।

इस अवसर पर अर्जुन चंद, डॉ. राज. कुमार सहित फिल्म की प्रोडक्शन टीम के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

## डा. पुरोहित 28वें गौरा देवी पर्यावरण सम्मान से सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** गढ़वाल विश्वविद्यालय के एसोशिएट प्रोफेसर डा. विजय कांत पुरोहित को 28वां गौरा देवी पर्यावरण सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें विगत 18 वर्षों से पर्यावरण एवं जड़ी-बूटी संरक्षण के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया। डा. पुरोहित को गौरा देवी पर्यावरण सम्मान मिलने पर विवि के शिक्षकों व हैप्रेक संस्थान के शोध छात्रों ने खुशी व्यक्त की है। चमोली जनपद की उर्गम घाटी में आयोजित दो दिवसीय गौरा देवी पर्यावरण एवं प्रकृति पर्यटन विकास मेला के अवसर पर उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूरी द्वारा उन्हें यह सम्मान दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने डा. पुरोहित के कार्यों को हिमालय जड़ी बूटियों के संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम बताया। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर सेवा करते हुए डा. पुरोहित आज के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनकर उभरे हैं। डा. पुरोहित का जन्म 1974 में चमोली जनपद के ग्राम किमनी में हुआ। प्रारंभिक शिक्षा गांव के स्कूलों से प्राप्त करने के बाद उन्होंने वनस्पति विज्ञान और प्राणीशास्त्र में स्नातक, वनस्पति विज्ञान में स्नातकोत्तर तथा प्लांट फिजियोलाजी में पीएचडी की उपाधि गढ़वाल विश्वविद्यालय से प्राप्त की। उनका शोध कार्य 1997 से 2002 तक जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, अल्मोड़ा में प्रो. एलएमएस. पालनी और डा. एसके. नंदी के निर्देशन में हुआ, जो हिमालयन ओक (बांज) की चयनित प्रजातियों के ऊतक संवर्धन आधारित प्रसार पर केंद्रित था।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडौन में जागरूकता का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लैंसडौन।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडौन में पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता को समर्पित विविध गति. विधियों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया।

इस वर्ष की थीम प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें को केंद्र में रखते हुए कार्यक्रमों की श्रृंखला चलाई गई, जिनमें छात्रों और शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रीन प्लेज से हुआ, जिसमें विद्यालय परिवार ने प्लास्टिक के उपयोग से दूरी बनाने, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और पर्यावरण के प्रति सतर्क रहने की सामूहिक शपथ ली। इसके पश्चात, इको क्लब प्रभारी शिक्षिका सृष्टि सुंद्रियाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए प्लास्टिक प्रदूषण की गंभीरता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि एकल-उपयोग प्लास्टिक न केवल पर्यावरण, बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत घातक है। उन्होंने चिपको आंदोलन के विषय में बताते हुए छात्रों को पर्यावरण-संवेदनशील विकल्प अपनाने और सतत जीवनशैली विक. सित करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने विद्यालय परिसर में बांज एवं देवदार का वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान का संचालन किया। उन्होंने पूरे विद्यालय परिसर में सफाई कर स्वच्छता का संदेश फैलाया। कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों जैसे पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन, तथा सदन बोर्ड सजावट के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का प्रभावशाली संदेश दिया। इन रचनात्मक प्रयासों ने न केवल विद्यालय प्रांगण को सजाया, बल्कि सभी को गहराई से सोचने पर भी विवश किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र दत्त सुंद्रियाल ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण कोई एक दिन का प्रयास नहीं, बल्कि यह हमारी जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में न केवल जागरूकता आती है, बल्कि वे स्वयं एक परिवर्तन के वाहक बनते हैं।

# दमुवाढूंगा में डर का माहौल

## सरकार का तुगलकी रवैया स्वीकार नहीं: विधायक सुमित हृदयेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दमुवाढूँगा क्षेत्र इन दिनों प्रशासनिक दबाव और डर के माहौल से जूझ रहा है। यह वही क्षेत्र है जिसे वर्ष 2002 में मेरी माताजी स्व. इंदिरा हृदयेश ने गोद लिया था और वहां अभूतपूर्व विकास कार्य किए। उन्हीं के सपनों को साकार करते हुए वर्तमान में मेरे द्वारा दमुवाढूंगा क्षेत्र में रुपये 2 करोड़ से अधिक की लागत से सड़क निर्माण सहित कई विकास योजनाएं संचालित की जा रही हैं। यह कहना है कि शहर विधायक सुमित हृदयेश का। सुमित हृदयेश ने कहा कि मेरी माताजी स्व. इंदिरा हृदयेश का

**■ कहा–शकों से रह रहे लोगों को बेदखल करने की कोशिश को कामयाब नहीं होने देंगे**



स्पष्ट सपना था कि दमुवाढूँगा वासियों को उनका मालिकाना हक दिलवाया जाए। इस दिशा में वर्ष 2016 में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया और दमुवाढूँगा क्षेत्र को राजस्व ग्राम के रूप में बंदोबस्त घोषित किया गया। इसके बावजूद वर्तमान सरकार न केवल इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में विफल रही है, बल्कि अब यह कह रही है कि 'दमुवाढूँगा में नए लोगों ने कब्जा किया है'। सरकार और प्रशासन परंपरागत और दशकों से वहाँ निवासरत लोगों को बेदख़ल करने की कोशिश कर रही है जो सरासर गलत और असंवेदनशील है। दमुवाढूँगा क्षेत्र के लोग 50–60 वर्षों से वहां निवास कर रहे हैं, खेती कर रहे हैं, अपनी ज़मीनों पर कास्तकारी कर रहे हैं। ऐसे में सरकार का यह रवैया कि इन लोगों की ज़मीनों पर अब प्रशासन कब्ज़ा करेगा यह पूर्णत: अन्यायपूर्ण है। यह केवल दमुवाढूँगा तक सीमित नहीं है। हाल ही में काठगोदाम क्षेत्र में मलिन बस्ती श्रेणी 'ए' के लोगों को डरा–धमकाकर उनके घर प्रशासन ने तुड़वा दिए, जबकि इन बस्तियों को कानूनी संरक्षण प्राप्त है और प्रशासन को उन्हें हाथ तक लगाने का अधिकार नहीं है। आज पूरे हल्द्वानी शहर में गरीब, वंचित और मेहनतकश नागरिकों को डराने–धमकाने का तुगलकी रवैया अपनाया जा रहा है, जो लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों के विपरीत है। हम इस अन्याय का पूरज़ोर विरोध करते हैं और यह विश्वास दिलाते हैं कि बहुत जल्द प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर इस मुद्दे को उठाया जाएगा और क्षेत्रवासियों को उनका वैधानिक हक़ दिलवाया जाएगा। हम दमुवाढूँगा वासियों के साथ पूरी मज़बूती से खड़े हैं। एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने भी स्पष्ट किया है कि वर्ष 2016 में दमुवाढूँगा जवाहर ज्योति क्षेत्र को बंदोबस्ती राजस्व ग्राम घोषित किया जा चुका है। शासनादेश अनुसार वहां के परंपरागत निवासियों को असंक्रमणीय अधिकारों के साथ भूमिधर घोषित किया जाना था, लेकिन इसके बजाय सरकार अब उन्हीं नागरिकों की ज़मीन को अवैध कब्जा बताकर कब्जाने का प्रयास कर रही है, जो न केवल अवैधानिक है, बल्कि मानवता और न्याय के विरुद्ध भी है।

## दुर्घटना के आरोपी चालक पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** घर से टहलने निकले एक युवक को टक्कर मारकर मृत्यु कारित करने के आरोपी बाईक चालक के खिलाफ पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है। आईटीआई थाना पुलिस को दी तहरीर में प्रकाश हरमनी दढ़ियाल रोड निवासी रिंकू देवी ने बताया कि उसके पति रंजन सरण गुप्ता बीती 9 मई की शाम करीब 7 बजे अपने घर से धीमरखेड़ा तक पैदल टहलने के लिए गये थे। वहां से लौटते समय मण्डल मेडिकल स्टोर के पास पहुंचे तभी काशीपुर की ओर से आ रही बाइक संख्या यूपी 22 बीबी 3538 के चालक ने पीछे से टक्कर मार दी और बाइक को मौके पर छोड़कर भाग गया। उक्त हादसे में उसके पति को गंभीर चोटें आई जिन्हें लोगों के द्वारा मुरादाबाद रोड स्थित एक अस्पताल ले जाया गया। जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर करने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अगले दिन पुलिस ने शव का पंचामा भी भरा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है।

# पालतू कुत्ते ने काटा, मालिक और स्कूटी सवार दोनों पर मुकदमा

## दोनों पक्षों ने कराई क्रॉस रिपोर्ट, पुलिस जांच करेगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी थाना क्षेत्र में पालतू कुत्ते ने एक स्कूटी सवार पर हमला कर दिया। स्कूटी सवार नीचे गिर गया, जिसके बाद कुत्ता लगातार हमला करता रहा और स्कूटी सवार बुरी तरह लहूलुहान हो गया। इस मामले में पुलिस ने कुत्ता मालिक पर मुकदमा दर्ज किया। साथ ही कुत्ता मालिक की तहरीर पर स्कूटी सवार पर भी मुकदमा लिखा। ग्राम रामड़ी आनसिंह फतेहपुर निवासी दिनेश चंद्र ने पुलिस को बताया कि एक दुकानदार हैं। 18 मई की सुबह वह दुकान से स्कूटी पर सवार होकर घर लौट रहे थे। आरोप है कि घर पर पहुंचते ही उनके पड़ोसी पुलिस संचार विभाग से सेवानिवृत्त किरन प्रकाश के कुत्ते ने उन पर हमलाकर दिया। वह स्कूटी से गिर गए, जिसके बाद कुत्ते ने उन्हें कई जगह काट कर लहूलुहान कर दिया। वह इस कदर जख्मी हुए कि अस्पताल ले जाना पड़ा। कुत्ते के काटने के बाद किरन प्रकाश के बच्चों ने उनके साथ अभद्रता की और गुंडों से मरवाने की धमकी दी डाली। वहीं किरन प्रकाश का कहना है कि दिनेश चन्द्र आर्या अपने कुत्ते को स्कूटी पर बिठाकर हमारे घर के रास्ते से गुजर रहे थे, तभी रास्ते में कुत्ते झगड़ने लगे। दिनेश का संत. ुलन बिगड़ गया और वह स्कूटी से गिर गए, जिससे दिनेश को खरोचें आ गई। किरन ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया और आरोप है कि इसी बीच दिनेश के परिवार वाले वहां पहुंच गए और उन्हें पीटना शुरू कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी और उनके पालतू कुत्ते पर ईटों हमलाकर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष दिनेश जोशी का कहना है कि मामले में दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली है।

## कोर्ट के आदेश पर पूर्व क्रिकेटर व उसके बेटे पर हुआ मुकदमा

**हल्द्वानी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर मनोज प्रभाकर और उनके बेटे रोहन प्रभाकर एक बार फिर कानूनी मुश्किलों में फंस गए हैं। हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पिता–पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। शहर के बरेली रोड निवासी जसविंदर सिंह भसीन, जो श्री गुरुनानक इंटरप्राइजेज के मालिक हैं, ने मनोज प्रभाकर और उनके बेटे पर लाखों रुपये की ठगी का आरोप लगाया है। भसीन की फर्म एफएमसीजी उत्पादों की कुमाऊं क्षेत्र में डिस्ट्रीब्यूशन का कार्य करती है। भसीन का कहना है कि प्रभाकर की कंपनी नेचुरंस हर्बल प्राइवेट लिमिटेड, जो सौंदर्य उत्पाद बनाती थी, ने उन्हें 2.5 लाख रुपये लेकर डिस्ट्रीब्यूटर नियुक्त किया और एक ब्लैंक चेक के जरिए माल भेजा। शुरुआत में सब सामान्य रहा, लेकिन एक दिन अचानक कंपनी बंद कर दी गई और नया माल आना बंद हो गया। इतना ही नहीं, कंपनी का मार्केटिंग हेड बाजार से सीधा पैसा उठा ले गया, जिससे जसविंदर को भारी नुकसान हुआ। शिकायतों के बावजूद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की, जिसके बाद जसविंदर ने कोर्ट की शरण ली और दस्तावेजी सबूत प्रस्तुत किए। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अखिलेश कुमार पांडे के आदेश पर हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हैड़ाखान मंदिर, कठघरिया में नवनिर्मित पितृ तर्पण भवन का लोकार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने शुक्रवार को हैड़ाखान मंदिर कठघरिया में नवनिर्मित पितृ तर्पण भवन का लोकार्पण किया। इस भवन का निर्माण 43.81 लाख रुपये की लागत से किया गया है। लोकार्पण कार्यक्रम में पूर्व महापौर जोगेंद्र रौतेला और नगर आयुक्त ऋचा सिंह भी मौजूद रहीं।

इस दौरान विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि इस भवन से क्षेत्र के हजारों लोगों को लाभ मिलेगा, जिन्हें अब अपने पितरों के तर्पण के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने समाजसेवियों योगेश जोशी और महेश कांडपाल द्वारा इस भवन के निर्माण के लिए व्यक्तिगत रूप से पांच–पांच लाख रुपये की सहायता देने के लिए आभार जताया।

मंदिर समिति के अध्यक्ष खुशाल चंद ने भवन निर्माण में सहयोग के लिए विधायक भगत का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप सनवाल, महामंत्री प्रकाश पटवाल, भाजपा नेता प्रमोद तौलिया, कमलनयन जोशी, बसंती राणा, सरिता जोशी, मुकेश सुयाल, नवीन पंत, दिनेश सुयाल, महेश शर्मा, सुरेश गौड़, पार्षद चंद्रप्रकाश आर्या, सहायक नगर आयुक्त विमला जोशी और अधिशासी अभियंता नवल नौटियाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

## अवैध देशी शराब के साथ दबोचा

**हल्द्वानी।** गुरूवार रात्रि काठगोदाम थाने में तैनात हेड कांस्टेबल सतनाम सिंह व कांस्टेबल रविंद्र राणा क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया, जो पुलिस को देख भागने लगा।

## रियान शर्मा, सूद ब्रदर्स ने जीता खिताब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शुक्रवार को चूनाखान बैलपड़ाव में स्व. बीएस रावत स्मृति फर्स्ट आईटा मैंस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सातवें दिन रोमांचक मुकाबलों के बीच कई बड़ी उपलब्धियां दर्ज हुईं। मुख्य कोर्ट (कोर्ट नंबर–1) पर खेले गए सिंगल्स इवेंट के फाइनल मैच में दिल्ली के रियान शर्मा ने तामिलनाडू के रंजीत वीएम को सीधे सेटों में 7–6, 6–4 से हराकर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। वहीं, उसी कोर्ट पर खेले गए डबल्स इवेंट के फाइनल मैच में 30 आयु वर्ग के विश्व रैंकिंग के नंबर–1 खिलाड़ी चंद्रिल सूद और लक्षित सूद (उत्तरप्रदेश) ने उड़ीसा के अमृत्यंजय मोहंती और शुभ्रंनिल बर्मन की जोड़ी को 3–6, 6–4, 10–4 से हराकर फाइनल जीत लिया। इस जीत के साथ सूद ब्रदर्स ने उत्तरप्रदेश की शान में चार चांद लगाए और एक बड़ी खिताबी जीत हासिल की। समारोह के दौरान विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को डीटीए नैनीताल के उपाध्यक्ष ललित मोहन जोशी की पत्नी मंजू जोशी द्वारा नकद पुरस्कार और चमचमाती ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला टेनिस एसोसिएशन, नैनीताल के उपाध्यक्ष ललित मोहन जोशी, टूर्नामेंट डायरेक्टर डीएस रावत, आयोजन सचिव अवनीश रस्तोगी, रामनगर के वरिष्ठ टेनिस खिलाड़ी कमल सती, मोहित सिंह राठौर आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने की बिना नंबर कार सीज

**हल्द्वानी।** शहर में यातायात नियमों की अनदेखी और सड़कों पर दबंगई दिखाने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने कुल 244 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की, जो नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक, भवाली निवासी मोहम्मद सैफ अपनी अल्टो कार यूके04टीबी–5235 में हूटर लगाकर सड़कों पर रौब झाड़ रहा था। पुलिस ने कार को कब्जे में लेते हुए हूटर हटवाया और मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की। इसी तरह भवाली के ही नरेश पांडे बिना नंबर की लग्जरी कार चला रहा था। जांच में उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं मिला।

पुलिस ने नियमों के उल्लंघन पर उसकी कार सीज कर दी। अभियान के तहत पुलिस ने कुल 5 वाहन सीज किए, जबकि 9 वाहन चालकों के डीएल निरस्त किए गए।

### उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उ0 रे0, मुरादाबाद

| | |
|---|---|
| **कार्य का नाम एवं लोकेशन :** 13/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2025, मुरादाबाद मंडल पर वाशिंग लाइनों की रोशनी और सुरक्षा में सुधार तथा संबद्ध कार्य। | |
| **कार्य की अनुमानित लागत (रू0) :** 1,39,89,795.72 (जीएसटी सहित) | |
| **कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है :** विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | |
| **बिड सिक्यूरिटी राशि (रू0) :** 2,20,000.00 | |
| **कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि :** 12 (बारह) माह | |
| **निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय :** निविदायें दिनांक 30.06.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेगी | |
| **वेबसाइट एवम कार्यालय का पता :** वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/ उत्तर रेलवे मुरादाबाद। | |

निविदा सूचना सं0 10/2025 दिनांक: 06.06.2025 1686/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### यूजेवीएन लिमिटेड

मुख्यालयः "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून–248006
दूरभाष सं0 : 0135–2523225, फैक्स न0 0135–2761549
सी0आई0एन0 सं0 U40101UR2001SGC025866, वैबसाइटः www.ujvnl.com

पत्र सं. 409 **निविदा सूचना** दिनांकः 06.06.2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (मुख्यालय), उज्जवल, देहरादून इच्छुक निविदादाताओं से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः

निविदा सं0. 04/EE(HQ)/2025-26

कार्य/पूर्ति/सेवायें का नामः उज्ज्वल, महारानीबाग, जी0एम0एस0 रोड़ देहरादून स्थित कारपोरेट आफिस परिसर की बाउन्ड्रीवॉल पर कॉइल फेंसिग स्थापना कार्य।

अनुमानित लागतः रू 9,34,800.00 (जीएसटी अतिरिक्त)

वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथिः 06.06.2025 को 16.00 बजे से।

वेबसाईट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः 26.06.2025 को 16.00 बजे तक।

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट "www.ujvnl.com" देखें।

अधिशासी अभियन्ता (मुख्यालय)

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

### न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू०डि०) महोदय, टिहरी गढवाल, नई टिहरी

दी० वाद सं०–12 सन 2025

**वादी–** मनबीर सिंह पुत्र श्री बिरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम बोरगांव पट्टी जुवा उदयपुर, तहसील कण्डीसौड़, जिला टिहरी गढ़वाल।

**बनाम**

**प्रतिवादीगण– 1.** सरकार उत्तराखण्ड द्वारा कलेक्टर, टिहरी गढवाल, नई टिहरी।

**2.** समस्त रिस्तेदारान, भाईबन्ध आम व खास।

चूंकि वादी ने इस न्यायालय में अपने पिता बिरेन्द्र सिंह पुत्र स्व० श्री हुकम सिंह निवासी ग्राम बोरगांव पट्टी जुवा उदयपुर तहसील कण्डीसौड़ जिला टिहरी गढवाल की दीवानी मृत्यु घोषित हेतु वाद पत्र प्रस्तुत किया है जिसमें सुनवाई की तिथि 01 माह 07 सन–2025 को नियत है।

एतद्द्वारा आम व खास व समस्त रिस्तेदारान को सूचित किया जाता है कि यदि आपको उक्त वाद में कोई आपत्ति/ऐतराज प्रस्तुत करना हो तो आप इस न्यायालय में दिनांक 01 माह 07 सन–2025 को प्रातः 10 बजे उपस्थित आकर स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करें, इसकी उपेक्षा होने पर उक्त वाद में एक पक्षीय कार्यवाही गतिमान में लाई जायेगी।

आज दिनांक 02 माह 06 सन–2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**आदेशानुसार**
**प्रबंधक**
**सिविल जज**
**नई टिहरी, टिहरी गढ़वाल।**

### न्यायालय श्रीमान कुटुम्ब न्यायाधीश महोदय, टिहरी गढवाल, नई टिहरी।

मूल वाद संख्या–49 सन–2025

ओम प्रकाश

**बनाम**

श्रीमती नीमा व अन्य

**नोटिस बनाम– 1.** श्रीमती नीमा पत्नी श्री ओम प्रकाश, पुत्री स्व० श्री देवी प्रसाद भट्ट, उम्र करीबन–26 वर्ष, निवासी ग्राम तिसिरयाड़ा, पोस्ट ऑफिस तिसिरयाड़ा, पट्टी बासर, तहसील–बालगंगा, जिला–टिहरी गढवाल।

**2.** कमल सोनी पुत्र पप्पू सोनी, निवासी आई 559, वर्ल्ड बैंक, बर्रा, पोस्ट ऑफिस बर्रा, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश, पिन–208027

चूंकि ओम प्रकाश पुत्र श्री देवी प्रसाद नौटियाल, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम थाती, पट्टी थाती कठूड़, तहसील–बालगंगा, जिला–टिहरी गढवाल, ने आप के विरुद्ध विवाह विच्छेद के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 26–06–2025 को दिन में 10:30 बजे दावे का उत्तर देने के लिये हाजिर होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं हाजिर हों। न्यायालय में आपकी उपस्थिति के लिये जो दिन नियत किया गया है, वह काउंसलिंग के लिये, वाद के निपटारे के लिये तथा दावे का उत्तर देने के लिये नियत दिन है, इसलिये आपको उस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिये, जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं।

आपको सूचित किया जाता है, और यदि आप ऊपर बतायी गयी तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज तारीख 24–05–2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया है।

**आज्ञा से**
**प्रबन्धक/रीडर**
**कुटुम्ब न्यायालय**
**टिहरी गढ़वाल।**

### ।। कार्यालय नगर पालिका परिषद् रूद्रप्रयाग ।।

email id:- npprudraprayag6@gmail.com Tel (ofc) 8791041698

**पत्रॉकः–363/** निविदा/2025–26 दिनॉकः–06जून, 2025

**।। संशोधित सूचना ।।**

कार्यालय नगर पालिका परिषद रूद्रप्रयाग के पत्र संख्या 283/निविदा आ0 सूचना/2025–26 दिनॉक 26.05.2025 के द्वारा नगर क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्य की निविदा सूचना का प्रकाशन किया गया था जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए निविदा पपत्र निविदा मूल्य + जी0एस0टी0 जमा करके कार्यालय दिवस में दिनॉक 10.06.2025 को प्रातः 10:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक प्राप्त किए जाएगें तथा उक्त निविदा दिनॉक 12.06.2025 को सांय 3:00 बजे पालिका निविदा समिति के सम्मुख खोली जाएगी।

निविदा की अन्य शर्ते पूर्ववत रहेंगी।

**अधिशासी अधिकारी** — नगर पालिका परिषद रूद्रप्रयाग।
**अध्यक्ष** — नगर पालिका परिषद रूद्रप्रयाग।

### उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमि0

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, नारायणबगड़ (चमोली) दूरमाषः 01363–255215
कारपोरेट आई0डी0 संख्या (CIN) U40109UP2001SG025867/2358 Email:eddnbagar@yahoo.com

**निविदा सूचना**

एतद्द्वारा विद्युत वितरण खण्ड नारायणबगड़ के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रदत्त विद्युत कार्यों के लिए ए–क्लास लाइसेन्स धारक वर्ष 2025–2026 में नवीनीकरण व अनुभवी निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदायें दो भागों में प्रथम भाग निर्धारित धरोहर राशि जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक, डाकघर की सीडीआर/एफडीआर/एनएसीसी के रूप में अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड नारायणबगड़ के नाम बन्धक हो तथा द्वितीय भाग में नियम, शर्ते एव दरें जो कि 180 दिनों के लिए वैध हो निविदा निम्नवत, आमत्रित की जाती है, निविदा में वही निविदादाता भाग ले सकेंगे, जो कर्मचारी आयकर, ई०पी०एफ०, जी०एस०टी० में पंजीकृत हो, किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा। उपरोक्त तिथि को यदि अवकाश होता है तो निविदाये अगले कार्य दिवस में विक्रय अथवा खोली जायेगी एवं विवरण निम्नवत हैः–

| निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जीएसटी सहित(रू०) में | धरोहर राशि | अनुमानित लागत लाख में | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि | निविदा खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 06/2025–26 | विद्युत वितरण खण्ड नारायणबगड के अर्न्तगत उपखण्ड देवाल के 33/11 केवी उपसंस्थानों में स्थापित 33 केवी पैनल एवं 11 केवी पैनल के स्थान पर नये वीसीबी लगाने का कार्य मय विकेन्द्रीकृत सामग्री (मद ओ०एण्ड०एम०) | 590.00 | 17500.00 | 5.97 | 27.06.2025 (12:00 बजे तक) | 28.06.2025 (12:00 बजे तक) | 28.06.2025 (14:00 बजे) |
| 07/2025–26 | विद्युत वितरण खण्ड नारायणबगड के अर्न्तगत उपखण्ड थराली के 33/11 केवी उपसंस्थानों में स्थापित 33 केवी पैनल एवं 11 केवी पैनल के स्थान पर नये वीसीबी लगाने का कार्य मय विकेन्द्रीकृत सामग्री (मद ओ०एण्ड०एम०) | 295.00 | 6000.00 | 1.46 | 27.06.2025 (12:00 बजे तक) | 28.06.2025 (12:00 बजे तक) | 28.06.2025 (14:05 बजे) |
| 08/2025–26 | विद्युत वितरण खण्ड नारायणबगड के अर्न्तगत उपखण्ड नारायणबगड के 33/11 केवी उपसंस्थानों में स्थापित 33 केवी पैनल एवं 11 केवी पैनल के स्थान पर नये वीसीबी लगाने का कार्य मय विकेन्द्रीकृत सामग्री (मद ओ०एण्ड०एम०) | 295.00 | 10500.00 | 2.55 | 27.06.2025 (12:00 बजे तक) | 28.06.2025 (12:00 बजे तक) | 28.06.2025 (14:10 बजे) |
| 09/2025–26 | विद्युत वितरण उपखण्ड थराली के देवाल अनुभाग के अर्न्तगत विभिन्न स्थानों पर विभिन्न क्षमताओं के उपसंस्थाानों का निर्माण कार्य व उपसंस्थानों हेतु एलटी व एचटी लाइन का निर्माण कार्य मय विकेन्द्रीकृत सामग्री (मद ओ०एण्ड०एम०) | 1180.00 | 45000.00 | 15.00 | 27.06.2025 (12:00 बजे तक) | 28.06.2025 (12:00 बजे तक) | 28.06.2025 (14:15 बजे) |
| 10/2025–26 | विद्युत वितरण उपखण्ड थराली के थराली अनुभाग के अर्न्तगत विभिन्न स्थानों पर विभिन्न क्षमताओं के उपसंस्थानों का निर्माण कार्य व उपसंस्थानों हेतु एलटी व एचटी लाइन का निर्माण कार्य मय विकेन्द्रीकृत सामग्री (मद ओ० एण्ड०एम०) | 1180.00 | 45000.00 | 15.00 | 27.06.2025 (12:00 बजे तक) | 28.06.2025 (12:00 बजे तक) | 28.06.2025 (14:20 बजे) |

"विद्युत बिलों के **24x7** ऑनलाईन भुगतान हेतु **www.upcl.org** पर जायें"

पत्रांकः 526/वि0वि0ख0ना0बगड/टी–1 दिनांकः 06/06/2025 **अधिशासी अभियन्ता**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" टोल फ्री नं0 1800–419–0405

### सार्वजनिक सूचना

मेरे पासपोर्ट में पिता का नाम देविंदर सिंह (DAVINDER SINGH) और माता का नाम मीरा देवी रावत (MEERA DEVI RAWAT) अंकित है, जो कि गलत है। पिता का सही नाम देवेंद्र सिंह रावत (DEVENDRA SINGH RAWAT) और माता का सही नाम मीरा रावत (MEERA RAWAT) है। पिता को देवेंद्र सिंह रावत (DEVENDRA SINGH RAWAT) और माता को मीरा रावत (MEERA RAWAT) के नाम से ही पढ़ा, लिखा व जाना–पहचाना जाए।

सौरभ रावत पुत्र देवेंद्र सिंह रावत (DEVENDRA SINGH RAWAT) निवासी- तुलसी विहार कॉलोनी, गुमानीवाला, ऋषिकेश, देहरादून।

### कार्यालय नगर पंचायत अगस्त्यमुनि (रूद्रप्रयाग)

पत्रांक :–258/निविदा(नि0कार्य)/2025–26 दिनांकः– 06/06/2025

**निविदा सूचना**

नगर पंचायत, अगस्त्यमुनि के पंजीकृत ठेकेदारों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, नगर पंचायत, अगस्त्यमुनि द्वारा राज्य वित्त आयोग/15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर क्षेत्र अगस्त्यमुनि में निम्न निर्माण कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 20.06.2025 को अपराह्न 02:00 बजे तक निविदायें आमन्त्रित की जाती है जोकि, उसी दिन अपराह्न 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/ठेकेदारों एवं निविदा कमेटी के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 10.06.2025 से दिनांक 19.06.2025 तक निर्धारित शुल्क जमा कर किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | आंगणन धनराशि (लाख मे) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा शुल्क | अवधि (दिन में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0–7 में पुस्तकालय के समीप गोशाला हेतु टिन शेड निर्माण कार्य। | 20.42 | 0.62 | 2500 + 18% GST | 30 दिन |

**निविदा की शर्तेः निम्नवत हैं।–**

1- समस्त निविदायें दिनांक 20.06.2025 को अपराह्न 02:00 बजे तक नगर पंचायत में उपलब्ध निविदा बॉक्स में जमा की जायेंगी।
2- धरोहर राशि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रुप में अधिशासी अधिकारी के पदनाम से बन्धक ही स्वीकार की जायेगी।
3- निविदा के साथ रु0 100.00 के स्टाम्प पेपर पर हस्ताक्षर युक्त रसीदी टिकट लगाना अनिवार्य होगा।
4- किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी पर निहित होगा।
5- निविदादाता को निविदा प्रपत्र में दरें प्रतिशत में दर्शायी/लिखी जानी अनिवार्य होंगी।
6- निविदादाता द्वारा प्रत्येक कार्य की निविदा पृथक–पृथक लिफाफे में देनी अनिवार्य होगी, एक ही लिफाफे में सभी निविदायें स्वीकार नहीं की जायेंगी।
7- निविदादाता को प्रत्येक कार्य के लिफाफे के ऊपर सम्बन्धित निर्माण कार्य का नाम लिखना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
8- निविदादाता को प्रत्येक निविदा के साथ धरोहर राशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 के रुप में पृथक–पृथक संलग्न करनी अनिवार्य होगी अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

(निकिता भट्ट)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत अगस्तयमुनि

(राजेन्द्र प्रसाद)
अध्यक्ष
नगर पंचायत अगस्तयमुनि

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई–राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई–राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल–9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## नीरज चोपड़ा पेरिस डायमंड लीग में लेंगे भाग

**नई दिल्ली, वार्ता।** मौजूदा भाला फेंक विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा 20 जून को स्टेड सेबेस्टियन-चार्लीटी में होने वाली पेरिस डायमंड लीग 2025 में भाग लेंगे। नीरज आठ साल बाद पेरिस डायमंड लीग में वापसी करेंगे। वर्ष 2017 में वह इस स्पर्धा में 84-67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे। जर्मनी के जोहान्स वेटर ने 88-74 मीटर का थ्रो कर इस स्पर्धा को जीता था। नीरज के 2024 संस्करण में भाग लेने की उम्मीद थी, लेकिन पेरिस ओलंपिक की तैयारी के मद्देनजर वह इस स्पर्धा में भाग नहीं ले सके। मई में दोहा डायमंड लीग में चोपड़ा ने 90-23 मीटर दूर भाला फेंक कर अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोडा था। नीरज का सबसे हालिया प्रदर्शन 23 मई को पोलैंड के चोरजो में जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल में हुआ था। नीरज ने टोक्यो 2020 ओलंपिक चैंपियन में दूसरे स्थान पर रहने के लिए अपने अंतिम प्रयास में 84-14 मीटर भाला फेंक कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नीरज ने अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पोच आमंत्रण स्पर्धा जीतकर अपने 2025 एथलेटिक्स सत्र की शुरुआत की थी। उन्होंने 84-52 मीटर थ्रो किया था। वह 24 जून को चेकिया में होने वाली गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स स्पर्धा की प्रवेश सूची में भी शामिल हैं और पांच जुलाई को बेंगलुरु में उद्घाटन में नीरज क्लासिक में मुख्य भूमिका निभाएंगे। डायमंड लीग सीरीज के अंत में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले शीर्ष भाला फेंक एथलीट 27-28 अगस्त को ज्यूरिख में होने वाले 2025 डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे।

## यू मुंबा और जयपुर गोवा व कोलकाता के बीच होगी सेमीफाइनल की जंग

**अहमदाबाद, वार्ता।** ड्रीम यूटीटी जूनियर्स के पहले सत्र के नॉकआउट चरण सेमीफाइनल में यू मुंबा और जयपुर पैट्रियट्स, डेम्पो गोवा चैलेंजर्स और कोलक. ाता थंडरब्लेड्स फाइनल में जगह बनाने के लिए भिड़ेंगी। अहमदाबाद के ईकेए एरिना में रविवार को दोनों सेमीफाइनल मैच खेलें जायेंगे। लीग चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाली यू मुंबा और जयपुर पैट्रियट्स, डेम्पो गोवा चैलेंजर्स और कोलकाता थंडरब्लेड्स ने ड्री यूटीटी जूनियर्स के सेमीफाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है।

यू मुंबा टीटी के प्रतीक तुलसानी और अनन्या मुरलीधर ने लीग चरण में 29 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। चौथे स्थान पर रहने वाली जयपुर पैट्रियट्स का सामना यू मुंबा से होगा। जयपुर पैट्रियट्स के त्रिशाल सुरपुरेढी और श्रेया धर ने 25 अंकों के साथ अपना सेमीफाइनल स्थान सुरक्षित किया। दूसरे सेमीफाइनल में डेम्पो गोवा चैलेंजर्स के साहिल रावत और आर्या रेडकर, जो 28 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, तीसरे स्थान पर रहने वाली कोल. काता थंडरब्लेड्स से भिड़ेंगे। ऋत्विक गुप्ता और स्वरा करमारकर ने थंडरब्लेड्स के लिए 26 अंक अर्जित किए।

# भगदड़ मामले में बढ़ेगी आरसीबी की मुश्किल

## विजय यात्रा के लिए फैंस को दिया न्योता, न्योते में फ्री पास का भी जिक्र

**बेंगलुरु, वार्ता।** बेंगलुरु भगदड़ मामले में आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। फ्रेंच. इजी का एक सोशल मीडिया पोस्ट उनके लिए मुसीबत बन सकता है, जिसमें आरसीबी ने प्रशंसकों को विजय यात्रा के लिए न्योता दिया था और फ्री पास का भी जिक्र किया था। आरसीबी के खिलाफ पहले ही कब्बन पार्क पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज हो चुकी है। इसमें डीएनए (इवेंट मैनेजमेंट कंपनी) और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) की प्रशासनिक समिति और अन्य के खिलाफ भी शिकायत दर्ज कराई गई है। बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरस. ीबी) की आईपीएल 2025 की खिताबी जीत का जश्न उस वक्त मातम में बदल गया जब चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर पहुंचे प्रशंसकों के बीच भगदड़ मच गई। इस घटना में 11 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा घायल हो गए। अब सोशल मीडिया पर आरस. ीबी का वह पोस्ट चर्चा का विषय बन गया है जिसमें फ्रेंचाइजी की तरफ से प्रशंसकों को विजय यात्रा में शामिल होने के लिए न्योता दिया गया था। चार जून यानी बुधवार को आरसीबी ने 'एक्स' पर विक्ट्री परेड या विजय यात्रा के आयोजन का एलान किया था। इस पोस्ट में लिखा है कि आरसीबी विजय परेड, आज शाम 5 बजे। विजय परेड के बाद चिन्नास्वामी स्टेडियम में जश्न मनाया जाएगा। हम सभी प्रशंसकों से अनुरोध करते हैं कि वे पुलिस और अन्य अधिकारियों द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करें, ताकि सभी लोग शांतिपूर्वक रोड शो का आनंद ले सकें। चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इस घटना पर आईपीएल 2025 की विजेता आरसीबी ने बुधवार को दुख जताया था और पोस्ट जारी किया था। फ्रेंचाइजी ने लिखा कि हम मीडिया रिपोर्टों के माध्यम से सामने आई दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं से बहुत दुखी हैं, जिसमें टीम के आज दोपहर आगमन की प्रत्याशा में पूरे बेंगलुरु में लोगों की भीड़ जुटने की बात कही गई है। सभी की सुरक्षा और भलाई हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है। आरसीबी लोगों की दुखद मौत पर शोक व्यक्त करती है और प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती है।

## वर्ल्डकप जीतने पर भी रोड शो नहीं करना चाहिए: गौतम गंभीर

### ऐसे आयोजन में हादसों का खतरा, लोगों की जान सबसे ज्यादा कीमती है



**मुंबई, वार्ता।** टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि वर्ल्ड कप जीतने पर भी रोड शो नहीं करना चाहिए। ऐसे आयोजन में हादसों का खतरा है क्योंकि लोगों की जान सबसे ज्यादा कीमती है। मैं 2007 वर्ल्ड कप जीत के बाद भी नहीं चाहता था कि रोड शो हो। इंग्लैंड दौरे पर रवाना होने से पहले गुरुवार को मुंबई में हुई प्रेस कान्फ्रेंस में गंभीर ने कहा कि बेंगलुरु में रोड शो के दौरान हुए हादसे ने दुखी किया। मैं घटना के लिए किसी को भी जिम्मेदार नहीं ठहराता। इस तरह के माहौल में लापरवाही और हादसों की आशंका बहुत ज्यादा बढ़ जाती है, इसलिए इनसे बचना चाहिए। बुधवार को बेंगलुरु में आरसीबी के विक्ट्री सेलिब्रेशन के दौरान भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई थी।



# टीम इंडिया इंग्लैंड के लिए रवाना

### दोनों टीमों के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी 20 जून से पहला मुकाबला

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के लिए रवाना हो चुकी है। टीम इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। इस सीरीज से दोनों टीमों के आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 साइकिल की शुरुआत होगी। टीम के कुछ खिलाड़ी और हेड कोच गौतम गंभीर 6 जून को मुंबई एयरपोर्ट से इंग्लैंड के लिए रवाना हुए। इस दौरे के लिए 25 साल के शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को उप-कप्तान बनाया गया है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद टीम का यह पहला दौरा होगा। लीड्स में 20 जून को खेला जाएगा पहला टेस्ट भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में शुरू होगा, जबकि अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है। ऐसे में टीम की नजर सीरीज जीतने पर होगी। नई ट्रॉफी की घोषणा इस बार भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के विजेता को एक नई ट्रॉफी दी जाएगी, जो सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन के नाम पर होगी। यह दोनों दिग्गज खिलाड़ियों के सम्मान में एक नई पहल है।



### आईपीएल में उम्दा खेले भारत के टी-20 वर्ल्ड चैंपियन

## सूर्या प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट तो अर्शदीप टॉप विकेट टेकर

### विराट कोहली ने 8 फिफ्टी लगाई, रोहित मुंबई से इम्पैक्ट प्लेयर बने

**नई दिल्ली, वार्ता।** 73 दिन चले आईपीएल में 2024 का टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाले सभी 15 प्लेयर्स ने हिस्सा लिया। वर्ल्ड चैंपियन टीम के बैटर्स में सूर्यकुमार यादव टॉप स्कोरर रहे, वे प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी बने। आरसीबी के विराट कोहली ने सबसे ज्यादा 8 फिफ्टी लगाईं। वहीं लेफ्ट आर्म पेसर अर्शदीप सिंह ने सबसे ज्यादा विकेट लिए। हार्दिक पांड्या बेस्ट आलराउंडर रहे।

टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस से इम्पैक्ट प्लेयर बनकर खेले। उन्होंने 15 मुकाबलों में बैटिंग की और 149.28 के स्ट्राइक रेट से 4 फिफ्टी लगाईं। रोहित शुरुआती मैचों में कुछ खास नहीं कर सके, लेकिन बाद के मुकाबलों में अपनी बैटिंग से मुंबई को मुकाबले जिताए। उन्होंने एलिमिनेटर में 81 रन बनाकर टीम को क्वालिफायर-2 तक पहुंचाया था। ओपनर विराट कोहली लगातार 18वें सीजन आरसीबी से खेले। उन्होंने 8 फिफ्टी लगाकर 657 रन बनाए। कोहली की खास बात यह रही कि उन्होंने टूर्नामेंट में जब भी फिफ्टी लगाई, आरसीबी को जीत मिली। विराट ने फाइनल में भी 43 रन की अहम पारी खेली और टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाने की नींव रखी। कोहली ने आईपीएल के लगातार तीसरे सीजन में 600 प्लस रन बनाए। लखनऊ सुपरजायंट्स के कप्तान और विकेटकीपर ऋषभ पंत के लिए टूर्नामेंट कुछ खास नहीं रहा। उनकी कप्तानी में टीम प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी। वे खुद भी बैटिंग में फ्लाप रहे। पंत ने शुरुआती 13 मैचों में महज 1 फिफ्टी लगाकर 149 रन बनाए। हालांकि, आखिरी मैच में बेंगलुरु के खिलाफ 118 रन की पारी खेल दी। इसके बावजूद उनकी टीम हार गई। मुंबई इंडियंस के मिडिल आर्डर बैटर सूर्यकुमार यादव ने टूर्नामेंट में 16 मैच खेले और हर मुकाबले में 25 से ज्यादा रन बनाए। यह आईपीएल और टी-20 क्रिकेट में रिकॉर्ड है। सूर्या ने 5 फिफ्टी और 167.91 के स्ट्राइक रेट की मदद से 717 रन बनाए। जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवार्ड मिला। वे इस अवार्ड का जीतने वाले 5वें ही भारतीय बने। आलराउंडर शिवम दुबे चेन्नई सुपर किंग्स से खेले। वर्ल्ड कप में उन्होंने अहम मौकों पर कई उपयोगी पारियां खेली थीं, लेकिन आईपीएल में वे 1 ही फिफ्टी लगा सके। वे हार्ड हिटिंग के लिए पहचाने जाते हैं, लेकिन 132.22 के स्ट्राइक रेट से 357 रन ही बना पाए। उनकी टीम भी 10वें नंबर पर रहीं। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या वर्ल्ड चैंपियन टीम से बेस्ट आलराउंडर साबित हुए। उन्होंने 15 मुकाबलों में फिनिशर की पोजिशन संभाली और 163 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 224 रन बना दिए। इतना ही नहीं, उन्होंने गेंदबाजी में 14 विकेट भी लिए। इनमें एक बार पारी में 5 विकेट शामिल है। उन्होंने अपनी कप्तानी में मुंबई को लगातार 6 मुकाबले जिताकर प्लेऑफ में पहुंचाया। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने बेहतरीन लीडरशिप से अपनी टीम को 5वें नंबर पर फिनिश करवाया। वे इंजरी के कारण 2 मैच नहीं खेल सके, जिस कारण टीम प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी। अक्षर ने 157 प्लस के स्ट्राइक रेट से 263 रन भी बनाए, लेकिन गेंदबाजी में वे 5 ही विकेट ले सके। रवींद्र जडेजा को चेन्नई सुपर किंग्स से कुछ मैचों में नंबर-4 पर बैटिंग करने का मौका मिला।

इनमें उन्होंने 301 रन बना दिए, लेकिन उनका स्ट्राइक रेट 135 तक ही पहुंचा। जडेजा लेफ्ट आर्म स्पिनर हैं, लेकिन 14 मुकाबलों में 10 विकेट ही ले सके हैं। दिल्ली कैपिटल्स से खेले चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव ने 14 मैचों में महज 7.07 की इकोनामी से रन खर्च किए।

## भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज सचिन एंडरसन ट्रॉफी के नाम से जानी जाएगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 20 जून से होगा। इसके लिए भारतीय टीम रवाना हो चुकी है। इससे पहले पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के नाम में बदलाव किया गया है। इसको अब तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी के नाम से जाना जाएगा। इससे पहले दोनों टीमों के बीच खेली जाने वाली यह सीरीज पटौदी ट्रॉफी के नाम से जानी जाती थी। एक समाचार एजेंसी ने ने बीबीसी की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी का अनावरण 20 जून को हेडिंग्ले में शुरू होने वाली सीरीज से पहले किया जाएगा। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने हालांकि इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। इससे पहले ब्रिटेन में इंग्लैंड और भारत के बीच टेस्ट सीरीज को पटौदी ट्रॉफी के लिए खेला जाता था। इसका नाम इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर अली खान पटौदी के नाम पर रखा गया था। मार्च में ईसीबी ने पटौदी परिवार को लिखा था कि वे ट्रॉफी को रिटायर करना चाहते हैं। भारतीय टीम के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर 15,921 रन के साथ टेस्ट इतिहास में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। 52 वर्षीय पूर्व खिलाड़ी ने 1989 से 2013 के बीच 200 टेस्ट खेले। उन्होंने टेस्ट और वनडे प्रारूपों में अनगिनत रिकार्ड अपने नाम किए। वहीं, एंडरसन 704 विकेट के साथ इंग्लैंड के सर्वकालिक सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के साथ टेस्ट क्रिकेट में सबसे सफल तेज गेंदबाज हैं। दोनों दिग्गजों ने 14 टेस्ट मैचों में एक-दूसरे का सामना किया जिसमें एंडरसन ने तेंदुलकर को नौ बार आउट किया है। यह किसी गेंदबाज द्वारा इस भारतीय को सबसे ज्यादा बार आउट करने का रिकार्ड है। भारतीय टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। इस सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा। वहीं, दूसरा टेस्ट दो जुलाई से बर्मिंघम में खेला जाएगा। तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लाड्र्स में खेला जाएगा, जबकि चैथा टेस्ट मैनचेस्टर में 23 जुलाई से खेला जाएगा। पांचवां टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के ओवल में खेला जाएगा। इस सीरीज के साथ ही भारत के नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र (2025-27) की शुरुआत भी हो जाएगी। पांच मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीमरू शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर/उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश, जडेजा, ध्रुव (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल, बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसि) कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप और कुलदीप । पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम: बेन स्टोक्स (कप्तान), शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्राइडन कार्स, सैम कुक, जैक क्राउली, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स।



## पीयूष चावला ने क्रिकेट को कहा अलविदा

**नई दिल्ली, वार्ता।** करीब दो दशक लंबे करियर के बाद लेग स्पिनर पीयूष चावला ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। चावला ने आज सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपने संन्यास लेने के फैसले की जानकारी दी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा कि दो दशक से अधिक समय तक मैदान पर रहने के बाद अब समय आ गया है कि मैं इस खूबसूरत खेल को अलविदा कहूं। वह 2007 में टी-20 विश्वकप और 2011 एकदिवसीय विश्वकप की विजेता टीम का हिस्सा रहे। उन्होंने कहा कि यह उनके जीवन का आशीर्वाद है इसकी यादें हमेशा उनके दिल में बनी रहेंगी। उन्होंने कहा कि ऊपर वाले की कृपा से मैं इतने लंबे समय तक क्रिकेट खेल सका। यह सफर कभी बेहद चुनौतीपूर्ण रहा, तो कभी बेहद सुकून देने वाला, लेकिन इसके हर पल ने मुझे बहुत कुछ सिखाया और बहुत कुछ दिया। ये वो यादें हैं जो ताउम्र मेरे साथ रहेंगी। मुझे हमेशा से लगता रहा है कि हर चीज का एक सही समय होता है। और आज वही पल है, जब मुझे लगा कि अब निर्णय लेना चाहिए। पीयूष चावला ने भारत के लिए तीन टेस्ट, 25 एकदिवसीय और सात टी-20 मैच खेले।

## वर्ल्ड नंबर- 1 आर्यना सबालेंका पहली बार फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंची



### डिफेंडिंग चैंपियन स्वियातेक को हराकर किया बाहर, खिताबी मुकाबले में कोको गॉफ से भिड़ेंगी

**पेरिस, वार्ता।** वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने गुरुवार को खेले गए विमेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल मुकाबले में चार बार की चैंपियन इगा स्वियातेक को 7.6(1), 4.6, 6.0 हराया। सबालेंका पहली बार इस ग्रैंड स्लैम के खिताबी मुकाबले में पहुंची हैं। वहीं, उनका कुल छठा ग्रैंड स्लैम फाइनल है। फाइनल में सबालेंका का सामना वर्ल्ड नंबर-2 अमेरिकी खिलाड़ी कोको गाफ से होगा। ये दोनों खिलाड़ी पहली बार किसी विमेंस ग्रैंड स्लैम फाइनल में एक-दूसरे से भिड़ेंगी। गौफ ने बाइसन को हराया कोको गौफ ने फ्रेंच वाइल्ड कार्ड लोइस बाइसन को 6-1, 6-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। गौफ भी पहली बार फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंची हैं। 21 साल की अमेरिकी खिलाड़ी ै ओपन (2023) के बाद से दूसरा ग्रैंड स्लैम फाइनल खेलेंगी। सबालेंका ने क्वार्टर फाइनल में झेंग को हराया था सबालेंका ने मंगलवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पेरिस ओलिंपिक चैंपियन किनवेन झेंग को 7-6(3), 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंची थीं। चार बार की फ्रेंच ओपन विजेता इगा स्वियातेक ने यूक्रेन की एलीना को 6-1, 7-5 से हराया था। मेंस सिगल्स के सेमीफाइनल आज मेंस सिगल्स के सेमीफाइनल मुकाबले आज रात में खेले जाएंगे। पहले मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन कार्लोस अल्काराज का सामना इटली के लोरेंजो से होगा।

## वेई यी को हराकर नॉर्वे शतरंज के अंतिम दौर में डी गुकेश

### तेज आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए गुकेश ने जीतकर गेम में पूरे अंक लिए

**नॉर्वे, वार्ता।** नॉर्वे शतरंज 2025 के नौवें दौर के मुकाबले में विश्व चैंपियन गुकेश डी ने चीन के वेई यी को हराकर टूर्नामेंट के खिताबी दौर में जगह बना ली है। नॉर्वे शतरंज 2025 के नौवें दौर में भारत के गुकेश डी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए चीन के नंबर वन वेई यी को हराकर टूर्नामेंट के अंतिम दौर में प्रवेश कर लिया है।

गुकेश ने वेई यी की एक महत्वपूर्ण शुरुआती गलती का फायदा उठाकर बढ़त हासिल की। तेज आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए गुकेश डी ने मुकाबले को जीतकर गेम में पूरे अंक हासिल किये। गुकेश 14-5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं जबकि कार्लसन उनसे आधा अंक आगे है। वहीं एक अन्य मैच में दुनिया के नंबर वन मैग्नस कार्लसन और अमेरिका के फैबियानो कारुआना का मुकाबला हुआ। मुकाबले में एक समय ऐसा लगा




रहा था कि कार्लसन हार जायेंगे, लेकिन उन्होंने हराने की स्थिति से वापसी करते हुए कारुआना को हराकर पूरे अंक हासिल किये। हिकारू नाकामुरा और अर्जुन एरिगैसी के बीच का खेल बराबरी पर समाप्त हुआ। हिकारू नाकामुरा ने आर्मगेडन गेम में जीत हासिल की और महत्वपूर्ण अतिरिक्त अंक प्राप्त किये। अंतिम दौर में गुकेश का मुकाबला कारूआना से, जबकि कार्लसन का मुक. ाबला भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी से होगा।

## न्यूजीलैंड ने रॉब वाल्टर को टीम का मुख्य कोच किया नियुक्त

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने गुरुवार को रॉब वाल्टर को राष्ट्रीय पुरुष टीम के तीनों प्रारूपों के लिए मुख्य कोच नियुक्त किया है।

जून के मध्य से कार्यभार ग्रहण करने वाले वाल्टर को गैरी स्टीड के जाने के बाद यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। जुलाई में उनके साथ टीम जिम्बाब्वे दौरे पर जायेगी। उनका अनुबंध 2028 के आखिर में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप तक चलेगा। वाल्टर इस वर्ष अप्रैल तक दक्षिण अफीका की सफेद टीमों की देखरेख कर चुके हैं। उनके कार्यकाल में दक्षिण अफ्रीका ने 2024 में अपने पहले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया, जहां वे बारबाडोस में भारत से हार के बाद उपविजेता रहे। उन्होंने लगातार आठ मैचों की जीत दर्ज की।

# अन्तर्राज्यीय चेन स्नैचिंग गिरोह के दो शातिर दबोचे

## गंगनहर पुलिस ने तीन घटनाओं का किया खुलासा, चार सोने की चेन व एक बाइक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पुलिस टीम ने अन्तर्राज्यीय चौन लूट गिरोह के 02 शातिर सदस्य गिरफ्तार कर लूट की तीन घटनाओं का खुलासा किया है। इनके कब्जे से सोने की 04 चौन बरामद हुई है।



जानकारी के अनुसार पुलिस ने बताया है कि 20 मई को अज्ञात मोटर साईकिल सवार न्यू आदर्श नगर रुडकी निवासी महिला की सोने की चौन छिन कर भाग गए थे। वहीं 28 मई को अज्ञात मोटर साईकिल सवार ने पश्चिम अम्बर तालाब निवासी एक बुजुर्ग महिला की सोने की 02 चेन छिन ली और फरार हो गए। 3 मई को आवास विकास कोतवाली गंगनहर में एक महिला से चेन छीनकर फरार हो गए थे। इन तीनों मामलों में पीड़ित पक्ष द्वारा कोतवाली रुड़की व गंगनहर कोतवाली में दी गई शिकायत के आधार पर उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। गठित कोतवाली रुड़की व सीआयू रुड़की की संयुक्त पुलिस टीम के लगातार प्रयासों के बाद आरोपियों की तलाश में जुटी टीम ने 05 जून को सोनाली पुल के माजरा जाने वाले रास्ते से बाइक सवार 02 संदिग्ध को दबोचने में सफलता हासिल की। संदिग्धता के आधार पर की गई पूछताछ में पकड़े गए युवकों के रुड़की व गंगनहर क्षेत्र से हुई चेन स्नेचिंग के वारदातों में शामिल होने की पुष्टी हुई। तलाशी लेने पर शातिर चौन स्नैचरों के कब्जे से रुड़की चेन लूट प्रकरणों व गंगनहर चेन लूट प्रकरण से जुड़ी कुल 04 सोने की चेन बरामद हुई। पकड़े गए युवक इससे पहले भी मुजफ्फरनगर, देहरादून व रुडकी से चौन लूट आदि की वारदातों में पकड़े जाने पर जेल जा चूके हैं। पकड़े गए आरोपित गौतम पुत्र विक्रम चौधरी निवासी कृष्ण कुंज कालोनी निकट टेलीफोन एक्सचौज के पास ताहारपुर थाना कोतवाली देहात सहारनपुर उ0प्र0 उम्र 26 वर्ष व शुभम मिश्रा पुत्र स्व0 मुकेश मिश्रा निवासी हनुमान नगर बेहट रोड कोतवाली देहात सहारनपुर का चालान कर दिया गया है। पुलिस ने बताया है कि घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल स्पलेण्डर बरामद की गई है।

# चोरों ने मंदिर में दानपात्र पर किया हाथ साफ, अलमारी व बिजली के बोर्ड तोड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** देर रात चोरों ने गंगा माता मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला। चोरी से पूर्व आरोपियों ने सीसीटीवी कैमरों की वायर काटी और मंदिर में लगे बिजली के बोर्ड आदि भी तोड़ डाले। वहीं मंदिर समिति के द्वारा पुलिस को मामले में तहरीर दी गई है।

गंगा माता मंदिर सोलानी संगम में गुरुवार को गंगा दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। पूरे दिन भव्य आयोजन में नगर के प्रमुख लोग शामिल हुए थे। वहीं देर रात चोरों ने मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। मामले की जानकारी तब हुई जब सुबह समिति के लोग मंदिर पहुंचे। वहां का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। मंदिर का दानपात्र टूटा हुआ था तो वहीं अलमारी को तोड़ने का प्रयास किया गया था इतना ही नहीं सीसीटीवी कैमरे की वायर भी काट दी गई थी। वहीं मंदिर में लगे बिजली के बोर्ड भी तोड़ दिए गए। मंदिर के पास पुलिस के कैमरे में एक संदिग्ध कैद भी हुआ है। मामले में समिति की ओर से पुलिस को तहरीर दी जा रही है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मणिभूषण श्रीवास्तव का कहना है कि तहरीर आने पर उचित कारवाई की जाएगी।

# सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा बरकरार पेड़ों की जड़ निकालने में लगे वन माफिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** खानपुर क्षेत्र के अबदिपुर में अवैध कब्जा धारकों का कब्जा हटवाने अभी भी कोई नहीं पहुंचा है। माफियाओं का कब्जा बर्करार है। वे कटे हुए पेड़ों की जडे निकाल कर ठिकाने लगाने पर लगे हुए हैं।



जानकारी के अनुसार वन माफिया सूत्रों के द्वारा बताया गया की निवर्तमान एसडीम पुरण सिंह राणा के द्वारा अपनी देखरेख में सोनाली नदी एव वन विभाग की जमीन को तहसील स्टाफ एव पुलिस फोर्स बुलाकर कब्जा मुक्त करा दिया गया था जो बिलकुल खाली करा दी गई थी कुछ किसानों के द्वारा फिर दोबरा से उसी जमीन पर जो सोलानी नदी वन विभाग की जमीन है कब्जा कर लिया गया और उसमें कभी गेहुं की फसल अभी गन्ने की फसल फिर पैदा करने की लगातर कोशिश की जा रही है और कुछ किसानों ने तो अवैध तरीके से कब्जा करके उसमें फसल भी बो रखी है कुछ व्यक्तियों द्वारा संबंधित अधिकारियों से कब्जा हटवाने के लिए शिकायत की गई है उनकी शिकायत पर भी संबंधित अधिकारी आंख मुंदकर बैठे हुए हैं सूत्रों ने यह भी बताया कि वन माफिया चोरी से कटे हुए पेड़ों की जड़ निकालकर खुर्द बुद्ध करने पर लगे हुए हैं सूत्रों ने यह भी बताया कि इसमें ग्राम प्रधान व तहसील के कुछ कर्मचारी भी मिले हुए हैं।

# बीएसएम पीजी कॉलेज में नशीली दवाओं के दुरुपयोग पर सेमीनार आयोजित अवैध तस्करी के खिलाफ छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम (पीजी) कॉलेज में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर 1 जून से 26 जून 2025 तक आयोजित किए जाने वाले नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम के तहत एक सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय की चीफ प्राक्टर डॉक्टर रीमा सिन्हा ने मादक पदार्थों के सेवन से गंभीर सामाजिक,मनोवैज्ञानिक और शारीरिक समस्याओं से संबंधित विषय पर व्याख्यान दिया।



उन्होंने बताया की नशीली दवाओं का दुरुपयोग परिवारों और सामाजिक रिश्तों के लिए अनेक मुश्किलें पैदा कर देता है। राजनीति विज्ञान विभाग की डॉक्टर शिखा जैन ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि "नशा नहीं, अभी नहीं, कभी नहीं" के मूल मंत्र का अनुसरण करें। राजनीति विज्ञान विभाग की नोडल अधिकारी डॉक्टर अलका तोमर ने छात्र-छात्राओं को मोटिवेट करते हुए कहा कि नशीले पदार्थों से मुक्त भारत के निर्माण में आज के युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए । इसलिए युवा पीढ़ी आगे आए और अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को निभाकर अपने दायित्व को पूर्ण करें। डॉक्टर सुनीता कुमारी ने भी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा नशा मुक्ति हेतु अब तक किए जा रहे अभियानों की सरहाना की और आगे भी मजबूती के साथ समाज को प्रेरित करने की सलाह दी।

डॉ राजेश पालीवाल ने छात्र-छात्राओं को प्रेरणा दी और कहा कि वह पोस्टर मेकिंग, रैलियों और नुक्कड़ नाटक आदि के द्वारा नशा मुक्ति जगरुकता अभियान को गति प्रदान करें। कार्यक्रम में महा विद्यालय के डॉक्टर सुरजीत सिंह, डॉक्टर सीमा गुप्ता, डॉक्टर अर्चना त्यागी, डॉक्टर संदीप पोसवाल, डॉक्टर इंदु अरोड़ा आदि प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय की शाहगुल, निशांत, आरती सैनी गुलनार, सरफराज, अफसा, रजत अबरार, एलिजा, अक्सा, आरती, शिवानी, अंजली,तनुष्का, बुशरा आदि छात्र-छात्राओं का योगदान रहा।

# शांति व्यवस्था भंग करने पर दो व्यक्तियों को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा शांति व्यवस्था प्रभावित करने पर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने संदिग्ध व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा 6 जून 2025 को आपस में लड़ झगड़ का शांति प्रभावित करने वाले दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम मांगेराम पुत्र वेदपाल निवासी अकोढा खुर्द देवानंद पुत्र पलटूराम निवास अकोढा खुर्द कोतवाली लक्सर बताए। उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक दीपक चौधरी कांस्टेबल अरविंद चंदेल प्रकाश खनेडा शामिल रहे। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर न्यायालय मे पेश किया जा रहा है।

# भाजपा अपने नेताओं के दुष्चरित्र को कर रही है समर्थन : राजेंद्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा के नेताओं द्वारा लगातार महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार दुष्ट आचरण एवं बलात्कार, हत्या जैसी घटनाएं लगातार की जा रही हैं जिसे भाजपा सरकार एवं संगठन पूरा सहयोग कर रहा है जिससे यह साबित हो रहा है कि भाजपा की कथनी और करनी में बहुत ज्यादा फर्क है। भाजपा जहां महिलाओं को लेकर कतई गंभीर नहीं है। वही उसके जुमले में महिलाओं का जिक्र अवश्य है। उन्होंने कहा कि स्वामी चिन्मयानंद ,विधायक सेंगर ,जिला अध्यक्ष, संगठन के उच्च पदाधिकारी एवं एक वीआईपी को बचाने का पूरा प्रयास भाजपा ने किया है।

महिला कांग्रेस नेत्री यासमीन खान ने कहा कि यह बहुत ही निंदनीय एवं सोचनीय बात है कि भाजपा जो स्वयं को महिलाओं की हितेषी बता रही है। उसके ही नेता महिलाओं के खिलाफ अपराध में लिप्त पाए जाते हैं और भाजपा उन्हें बचाने का काम करती है। प्रेस वार्ता में विकास त्यागी ,प्रणय प्रताप श रिजवान अहमद, डॉ हरविंद्र सिंह वीना आनंद, सुधीर चौधरी ,नसीम अहमद, भूषण त्यागी,मास्टर रामकिशन धीमान, गुलफाम हसन ,उम्मीद गाजी , मकसूद हसन मदनपाल भड़ाना अजय राठौर सुशील कश्यपअजय चौधरी आदि मौजूद रहे।

# क्षेत्रवासियों के साथ नगर आयुक्त कार्यालय पहुंचे झबरेड़ा विधायक विकास कार्यों में रुकावट पर जताई चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** झबरेड़ा विधानसभा क्षेत्र में कालोनियों में विकास के प्रस्तावों पर कार्य न शुरू होने से नाराज विधायक वीरेंद्र जाति और क्षेत्रवासी नगर आयुक्त से मिले। उन्होंने कहा कि 2022,23 और 24 में उनके द्वारा करोड़ों रुपए के विकास कार्यों के प्रस्ताव नगर निगम को दिए गए जो कि बोर्ड बैठक में स्वीकृत भी हुए हैं लेकिन उन पर अब तक कार्य शुरू नहीं हुआ।



नगर निगम पहुंचे विधायक वीरेंद्र जाति नगर आयुक्त राकेश तिवारी से मिले। उन्होंने उनसे पूछा कि उनके द्वारा पिछली कई बोर्ड बैठकों अपने क्षेत्र संबंधी विकास कार्यों के प्रस्ताव दिए थे जो कि स्वीकृत भी हो गए लेकिन आज तक उनमें से किसी पर काम शुरू नहीं पाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जलभराव, टूटी सड़कों समेत अन्य समस्याओं से लोग परेशान है लेकिन नगर निगम उस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं है। विधायक ने बताया कि दिसंबर 2024 में उनके द्वारा जिलाधिकारी को पत्र सौंपकर मांग की गई थी कि क्षेत्र की सभी नालियों की जो कि अन्य विभागों के पास है उनका अधिकाग्रहण नगर निगम करे ताकि जलभराव संबंधी समस्या का समाधान हो सके। वहीं महानगर अध्यक्ष ने क्षेत्र की समस्याओं के समाधान की मांग की। क्षेत्रवासियों ने बताया कि पनियाला रोड पर दो वर्ष पहले बनी सड़क बदहाल स्थिति में आ गई है। इसके साथ ही अन्य समस्याओं से भी क्षेत्रवासियों ने अधिकारियों को अवगत करवाया। नगर आयुक्त ने जल्द समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी,महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष उदय जैन,प्रदेश महासचिव विकास त्यागी, हरविंदर सिंह,पार्षद प्रतिनिधि मुकेश कुमार,अमित सैनी, धर्मपाल,मेघराज सैनी,रिजवान आदि मौजूद रहे।

# बकाया अदा न करने पर शुगर मिल की चीनी होगी नीलाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** इकबालपुर शुगर मिल द्वारा बकाया भुगतान न किए जाने परशुगर मिल की चीनी नीलम की प्रक्रिया शुरू हो गई है लेकिन आज नीलामी में कोई भी भाग लेने वाला नहीं पहुंचा तो नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता ने नीलामी की अगली तारीख तय कर दी है।

जानकारी के अनुसार आज दिनांक को धनुश्री एग्रो प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड इकबालपुर शुगर मिल में बकाया धनु राशि 27 लाख 93 800 प्लस अन्य श्रम बकाया वसूली में 1824 चीनी के भरे हुए अर्थात 912 कुंतल चीनी जो की गोदाम के अंदर रखी है की नीलामी हेतु उपस्थित हुए जिसमें आज कोई भी बोली कंजं मौके पर उपस्थित नहीं हुआ। पूर्व में दो बार नीलामी की प्रक्रिया की जा चुकी है जो पूर्ण नहीं हुई थी। अबकी बार तीसरी नीलामी की प्रक्रिया हुई जो बोली दंता नहीं आने के कारण पूर्ण नहीं की जा सके। मौके पर संग्रह अमीन मिल प्रबंधन के अधिकारी शुक्ला आदि उपस्थित हुए। नीलामी की कार्रवाई बोली दाता में आने के कारण पूर्ण नहीं की जा सकी। आगे तिथि निश्चित की जाएगी जिसकी अलग से लिखित में सूचना जारी की जाएगी।

# विवाहिता ने पति व ससुर पर लगया मायके में आकर मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** एक महिला ने अपने पति ओर ससुर पर मायके आकर मारपीट करने का आरोप लगाया। पुलिस ने पति ससुर के खिलाफ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कलियर थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी साजिद निवासी बेलड़ा के साथ हुई थी। उसका पति उसके साथ आए दिन मारपीट करता हैं। ओर घर का खर्च भी नही देता हैं।वह अपनी मां के घर पर रह रही थी।बृहस्पतिवार को उसका पति ओर ससुर उसके मायके पिरान कलियर में आए ओर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। बीच बचाव करने आई उसकी मां के साथ भी मारपीट की ओर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कानूनी कारवाई की मांग की हैं।थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया महिला की तहरीर पर पति साजिद ससुर इकबाल निवासी बेलड़ा के खिलाफ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

# पुलिस ने अलग-अलग घटनाओं में छापेमारी करते हुए दो नशा तस्करों को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा अवैध नशा तस्करों के खिलाफ छापेमारी करते हुए एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है। पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम फूल सिंह पुत्र सूरजा सिंह निवासी वार्ड नंबर 2 सीमली थाना कोतवाली लक्सर बताया। वहीं संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक व्यक्ति को पुलिस में अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम विनीत पुत्र तेजपाल निवासी अकबरपुर ऊद थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताया। उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में सुल्तानपुर पुलिस चौकी प्रभारी वीरेंद्र सिंह नेगी कांस्टेबल अरविंद चौहान सतपाल राणा शामिल रहे पकड़े गए दोनों व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए दोनों व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## भड़काऊ पोस्ट डालने वाले वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस ने सोशल मीडिया (इंस्टाग्राम) पर धार्मिक भावना भड़काने वाले संदेश भेजने वाले युवक को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान किया। पिरान कलियर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर शांति व्यवस्था बनाए रखने, संदिग्ध व्यक्तियों व असामाजिक तत्वो पर नजर रखने के लिए निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में कलियर क्षेत्र में एक युवक की ओर सोशल मीडिया (इंस्टाग्राम) पर धार्मिक भावना भड़काने को लेकर संदेशों का प्रचार प्रसार किया गया था। जिससे हिंदू समाज के लोगों में काफी रोष व्याप्त था। आगामी त्योहार ईद उल अजहा में दोनों धर्मों के बीच सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की प्रबल संभावना थी। आरोपी मोनिस निवासी महमूदपुर कलियर को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान किया गया हैं।

## पुलिस ने रैन बसेरे व सराय में रुके जायरीनों का किया सत्यापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस ने अभियान चलाकर कलियर रैन बसेरा, बरेली सराय में ठहरे जायरीनों का सत्यापन किय।

एसओ रविंद्र कुमार ने बताया कि चारधाम यात्रा व आगामी कांवड मेला के मद्देनजर बाहरी लोगों के सत्यापन व आपराधिक घटनाओ की रोकथाम के लिए कलियर रैन बसेरा, बरेली सराय में ठहरे जायरीनों, बाहरी संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन किया।साथ ही तीन दिन से अधिक ठहरे जायरीनों को रैन बसेरा व बरेली सराय से जाने की हिदायत दी गई। इस सम्बंध में दरगाह प्रबंधक को अवगत कराया गया है।इस मौके पर एसओ रविन्द्र कुमार एसएसआई बी एस चौहान तरूण कुमार मौजूद रहें।

# युवक पर नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर भागने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र निवासी एक युवक ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी नाबालिग बहन को बहला फुसलाकर भागकर ले जाने का आरोप लगाया है।पुलिस ने अज्ञात में अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। पिरान कलियर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार की सुबह उसकी नाबालिग बहन बिना बताए घर से कहीं चली गई हैं।उन्होंने उसे आसपास में काफी तलाश किया लेकिन उसका कुछ पता नही चला हैं।पीड़ित ने एक युवक पर अपनी नाबालिग बहन को बहला फुसलाकर भागकर ले जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात में अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# निर्जला एकादशी पर रुड़की व लक्सर में मीठा शरबत बांटकर की जनसेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की/लक्सर।** भारत विकास परिषद अविरल गंगा शाखा रूड़की ने छबील लगाकर गन्ने का रस पिलाया अविरल गंगा शाखा रुड़की ने निर्जला एकादशी के अवसर पर नहर किनारा श्री विनेश्वर मंदिर, सिंचाई विभाग गायत्री मंदिर के सामने गन्ने के रस का छबील का आयोजन किया जिससे राहगीरों को गन्ने का रस पीने से गर्मी में कुछ राहत मिल सके।और देश में अन्य पेय पदार्थों की बजाय अपने देशी पेय पदार्थों को अपना सके।



जानकारी के अनुसार भारत विकास परिषद का समाज के लिए हमेशा सेवा का भाव रहा है।और स्वदेशी पेय पर जोर देते हुए यह छबील का आयोजन किया गया।इस छबील से लगभग 420 व्यक्तियों ने लाभ उठाया। शाखा सदस्यों ने स्थान पर सफाई का खास ध्यान रखा कि सभी नागरिक डिस्पोजल ग्लास को डस्टबिनो में ही डाले।कूड़ा सड़क पर नहीं फैले।शाखा कोषाध्यक्ष संजय कालरा एडवोकेट प्रीति,सुगंध जैन, नीरज मित्तल, अनुपमा, नीलम मधोक, सीमा, संगीता,डॉ प्रदीप, नीलमशर्मा,अरुणा,राधिका,वर्णित, श्रेया,मधुर, रेयांश,नवनीत गर्ग उपस्थित रहे।

**राज चेरिटेबल ट्रस्ट ने किया मीठे शरबत का वितरण,जल्द शुरू होगा पौधारोपण का अभियान...**राज चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा निर्जला एकादशी के उपलक्ष में गणेशपुर पर मीठे पानी की छबील लगाई गई। ट्रस्ट के अध्यक्ष करमदीप सिंह खोखर ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा अब पौधरोपण का कार्यक्रम दोबारा से शुरू किया जाएगा। जिसमें जहां भी खाली जगह शहर में या शहर से बाहर मिलती है वहां पौधारोपण होगा। अमित सहदेव ने बताया कि ट्रस्ट समय-समय पर विभिन्न तरह के सामाजिक कार्य करता रहता है लेकिन ट्रस्ट द्वारा जो यह वृक्षारोपण का बीड़ा उठाया गया है यह कार्य ही आने वाले समय की और फिलहाल की हमारी जरूरत है। कार्यक्रम में अजय वर्मा ,मोहन सिंह रावत, मनजीत सिंह खोखर, विकास वालिया ( विकी )जसमीत सिंह, वैभव खोखर ,अश्वनी ठकराल ,मोहम्मद मुकर्रम, मोहम्मद अकरम, मोहम्मद असलम शाहिद बहुत से गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**निर्जला एकादशी पर खाटू श्याम मंदिर में भक्तों का तांता. ...लक्सर** नगर पालिका परिषद के शिव चौक स्थित खाटू श्याम मंदिर में आज निर्जला एकादशी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। भक्तों ने बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और प्रसाद वितरण कर पुण्य कमाया।खाटू श्याम मंदिर के भक्तों ने बताया कि निर्जला एकादशी वर्ष में एक बार आती है और इसका धार्मिक महत्व बहुत अधिक है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि उनके नगर पालिका क्षेत्र लक्सर में खाटू श्याम मंदिर बन गया है, जिसे वे अपना सौभाग्य मानते हैं। भक्तों ने सभी से आग्रह किया कि निर्जला एकादशी के दिन खाटू श्याम मंदिर में आकर पूजा-अर्चना करें और बुरे कर्मों से दूर रहें।मंदिर के मुख्य पुजारी ने बताया कि निर्जला एकादशी का यह पावन पर्व साल में एक बार आता है। इस दिन भक्त अपनी मनोकामनाएं पूरी करने के लिए पूजा-अर्चना करते हैं और भगवान खाटू श्याम उन्हें आशीर्वाद के रूप में प्रदान करते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह त्योहार 6 जून या 7 जून को भी हो सकता है और 7 जून 2025 को पूजा अर्चना करने पर कोई पाबंदी नहीं है।आज खाटू श्याम मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें देखी गई, जो भगवान के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा को दर्शाती हैं।

शाह टाइम्स
सम्पादकीय
शनिवार, 7 जून 2025

# बारूद के ढेर पर दुनिया

निसंदेह इस समय दुनिया बारूद के ढेर पर बैठी है। रूस-यूक्रेन युद्ध को तीन वर्ष से अधिक हो गए हैं, तो वहीं इजरायल और हमास संघर्ष भी अब दूसरे वर्ष की ओर बढ़ रहा है। लाखों लोग इससे बुरी तरह प्रभावित हो चुके हैं। युद्ध को रोकने की तमाम कोशिशें नाकाम होती दिखाई दे रही हैं। सच्चाई यही है कि युद्ध को रोकने लिए कोई गंभीर प्रयास होते दिखाई नहीं दे रहे हैं। बड़ी ताकतें युद्ध को रोकने के लिए कितनी गंभीर हैं, यह बुधवार को हुए सुरक्षा परिषद में इजरायल-हमास के बीच संघर्ष विराम को लेकर लाए गए प्रस्ताव को लेकर अमेरिका के वीटो से पता चल जाता है। इस प्रस्ताव का 14 सदस्यों ने समर्थन किया था। एक अमेरिकी ही था जिसने इस प्रस्ताव का न सिर्फ विरोध किया बल्कि अपनी वीटो पावर का इस्तेमाल किया। इस प्रस्ताव को दस गैर स्थायी सदस्यों ने पेश किया था जिसमें पाक भी शामिल है और जो अमेरिका ने कारण बताया वह भी हास्यास्पद ही कहा जाएगा। संयुक्त राष्ट्र में कार्यवाहक अमेरिकी राजदूत डोरोथी शिया ने इस पूरी प्रक्रिया पर कहा कि हम ऐसे किसी भी उपाय का समर्थन नहीं करेंगे जो हमास की निंदा करने में विफल हो। उन्होंने यह भी कहा कि यह प्रस्ताव जमीनी हकीकत को दर्शाने वाले युद्ध विराम तक पहुंचने के कूटनीतिक प्रस्ताव को कमजोर करेगा और हमास को बढ़ावा देगा। इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अपने ट्विटर अकाउंट पर अमेरिका और डोनाल्ड ट्रम्प का शुक्रिया अदा किया और कहा कि दुनिया को दिखा दिया गया कि अमेरिका व इजरायल के बीच में कोई फर्क नहीं है और यह हमास के आतंकवादियों को नष्ट करने का एकमात्र तरीका है। जाहिर है जब बड़ी ताकतों का यह रवैया रहेगा, तो फिर युद्ध किस तरह रुकेंगे और जो लोगों के जानमाल की तबाही हो रही है उस पर कोई रोक नहीं लगेगी। इन दोनों युद्ध ने यह भी बता दिया है कि दुनिया की बड़ी ताकतों को किसी की तबाही व मरने-जीने से कोई फर्क नहीं पड़ता। वह हर हाल में युद्ध को हवा देना चाहते हैं, जिससे हथियारों का कारोबार फल-फूल सके। मतलब वह आपदा में पूरा अवसर देख रहे हैं और हथियार लॉबी मोटा मुनाफा कमा रही है। कोई भी समझ सकता है कि ऐसे में अगर भारत पाक के बीच छोटे स्तर पर सैन्य संघर्ष अगर बड़ा रूप ले लेता तो स्थिति कितनी भयावह हो सकती थी। इस संघर्ष में भारत ने जहां पाक को पूरी तरह सबक सिखाया, वहीं युद्ध को फैलने से भी रोका। जैसाकि कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा भी कि भारत युद्ध नहीं चाहता, लेकिन वह आतंकवाद को भी नहीं सहेगा। भारत ने दोनों काम किए। पाक को उसकी औकात बताई और अपनी कूटनीति के जरिये युद्ध को व्यापक स्तर पर फैलने भी नहीं दिया, लेकिन अभी कुछ नहीं कहा जा सकता, क्योंकि यह सबकुछ पाक पर निर्भर है। भारत ने साफ कर दिया है कि ऑपरेशन सिंदूर अस्थाई रूप से रोका गया, यदि पाक किसी तरह की हिमाकत करता है तो भारत फिर से कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है।

## मोदी जी को सरेंडर करने की आदत है



एक तरफ गांधी की सोच है, तो दूसरी तरफ सावरकर और गोडसे की सोच, ये लड़ाई आज की नहीं, हजारों साल पुरानी है, संविधान में जो बातें लिखी गई हैं, वह बुद्ध के विचारों से निकली हैं,यही सोच है, जिसे आरएसएस खत्म करना चाहता है, इसलिए डरने की जरूरत नहीं है, हमें मिलकर संविधान और सच्चाई की रक्षा करनी है और बिहारियों के बिना संविधान को बचाया नहीं जा सकता, मोदी जी को सरेंडर करने की आदत है, मैं आरएसएस से लड़ता हूं और यह बात गहराई से कह रहा हूं कि जैसे ही थोड़ा दबाव पड़ता है, ये लोग तुरंत चिट्ठी लिखने लगते हैं ट्रम्प ने 11 बार कहा कि उन्होंने मोदी जी से सरेंडर करवा लिया, मोदी जी इसका खंडन भी नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि वो सच्चाई है।

**-राहुल गांधी**
**नेता प्रतिपक्ष, लोकसभा**

# खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की चुनौती






**योगेश कुमार गोयल**

खाद्य सुरक्षा को एक मानवाधिकार माना गया है, जिसके तहत सभी को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन का उपभोग करने का अधिकार है। इसी के साथ खाद्य जनित बीमारियों के बोझ को कम करके खाद्य सुरक्षा के लिए वैश्विक प्रयासों को मजबूत करना भी अनिवार्य माना गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दूषित खानपान के कारण 200 से अधिक बीमारियां होती हैं और दुनियाभर में प्रतिवर्ष 10 में से 1 व्यक्ति दूषित भोजन के कारण बीमार पड़ता है।प्रतिवर्ष वायरस, बैक्टीरिया, परजीवी अथवा रासायनिक पदार्थों से दूषित भोजन खाने से करोड़ों लोग बीमार पड़ते हैं और लाखों लोग विभिन्न खाद्य जनित बीमारियों के शिकार होकर मर जाते हैं। अस्वास्थ्यकर भोजन के सेवन के कारण गरीबी से ग्रस्त तबके में बीमारियां होने का खतरा ज्यादा होता है। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा खाद्य सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और खाद्य जनित बीमारियों को रोकने के लिए कार्रवाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस की स्थापना की गई। डब्ल्यूएचओ के अनुसार यह दिन सभी के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में आने वाली चुनौतियों पर विचार करने का अवसर प्रदान करता है, जिसमें सुरक्षित भोजन तक पहुंच की कमी, गरीबी और संघर्ष शामिल हैं। इस दिवस की स्थापना का उद्देश्य मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए खाद्य सुरक्षा की आवश्यकता को उजागर करना था। यह वैश्विक दिवस यह सुनिश्चित करने के प्रयासों को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है कि मनुष्यों द्वारा खाया जाने वाला भोजन सुरक्षित है। लोगों के लिए यह जानना भी बहुत महत्वपूर्ण है कि कौनसे खाद्य पदार्थ सुरक्षित हैं और हमारे स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं क्योंकि हमारा भोजन ही सुरक्षित नहीं होगा तो हमारा स्वास्थ्य कैसे अच्छा रहेगा? संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसम्बर 2018 को 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस घोषित करने और सुरक्षित भोजन के बहुत सारे लाभों पर प्रकाश डालने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। उसके बाद संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की दो एजेंसियों खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से प्रतिवर्ष 7 जून को खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाने लगा। 7 जून 2019 पहला खाद्य सुरक्षा दिवस खाद्य सुरक्षा, सभी का व्यवसाय विषय के साथ मनाया गया था। 3 अगस्त 2020 को विश्व स्वास्थ्य सभा ने खाद्य सुरक्षा मुद्दों और दुनिया में आवश्यक कार्रवाइयों के बारे में एक प्रस्ताव पारित किया और हर साल 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस घोषित कर दिया गया। प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ मनाए जाने वाले इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य वैश्विक, राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय स्तर पर खाद्य जनित बीमारियों को रोकना तथा खाद्य सुरक्षा के लिए वैश्विक प्रयासों को मजबूत करना है। 2021 में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस स्वस्थ कल के लिए आज सुरक्षित भोजन विषय के साथ, 2022 में सुरक्षित भोजन, बेहतर स्वास्थ्य, 2023 में खाद्य मानक जीवन बचाते हैं और 2024 में खाद्य सुरक्षा-अप्रत्याशित के लिए तैयार रहें विषय के साथ मनाया गया था। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 2025 का विषय है खाद्य सुरक्षारू क्रियाशील विज्ञान। यह विषय सुरक्षित भोजन सुनिश्चित करने में वैज्ञानिक ज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे वैज्ञानिक साक्ष्य खाद्य सुरक्षा में प्रगति को आगे बढ़ाते हैं, विशेषज्ञ सलाह से लेकर निगरानी और वैश्विक सहयोग तक। यह विषय वैज्ञानिक ज्ञान को व्यवहार में लाने के महत्व को भी रेखांकित करते हुए इस बात पर जोर देता है कि भोजन तभी सुरक्षित हो सकता है, जब मार्गदर्शन और सलाह को अमल में लाया जाए। असुरक्षित भोजन कई निम्न और मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं के विकास को भी बाधित करता है, जिससे श्रमिकों की विकलांगता, बीमारी और असामयिक मृत्यु के कारण उत्पादकता में करीब 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर की हानि होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक खाद्य सुरक्षा को जलवायु संकट भी प्रभावित करता है और बढ़ता तापमान सुरक्षित खाद्य उत्पादन के लिए बड़ा खतरा बन रहा है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि खाद्य सुरक्षा घटनाओं का प्रबंधन करने के लिए तैयार रहने के लिए नीति निर्माताओं, खाद्य सुरक्षा अधिकारियों, किसानों और खाद्य व्यवसाय संचालकों के समर्पित प्रयासों की आवश्यकता है और उपभोक्ता भी इसमें सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। खाद्य सुरक्षा का अर्थ है खाद्य पदार्थों में सुरक्षित, स्वीकार्य स्तर के खतरों का अभाव, जो उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि खाद्य सुरक्षा हमारे समग्र स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के लिए सबसे महत्वपूर्ण है तथा सुरक्षित भोजन का सेवन अच्छे स्वास्थ्य की सबसे महत्वपूर्ण गारंटी है। हमारे शरीर को सेहतमंद बनाए रखने में खानपान का रोल सबसे अहम होता है लेकिन लोगों की खानपान की बदलती आदतों और जरूरतों को देखते हुए अब बहुत सारी चीजों को बनाने और उगाने का तरीका भी बदल चुका है, जिनमें अब तरह-तरह के रसायन भी मिलाए जा रहे हैं। ऐसे में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाने का उद्देश्य प्रत्एक व्यक्ति को पौष्टिक और संतुलित भोजन प्रदान करना है, साथ ही खानपान से होने वाले खतरों को रोकना, मिलावटी चीजों का पता लगाना और इनके बारे में लोगों को जागरूक कर उन्हें सेहत के प्रति जागरूक बनाना है। असुरक्षित खाद्य पदार्थ विभिन्न बीमारियों का कारण बनते हैं और अन्य खराब स्वास्थ्य स्थितियों में योगदान करते हैं, जिसमें बिगड़ा हुआ विकास, सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी, संक्रामक अथवा गैर-संक्रामक रोग और मानसिक बीमारियां शामिल हैं। वैसे खाद्य जनित खतरे रासायनिक अथवा भौतिक प्रकृति के हो सकते हैं और प्राय: साधारण आंखों से दिखाई नहीं देते। दरअसल हमारे भोजन को उगाने, संसाधित करने, संग्रहीत करने, वितरित करने और तैयार करने के लिए कई लोग मिलकर काम करते हैं और इस प्रक्रिया में कई ऐसे चरण होते हैं, जहां हमारा भोजन असुरक्षित हो सकता है। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस की शुरुआत का उद्देश्य यही रहा कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारा भोजन खाने के लिए सुरक्षित है। इसीलिए जब खेत में भोजन उगाया जाता है, तब से लेकर जब तक यह हमारी थाली तक पहुंचता है, हमें पूरी तरह सावधान रहने की जरूरत है, क्योंकि दूषित भोजन के सेवन से खाद्य जनित बीमारियां होने की संभावना बहुत बढ़ जाती हैं, लेकिन चूंकि भोजन को हम तक पहुंचाने में कई लोग शामिल होते हैं, इसलिए इसे सुरक्षित रखना हमेशा इतना आसान नहीं होता। इसीलिए डब्ल्यूएचओ, एफएओ और खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) जैसे संगठन हमारे भोजन को सुरक्षित रखने के लिए कुछ नियम बनाते हैं। बहरहाल, विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस न केवल अच्छे और स्वच्छ भोजन की आदतों की वकालत करता है बल्कि उपभोक्ताओं को खाद्य सुरक्षा के बारे में शिक्षित करने और उन्हें खाद्य जनित बीमारियों को रोकने के लिए सावधानी बरतने के लिए प्रोत्साहित करने का भी अवसर प्रदान करता है। यह दिवस हमें भोजन को हम तक पहुंचाने में इस्तेमाल किए जाने वाले सुरक्षा उपायों पर अतिरिक्त ध्यान देने के लिए प्रेरित करता है, जिसका अर्थ है सभी के लिए बेहतर और स्वस्थ भोजन। दुनियाभर में जितने ज्यादा से ज्यादा लोग खाद्य सुरक्षा के बारे में जागरूक होंगे, तभी हम अपने भोजन को सुरक्षित रखने के लिए बेहतर कदम उठा सकेंगे और खराब खाने से पनपने वाले खतरे को पहचान और समझ सकेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मिसाइल डिफेंस रडार से बंद होंगी पाक की गीदड़ भभकियां

**ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने अपने स्वदेशी रूप से विकसित हथियारों और तकनीक की ताकत का प्रदर्शन किया। इस ऑपरेशन में भारत ने दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन हमलों को सफलतापूर्वक विफल करने के लिए अपने स्वयं के मिसाइल सिस्टम, रडार और एंटी-ड्रोन हथियारों का इस्तेमाल किया। याद दिला दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत अब पाकिस्तान की परमाणु हमले की धमकियों या ब्लैकमेल को महत्व नहीं देगा।**



**अक्षत श्रोत्री**

भारत की रक्षा क्षमताओं को बढ़ावा देने वाले एक बड़े विकास में, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन DRDO ने एक ऐसी तकनीक विकसित की है जो दुश्मन की परमाणु मिसाइलों को हवा में ही नष्ट कर सकती है। रिपोर्टों के अनुसार, भारत ने स्वदेशी बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस BMD प्रणाली विकसित की है। ऐसे में ना सिर्फ पाकिस्तान की बलैकमेलिंग बंद होगी बल्कि भारत दुनिया में विश्व गुरु बनने की और अग्रसर होगा। यह नई तकनीक मिसाइलों को जमीन पर पहुंचने से पहले ही बेअसर कर देगी, चाहे वे बाहर हों या वायुमंडल के भीतर। अगर किसी परमाणु मिसाइल को समय रहते रोक दिया जाए, तो इससे विकिरण या परमाणु विस्फोट का खतरा खत्म हो जाता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने अपने स्वदेशी रूप से विकसित हथियारों और तकनीक की ताकत का प्रदर्शन किया। इस ऑपरेशन में भारत ने दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन हमलों को सफलतापूर्वक विफल करने के लिए अपने स्वयं के मिसाइल सिस्टम, रडार और एंटी-ड्रोन हथियारों का इस्तेमाल किया। याद दिला दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत अब पाकिस्तान की परमाणु हमले की धमकियों या ब्लैकमेल को महत्व नहीं देगा। बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम एक बहुस्तरीय रक्षा तंत्र है जिसमें दो मुख्य घटक होते हैं। पहला स्तर पृथ्वी एयर डिफेंस PAD है। यह मिसाइल 50-80 किलोमीटर की ऊंचाई पर दुश्मन की मिसाइलों को नष्ट कर सकती है। दूसरा उन्नत वायु रक्षा AAD है। यह मिसाइल 30 किलोमीटर की ऊंचाई पर दुश्मन की मिसाइलों को रोककर नष्ट कर सकती है। उन्नत रक्षा क्षमता: बीएमडी प्रणाली भारत की रक्षा स्थिति को महत्वपूर्ण रूप से मजबूत करती है। निवारण- यह दुश्मन को हमला करने से पहले दो बार सोचने पर मजबूर करता है। राष्ट्रीय सुरक्षा- बीएमडी प्रणाली देश की सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता को बढ़ाती है। लक्ष्य का पता लगाना- रडार और अन्य सेंसर दुश्मन की आने वाली मिसाइलों का पता लगाते हैं। लक्ष्य ट्रैकिंग और जानकारी- मिशन कंट्रोल सेंटर लक्ष्य की जानकारी प्राप्त करता है और इंटरसेप्टर मिसाइल लॉन्च करने के लिए तैयार होता है। इंटरसेप्टर मिसाइल लॉन्च-इंटरसेप्टर मिसाइल को लक्ष्य की ओर लॉन्च किया जाता है। लक्ष्य विनाश- इंटरसेप्टर मिसाइल आने वाले खतरे को बेअसर कर देती है। देश की बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस BMD प्रणाली के तहत स्वदेशी रूप से विकसित इंटरसेप्टर मिसाइल AD-1, 3,000 से 5,000 किलोमीटर की रेंज वाली दुश्मन की मिसाइलों को उनके टर्मिनल चरण (अंतिम चरण) में भी नष्ट करने में सक्षम है। इसका स्पष्ट अर्थ यह है कि यदि कोई बैलिस्टिक मिसाइल भारत की ओर बढ़ रही है, तो AD-1 उसे वायुमंडल में ही बेअसर कर सकता है -इससे पहले कि वह जमीन को छू सके।



(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# राजनीति को नई दिशा देते विपक्षी दलों के नए चेहरे



**ललित गर्ग**

सिंदूर ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान दुनिया से सहानुभूति बंटोरने के लिए जहां विश्व समुदाय में अनेक भ्रम, भ्रांतिया एवं भारत की छवि को छिछालेदार करने में जुटा है, वहीं भारत का डर दिखा-दिखा कर ही पाक अनेक देशों से आर्थिक मदद मांग रहा है। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र सरकार ने जिस तरह से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है और इन दलों में विपक्षी दलों के सांसद एवं नेताओं ने भारत का पक्ष बिना आग्रह, दुराग्रह एवं पूर्वाग्रह के दुनिया के सामने रखा, उसकी जितनी सराहना की जाए, कम है। इन विपक्षी नेताओं ने विदेश में भारतीय राष्ट्रवाद को सशक्त एवं प्रभावी तरीकों से व्यक्त किया। देश ने इन नेताओं को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते और एक लय में आगे बढ़ते देखा, जबकि संसद में वे केवल आपस में लड़ते दिखलाई देते थे। यह सराहनीय पहल भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि बनी है, जो भारत की भविष्य की राजनीति के भी नए संकेत दे रही है, क्योंकि इसने भारत में एक नए एवं सकारात्मक राजनीतिक नेतृत्व को उभरता हुआ दिखाया है। यूं तो सात दलों के सभी सदस्यों ने भरपूर तरीके से शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत का पक्ष रखकर दुनिया को भारत के पक्ष में करने की सार्थक पहल की है, लेकिन कांग्रेस के शशि थरूर एवं एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी एक नए किरदार में नजर आए हैं। थरूर को लेकर कांग्रेस पार्टी में प्रारंभ से ही विरोध एवं विरोधाभास की स्थितियां बनी हुई। विदेशों में सटीक एवं प्रभावी भारतीय पक्ष रखने के कारण शशि थरुर जहां असंख्य भारतीयों की वाह-वाही लूट रहे हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी में उनका भारी विरोध हो रहा है। चर्चा एवं विवादों में चल



रहे शशि थरूर केरल के तिरुवंतपुरम से चार बार के कांग्रेस के सांसद हैं। वे एक ऐसे कूटनीतिज्ञ राजनेता हैं, जो अपने राजनीतिक कौशल का प्रदर्शन करना जानते हैं। वे एक ऐसे स्वतंत्र सोच एवं साहसी निर्णय लेने वाले नेता भी हैं जो अपनी पार्टी के रुख से अलग भी स्टैंड लेते रहे हैं, लेकिन ताजा सन्दर्भों में वे कांग्रेस के लिए अब असहज सच्चाई बन गए हैं, क्योंकि थरूर ने वह सब कुछ किया है जिसकी पार्टी में इजाजत नहीं है। प्रतिनिधि मण्डल में थरूर के नाम पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई थी, क्योंकि कांग्रेस ने केंद्र को थरूर का नाम नहीं दिया था। थरूर ने कहा था-मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जब भी राष्ट्रीय हित की बात होगी और मेरी सेवाओं की जरूरत होगी, तो मैं पीछे नहीं रहूंगा। थरूर ने कांग्रेस छोड़ने की अटकलों के सवाल पर कहा-जब आप देश की सेवा कर रहे हों, तब ऐसी चीजों की ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए। हमारे राजनीतिक मतभेद भारत के बॉर्डर के बाहर जाते ही खत्म हो जाते हैं। सीमा पार करते ही हम पहले भारतीय होते हैं। थरूर इन दिनों अमेरिकी सहित कई देशों के दौरे पर हैं, जहां वे ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बने मल्टी पार्टी डेलीगेशन को सुपर लीड कर रहे हैं। सरकार के समर्थन में बोलने पर कांग्रेस के अनेक नेता थरुर की खिंचाई करने में जुटे हैं। उन्हीं में एक नेता उदित राज ने थरूर को भाजपा का सुपर प्रवक्ता तक बता दिया है। जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी और सत्तारूढ़ भाजपा पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान युद्धविराम को लेकर लगातार हमलावर हैं। 4 जून 2025 को राहुल गांधी ने तब हद ही कर दी जब उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में आत्मसमर्पण कर दिया। इतना ही नहीं यह सब कहने का अंदाज भी उनका इतना खराब था कि जैसे कोई दुश्मन देश का बंदा बोल रहा हो। राहुल गांधी ने यह भी कहा था कि, मैं भाजपा और आरएसएस वालों को अच्छे से जान गया हूं, इनको थोड़ा सा दबाओ तो डर कर भाग जाते हैं। राहुल ने आगे कहा, उधर से ट्रंप ने फोन किया और इशारा किया कि मोदीजी क्या कर रहे हो? नरेंदर, सरेंडर और 'जी हुजूर' करके मोदीजी ने ट्रंप के इशारे का पालन किया। राहुल गांधी के इस भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान का थरुर ने जोरदार तरीके से जबाव दिया एवं कांग्रेस पार्टी को ही घेरा। राष्ट्रपति ट्रम्प की भारत-पाक के बीच मध्यस्थता के बयान पर थरूर बोले- मैं यहां किसी विवाद को हवा देने नहीं आया हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति का सम्मान है। हमें नहीं पता उन्होंने पाकिस्तान से क्या कहा, पर हमें किसी की सलाह की जरूरत नहीं थी। आग्रह-दुराग्रह से ग्रसित होकर कांग्रेस के नेता एक-दूसरे को नीचा दिखाने की ही बातें कर रहे हैं, इन कांग्रेसी नेताओं में दायित्व की गरिमा और गंभीरता समाप्त हो गई है। राष्ट्रीय समस्याएं और विकास के लिए खुले दिमाग से सोच की परम्परा उनमें बन ही नहीं रही है। जब मानसिकता दुराग्रहित है तो दुष्प्रचार ही होता है। कोई आदर्श संदेश राष्ट्र को नहीं दिया जा सकता। राष्ट्र-विरोधी राजनीति एवं सत्ता-लोलुपता की नकारात्मक राजनीति हमें सदैव ही उल्ट धारणा (विपथगामी) की ओर ले जाती है। ऐसी राजनीति राष्ट्र के मुद्दों को विकृत कर उन्हें अतिवादी दुराग्रहों में परिवर्तित कर देती है। राहुल गांधी एवं कांग्रेस ने राष्ट्रीय संकट में भी यही सब करके आम जनता से अधिक दूरियां बना ली है। शशि थरुर ने तो बड़ी लकीरें खींच दी, कांग्रेस कब ऐसी लकीरें खिंचने की पात्रता विकसित करेंगी? हर राजनीतिक दल को कई बार अग्नि स्नान करता पड़ता है, पर आज कांग्रेस तो कीचड़ स्नान कर रहा है। जहां तक कांग्रेस नेताओं का सवाल है, एक और निहित संदेश सामने आया कि सिर्फ गांधी परिवार ही कांग्रेस का नेतृत्व नहीं कर सकता जबकि भारत की सबसे पुरानी पार्टी में अभी भी प्रतिभाओं का खजाना है, उसके पास अनुभवी नेता हैं, जो जटिल मुद्दों को समझने और नेतृत्व देने में सक्षम हैं। बड़ी लकीरें तो प्रतिनिधिमण्डल में गए अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भी खींची है। जिनमें एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने विश्व की राजधानियों में भारत की स्थिति और मौजूद विकास को भी रेखांकित किया है। ओवैसी- जो भारत के अल्पसंख्यकों को प्रभावित करने वाले मुद्दों को उठाने के लिए जाने जाते हैं- उन्होंने पाकिस्तान को कड़ी भाषा में आड़े हाथों लिया। यहां तक कि उन्होंने पाकिस्तान द्वारा जारी की गई फर्जी तस्वीरों का जिक्र करते हुए कहा कि नकल के लिए भी अकल चाहिए! ओवैसी की राष्ट्रवादी सोच तो समय-समय पर सामने आती रही है। इस तरह मुस्लिम नेतृत्व अगर उदारता दिखाता तो देश के करोड़ों मुसलमानों के प्रति एक विश्वास और भाईचारे की भावना बढ़ती है। ओवैसी ने तो सबकी निगाहें अपनी ओर खींच ली थीं। इसी तरह डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने अपनी तल्ख और चतुराई भरे अंदाज से भारतीयों एवं दुनिया का दिल जीत लिया है। सांसद कनिमोझी ने स्पेन में अपने हिस्से का पक्ष रखते हुए भारत की राष्ट्रीय भाषा एकता और विविधता का जिक्र कर ऐसी बात कही है जिसके बाद वो जमकर वाहवाही लूट रही हैं। कनिमोझी ने इसके साथ ही कहा कि हहमारे अपने मुद्दे हो सकते हैं, अलग-अलग विचारधाराएं हो सकती हैं, संसद में हमारे बीच तीखी बहस हो सकती है, लेकिन जब भारत की बात आती है, तो हम एक साथ खड़े होते हैं, यही संदेश हम लेकर आए हैं। उनकी ये बातें इसलिए भी खास हैं क्योंकि जहां एक ओर उनकी पार्टी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रस्तावित त्रि-भाषा नीति को चुनौती देते हुए गैर-हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपने की बात कर रही है। वहां कनिमोझी एकता और विविधता को राष्ट्रीय भाषा बताते हुए अपना पक्ष रख रही हैं। डीएमके सांसद का ए अंदाज सुर्खियों का विषय बना है और लोग जमकर इसकी तारीफ कर रहे हैं। इसी तरह शिवसेना यूबीटी की प्रियंका चतुर्वेदी ने भारत को न केवल बुद्ध और गांधी, बल्कि कृष्ण की भूमि भी बताया, जिन्होंने पांडवों से आग्रह किया था कि धर्म की रक्षा के लिए आवश्यक हो तो युद्ध करने से न हिचकिचाएं। अब यह देखना बाकी है कि क्या सरकार ऐसे और कूटनीतिक प्रयासों में विपक्षी नेताओं का इस्तेमाल करना जारी रखेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# परमाणु हमला अब नामुमकिन, भारत की मिसाइल ढाल तैयार

**नई दिल्ली।** भारत की रक्षा ताकत अब और भी मजबूत हो गई है। डीआरडीओने अब ऐसी तकनीक बनाई है, जिससे दुश्मन की न्यूक्लियर मिसाइलों को हवा में ही नष्ट किया जा सकता है।

डिफेंस सूत्रों के मुताबिक भारत ने स्वदेशी बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (बीएमडी) प्रणाली तैयार की है। यह तकनीक मिसाइलों को धरती तक पहुंचने से पहले ही खत्म कर सकती है चाहे वो वायुमंडल के बाहर हों या अंदर। अगर न्यूक्लियर मिसाइल को पहले ही मार गिराया

**दुश्मन के मंसूबों को नाकाम करेगा बीएमडी सिस्टम, स्वदेशी तकनीक का कमाल**

जाए तो उससे रेडिएशन या परमाणु धमाके का खतरा नहीं रहता। हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने अपने बनाए हथियारों और तकनीक की ताकत दिखाई। इस ऑपरेशन में भारत ने अपने ही बनाए मिसाइल सिस्टम, रडार, और ड्रोन-विरोधी हथियारों का इस्तेमाल किया और दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन अटैक को विफल कर दिया।

भारत कई मौकों पर कह चुका है कि वह अब पाकिस्तान के परमाणु हमले की धमकी के ब्लैकमेल को तवज्जो नहीं देगा क्योंकि डीआरडीओने इस तरह के हमलों से निपटने की व्यवस्था कर दी है।





